*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

18 अप्रैल, 2024
चैत्र, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 178

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही







# अयोध्या के भव्य राम मंदिर में हुआ रामलला का सूर्य तिलक

- अद्भुत क्षण के साक्षी बने करोड़ों रामभक्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अयोध्या।** 500 वर्षों तक चले संघर्ष के बाद निर्मित भव्य महल में मना रामलला का पहला जन्मोत्सव अद्भुत, अकल्पनीय और अविस्मरणीय रहा। रत्न जड़ित पीतांबरी यानी पीला वस्त्र एवं सोने का मुकुट धारण कर रामलला ने भक्तों को दर्शन दिये। अध्यात्म और विज्ञान का अद्भुत संगम भी उस समय नजर आया, जब सूर्य की किरणों ने पांच मिनट तक सूर्यवंश के सूर्य का 'सूर्य तिलक' किया। इस अद्भुत क्षण को हर कोई अपनी आंखों में बसाने को लालायित नजर आया। वहीं, कार्यक्रम का प्रसारण न्यूज चैनलों के माध्यम से किया गया, जिससे घर बैठे करोड़ों लोग इस अद्भुत क्षण के साक्षी बने।

भजन-कीर्तन, स्तुति-वंदना के बीच सबकी निगाहें घड़ी की सुइयों पर थीं। जैसे-जैसे घड़ी की सुइयां 12 की ओर बढ़ रही थीं, आतुरता भी बढ़ती रही। बालक राम सहित उत्सव मूर्ति की मनमोहक छवि के दर्शन कर भक्त मंत्रमुग्ध होते रहे। ...नवमी तिथि मधुमास पुनीता, सुकुलपछ अभिजित हरिप्रीता। मध्य दिवस अति सीत न धामा, पावन काल लोक विश्रामा। स्तुति तक पहुंचते-पहुंचते 12 बज चुके थे।



### पांच चरणों में हुआ सूर्य तिलक

- मंदिर पर लगे दर्पण पर सूर्य की किरणें गिरीं। यहां से परावर्तित होकर पीतल की पाइप में पहुंचीं।
- पाइप में एक और दर्पण लगाया गया था। इससे किरणें टकराकर 90 डिग्री कोण में बदल गयीं।
- लंबवत पीतल की पाइप में लगे तीन लेंसों से किरणें आगे बढ़ीं।
- किरणें तीन लेंस से गुजरने के बाद गर्भगृह में लगे दर्पण से टकरायीं।
- यहां से 90 डिग्री का कोण बना कर 75 मिलीमीटर टीके के रूप में रामलला के ललाट पर पहुंचीं।

मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास ने मंदिर के कपाट खोले तो घंटा घड़ियाल बजने के साथ ही भक्तों ने भये प्रकट कृपाला दीनदयाला, कौशल्या हितकारी... का भजन गायन शुरू कर दिया। जन्मोत्सव का कर्मकांड पूरा होते ही परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। मंदिर परिसर में मौजूद हर शख्स भावविभोर दिखा।

पुजारी प्रेमचंद्र त्रिपाठी ने बताया कि सुबह 3:30 बजे ही मंदिर के कपाट खोल दिये गये थे। रामलला का श्रृंगार, राग-भोग, आरती एवं दर्शन साथ-साथ चलता रहा। सुबह से ही मंदिर में अनुष्ठानों का दौर शुरू हो गया था। चारों वेदों का पाठ, वाल्मीकि रामायण का पाठ सहित अन्य अनुष्ठान हुए।

रामलला के सूर्य तिलक के समय श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास, महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र, ट्रस्टी महंत दिनेंद्र दास, सीबीआरआइ रुड़की के निदेशक प्रो प्रदीप कुमार सहित अन्य विज्ञानी और साधु-संत मौजूद रहे।

## रामनवमी पर हर तरफ श्रीराम के जयकारे : आस्था के महासमुद्र के बीच निकली भव्य शोभायात्रा

# दिखा उद्घोष, भक्ति जोश, उल्लास का संगम

**राजीव**

**रांची (आजाद सिपाही)।** श्रीराम और हनुमान की आस्था के महासमुद्र के बीच राजधानी में रामनवमी के मौके पर बुधवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। आकाश चूमती महावीरी पताकाएं रामभक्तों का अपार प्रवाह, जयश्री राम का गगनभेदी उद्घोष, भक्ति जोश, उत्साह के चरम उत्कर्ष को बयां कर रही थीं। अल्बर्ट एक्का चौक से तपोवन मंदिर तक आस्था के प्रबल प्रवाह में झूम रही रांची में शौर्य अधिक था या उत्साह या भक्ति का रंग गाढ़ा था, आकलन करना मुश्किल हो रहा था।



रांची में 1929 से शोभायात्रा निकाली जा रही है। दोपहर दो बजे के बाद से ही अल्बर्ट एक्का चौक पर भक्ति की बयार बह रही थी। दिन के 3.30 बजे जुलूस का पहुंचना शुरू हुआ। यह सिलसिला शाम साढ़े सात बजे तक चला। बड़ी संख्या में महिलाएं हाथों में तलवार और महावीरी पताका लिये जुलूस का हिस्सा बनीं। अल्बर्ट एक्का चौक पर तीन तरफ से जुलूस का पहुंचना शुरू हो गया। यहां कोलकाता और दिल्ली से आये कलाकार देवी-देवताओं के नृत्य नाटिका का सुंदर मंचन भी करते दिखायी पड़े। ताशा पार्टी भी पूरे लय में थी।

श्री महावीर मंडल के पदाधिकारी भक्तों का अभिवादन कर रहे थे। हर आम और खास रामभक्त के स्वागत के लिए खड़ा दिखा। हजारों झंडे हवा में लहरा रहे थे। भक्ति गीतों की धुन पर भक्तों के पांव थिरक रहे थे। तलवार भांजते भक्तों का विशाल कारवां था। ताशा पार्टी वालों की धुन पूरे वातावरण को राममय बना रही थी। भक्तों का कारवां एक-एक कर निकलता रहा। यहां स्वागत शिविर के पदाधिकारियों ने श्रीराम और हनुमान भक्तों का स्वागत किया। मेन रोड में श्री राम के जयघोष से पूरा वातावरण ऐसा परिलक्षित हो रहा था, मानो राजधानी में अयोध्या उतर आयी हो।

## लोहरदगा में डीजे वाहन से कुचल कर लड़की की मौत

- तीन दर्जन से अधिक लोग हुए घायल, शोभायात्रा के दौरान हुआ हादसा

**सत्यकाम**

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** शहर में रामनवमी का उल्लास बुधवार को उस समय गम में बदल गया, जब शोभायात्रा में शामिल डीजे वाहन अचानक असंतुलित होकर लोगों को रौंदने लगा। हादसे में सोनी रानी कुमारी नामक लड़की की मौत हो गयी, जबकि तीन दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। इनमें से रोहन साहू, बजरंग साहू और सूरज गोस्वामी की हालत गंभीर है। उन्हें रिम्स रेफर किया गया है। सदर अस्पताल में 19 घायलों का इलाज किया जा रहा है। करीब डेढ़ दर्जन लोग मामूली रूप से जख्मी हुए, जो प्राथमिक उपचार के बाद घर लौट गये। हादसा तीसरे पहर करीब चार बजे राणा चौक में हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बीआइडी मन्ना साहू के डीजे वाहन में कई रामनवमी अखाड़ों के लोग सवार हो गये। वाहन को चालक की बजाय खलासी चला रहा था। अचानक उसका पैर एक्सीलेटर पर चला गया और वाहन अनियंत्रित होकर करीब 20 फीट तक आगे बढ़ गया। सदर अस्पताल में घायल रंजीत साहू, मुकेश साहू, प्रियांशु, अमित, संतोष वर्मा, शिव शंकर राम, अखिलेश, अजय साहू, प्रकाश साहू, सिकंदर साहू, रंजीत साहू, बालेश्वर साहू, मुकेश साहू, संदीप मिश्रा, आर्यन, विजय और सुधांशु का इलाज चल रहा है।



**डीसी और एसपी पहुंचे सदर अस्पताल :** हादसे की सूचना मिलने के बाद सदर अस्पताल में भीड़ उमड़ पडी। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्णा, पुलिस अधीक्षक हारिश जमा, एसडीओ अमित कुमार समेत पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों भी वहां पहुंचे।

**शोभा यात्रा स्थगित :** हादसे के बाद केंद्रीय महावीर मंडल ने शोभायात्रा को स्थगित करने की घोषणा की। उस समय शोभायात्रा अपर बाजार होते हुए थाना चौक पहुंची थी।

**उपायुक्त ने दिया मजिस्ट्रेट जांच का आदेश :** उपयुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने हादसे की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दे दिये हैं। उन्होंने बताया कि मोटर अधिनियम के उल्लंघन समेत लापरवाही के अन्य मामलों की जांच होगी।

## न्यूज रील्स

### पहले चरण के लोकसभा चुनाव का प्रचार थमा

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार बुधवार शाम को समाप्त हो गया। आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व सीएम और एक पूर्व गवर्नर उन नेताओं में शामिल हैं, जो 19 अप्रैल को होने वाले पहले चरण के चुनाव में अपनी किस्मत आजमायेंगे। 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों के लिए वोट डाले जायेंगे। पहले चरण में ही महाराष्ट्र की नागपुर सीट पर भी मतदान होना है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी नागपुर सीट से जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में हैं। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू अरुणाचल पश्चिम सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। उधर बिहार में नवादा, औरंगाबाद, गया और जमुई में भी बुधवार की शाम चुनाव प्रचार थम गया। पहले चरण की चार सीटों पर कुल 38 प्रत्याशियों की साख प्रतिष्ठा पर लगी है। गया में पूर्व सीएम जीतनराम मांझी तथा पूर्व मंत्री कुमार सर्वजीत तो औरंगाबाद में वर्तमान सांसद सुशील कुमार सिंह तथा राजद के अभय कुशवाहा आमने-सामने हैं।

### टीएमसी के घोषणा पत्र में 10 मुफ्त सिलेंडर

कोलकाता। ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी ) ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र जारी किया। पार्टी ने कहा, 'हमारा स्टैंड है कि बंगाल में सीएए लागू नहीं होगा, एनआरसी और समान नागरिक संहिता (सीयूए) भी लागू नहीं होने देंगे।' इसके अलावा पार्टी ने गरीबी रेखा से नीचे जीवन जी रहे लोगों को साल में 10 मुफ्त एलपीजी सिलेंडर देने और हर माह पांच किलो राशन मुफ्त देने का वादा किया है। साथ ही 60 साल से ज्यादा उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को 1000 रुपये प्रति माह पेंशन दी जायेगी।

### पश्चिम बंगाल के गवर्नर कूच बिहार ना जायें

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस को 18-19 अप्रैल को राज्य के कूचबिहार जिले का दौरा नहीं करने की सलाह दी है। आयोग ने कहा कि इससे आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन होगा। कूच बिहार में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण में वोटिंग होनी है।

### गल्फ देशों में भारी बारिश से 69 मौतें


नयी दिल्ली। गल्फ देशों में खराब मौसम के चलते बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। पाकिस्तान, ओमान और यूएइ में अब तक 69 लोगों की मौत हो चुकी है। खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में भारी बारिश के चलते इमरजेंसी लगानी पड़ी है। वहां अब तक 50 लोग मारे गये हैं। वहीं दुबई में खराब मौसम के चलते भारत की 28 उड़ानें रद्द कर दी गयी हैं।

## इडी जज के यहां पेशी के बाद जेएमएम नेता अंतू तिर्की बिपिन सिंह समेत चार आरोपियों को भेजा गया जेल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े 8.46 एकड़ जमीन के फर्जीवाड़ा मामले में मंगलवार को इडी की छापेमारी के बाद देर रात गिरफ्तार किये गये जेएमएम नेता अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह, मोहमद इरशाद और प्रियरंजन सहाय को इडी के विशेष न्यायाधीश के समक्ष उनके मोरहाबादी स्थित आवास में बुधवार को पेश किया गया। इसके बाद चारों आरोपियों को इडी की न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा जेल भेज दिया गया। इससे पूर्व इडी ने इनसे पूछताछ के लिए सात दिनों की रिमांड मांगी है। इस पर गुरुवार को सुनवाई होगी। दरअसल, रिमांड पर लिये गये फर्जी दस्तावेज बनाने के मास्टर माइंड मोहमद सद्दाम हुसैन से पूछताछ के आधार पर इडी ने मंगलवार को जेएमएम नेता अंतू तिर्की, जमीन कारोबारी बिपिन सिंह समेत चार लोगों के ठिकाने पर छापामारी की थी।

मोहमद सद्दाम हुसैन और अफसर अली अभी इडी की रिमांड पर हैं। इडी ने इन्हें 8.46 एकड़ जमीन के फर्जीवाड़ा मामले में प्रोडक्शन रिमांड पर लिया था। मामले में अब तक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, भानु प्रताप प्रसाद समेत पांच को चार्जशीटेट आरोपी बनाया गया है। अब तक आठ लोगों की गिरफ्तारी हुई है।




## भाजपा का 400 पार का नारा जुमला है इससे बचने की जरूरत : चंपाई सोरेन

- सरायकेला में बीजेपी पर बरसे मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सरायकेला में बीजेपी पर जम कर निशाना साधा। सीएम ने बीजेपी के 400 पार के नारे को चुनौती देते हुए कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में भी 65 पार का टारगेट सेट किया था। हमने 25 पर समेट दिया। ये सारी बातें जुमला हैं। इससे बचने की जरूरत है। साथ ही सीएम ने कहा कि इस बार झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत होगी। उन्होंने मंच से कार्यकर्ताओं से जुमलेबाजों की सरकार को रोकने की अपील की। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन अपने चार दिवसीय सरायकेला प्रवास थे। यात्रा के अंतिम दिन सीएम ने सरायकेला नगर एवं प्रखंड के झामुमो बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं से संवाद किया।



सीएम ने बीजेपी के घोषणा पत्र और मोदी की गारंटी पर तंज कसते हुए कहा कि गारंटी किस चिड़िया का नाम है? किस बात की गारंटी दे रहे हैं, उसका जिक्र क्यों नहीं किया? ये भी जुमला है। ऐसे जुमलेबाजों से बचना होगा, तभी देश में लोकतंत्र बहाल होगा। उन्होंने झारखंड सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि चार साल के कार्यकाल में राज्य की जनता का विकास देख कर केंद्र की बीजेपी सरकार बौखला गयी है।

**सीएम ने 2019 के विधानसभा चुनाव के इतिहास को दोहराने का संकल्प लिया :** मुख्यमंत्री ने सरायकेला जिला को रोल मॉडल बनाने का भरोसा दिलाया। कहा कि राज्य में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति हर हाल में लागू होगी। आज हर खेत में पानी पहुंचाने का काम चल रहा है। गांव- गांव शिक्षा-स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाएं मुहैया करायी जा रही हैं। अंत में उन्होंने 2019 के विधानसभा चुनाव का इतिहास दोहराने का संकल्प दिलाया। इस दौरान बीजेपी छोड़ जुगल तापे ने झामुमो का दामन थामा, जिनका मुख्यमंत्री ने स्वागत किया।

# चतरा में तस्वीर साफ, 'स्थानीय' बनाम 'बाहरी' का दिखेगा रोमांच

## कांग्रेस ने केएन त्रिपाठी को उतार कर भाजपा के कालीचरण सिंह का उत्साह बढ़ा दिया

## झारखंड के इस पिछड़े संसदीय क्षेत्र को आज भी है एक अदद 'स्थानीय' सांसद का इंतजार

झारखंड के 14 में से आठ अनारक्षित संसदीय सीटों में से एक चतरा में मुकाबले की तस्वीर साफ हो गयी है। यहां से कांग्रेस ने राज्य के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी को मैदान में उतारा है, जो चतरा के स्थानीय भाजपा नेता कालीचरण सिंह को चुनौती देंगे। त्रिपाठी पलामू जिले के निवासी हैं और वहां से विधायक भी रह चुके हैं। चतरा संसदीय सीट से उन्हें टिकट देकर कांग्रेस ने जातीय दांव चला है, लेकिन उसका यह दांव 'स्थानीय' बनाम 'बाहरी' के शोर में गुम हो जायेगा। चतरा संसदीय सीट पूरी दुनिया में केवल इसलिए चर्चित है, क्योंकि यहां से आज तक कोई स्थानीय सांसद नहीं चुना गया। इस बार इस संसदीय क्षेत्र में यह मुद्दा शुरुआत से ही उठ रहा है और चुनाव की घोषणा से पहले से ही इस मुद्दे का शोर चतरा में सुनाई देने लगा था, जिसने सभी दलों को सतर्क कर दिया। शुरू में इस मुद्दे को सबसे ज्यादा हवा राजद और कांग्रेस के ही स्थानीय नेताओं ने दी थी। इसमें झारखंड सरकार में मंत्री सत्यानंद भोक्ता भी शामिल थे। इस हवा ने रफ्तार भी पकड़ी। इसी को देखते हुए भाजपा ने अपने सीटिंग सांसद सुनील कुमार सिंह का टिकट काट कर एक स्थानीय नेता कालीचरण सिंह को चतरा से उम्मीदवार बनाया है, जबकि कांग्रेस ने चतरा के वोटरों की इच्छा के विपरीत 'बाहरी' को टिकट दिया है। उत्तरी छोटानागपुर डिवीजन का यह जिला बेहद पिछड़ा तो है ही, विकास के लिए उसकी छटपटाहट को भी शिद्दत से महसूस किये जाने की जरूरत है। चतरा कभी पूरी दुनिया में चर्चित हुआ था, क्योंकि नक्सलियों ने इसे पहला 'लिबरेटेड जोन' (स्वतंत्र क्षेत्र) घोषित किया था। गरीबी और पिछड़ेपन के अलावा पलायन जैसे मुद्दे यहां भी हैं, लेकिन इस बार चारों तरफ 'स्थानीय सांसद' का ही शोर सुनाई दे रहा है। मुकाबले की तस्वीर साफ होने के बाद चतरा संसदीय क्षेत्र का क्या है माहौल और चुनावी मुद्दे, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

मंगलवार 16 अप्रैल की शाम जब कांग्रेस ने झारखंड की चतरा संसदीय सीट से कृष्णानंद त्रिपाठी को उम्मीदवार बनाने की घोषणा की, तब से सोशल मीडिया पर हजारों ऐसे पोस्ट आ चुके हैं, जिनमें कहा गया है कि कांग्रेस ने चतरा सीट से हार मान ली है, क्योंकि उसने एक 'स्थानीय' के मुकाबले 'बाहरी' को उतार दिया है और इस बार चतरा 'बाहरी' सांसद चुनने के कलंक से मुक्ति चाहता है।

चतरा संसदीय क्षेत्र के माथे पर यह कलंक चस्पां है कि यहां से अब तक कोई भी स्थानीय नेता सांसद नहीं बन पाया है। इस बात से चतरा की जनता में भी खासी नाराजगी रहती है। इस बार चुनाव की घोषणा से पहले से ही यह मुद्दा पूरे संसदीय क्षेत्र में जोर-शोर से उठने लगा था। इसे देखते हुए भाजपा ने मौजूदा सांसद सुनील सिंह का टिकट काट कर स्थानीय नेता कालीचरण सिंह को टिकट थमाया है। उनके मुकाबले में कांग्रेस ने केएन त्रिपाठी को उतारा है, जो पलामू जिले के मूल निवासी हैं और वहां से विधायक भी रह चुके हैं।

### चतरा का राजनीतिक परिदृश्य

चतरा वैसे तो सामान्य सीट है, लेकिन इस सीट के जातीय समीकरण पर एक नजर डालें, तो यहां अनुसूचित जाति के वोटरों का अधिक प्रभाव है। चतरा में अनुसूचित जाति की आबादी 28.24 प्रतिशत है, वहीं अनुसूचित जनजाति की आबादी 19.39 प्रतिशत है। चतरा के अंतर्गत पांच विधानसभा की सीटें आती हैं, जिसमें से दो पर भाजपा के विधायक हैं, तो एक-एक राजद, कांग्रेस और झामुमो के पास है। सिमरिया से किशुन कुमार दास और पांकी में शशि भूषण मेहता भाजपा के विधायक हैं। चतरा से राजद के सत्यानंद भोक्ता, मनिका से कांग्रेस के रामचंद्र सिंह और लातेहार से झामुमो के बैद्यनाथ राम विधायक हैं।

### चतरा के प्रमुख चुनावी मुद्दे

सबसे खास बात यह है कि चतरा लोकसभा क्षेत्र ऐसा क्षेत्र है, जहां से आज तक कोई भी स्थानीय व्यक्ति सांसद नहीं बन सका है। यानी चतरा संसदीय क्षेत्र के सांसद हमेशा किसी दूसरे क्षेत्र के रहने वाले लोग रहे हैं। यहां सांसद बनने के बाद उनका दर्शन दुर्लभ हो जाता है और प्रतिनिधियों पर क्षेत्र से गायब रहने का आरोप लगता है। इसलिए लोग इस बार इस दाग को मिटाने के लिए आतुर दिख रहे हैं। शिक्षा के मामले में भी यह इलाका पूरी तरह पिछड़ा हुआ है। इसके अलावा भूमि सर्वेक्षण में अनियमितता और भूमि विवाद इस पूरे इलाके के मुख्य मुद्दे हैं। लेकिन इन मुद्दों पर जन प्रतिनिधियों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता है।




### चतरा का चुनावी इतिहास

वर्ष 1957 से अब तक चतरा संसदीय क्षेत्र का सांसद बनने का सौभाग्य चतरा के स्थानीय लोगों को नहीं मिला है। कोडरमा और हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से विभाजित होकर चतरा संसदीय क्षेत्र का निर्माण हुआ। अभी तक चतरा संसदीय क्षेत्र से जितने भी सांसद निर्वाचित हुए हैं, सभी चतरा जिले के बाहर के मतदाता रहे हैं। चतरा संसदीय क्षेत्र से 1957 में पहली बार महारानी विजया राजे सांसद बनीं। उनका संबंध पदमा (रामगढ़) के राजघराने से था। वह मूलतः हजारीबाग संसदीय क्षेत्र की मतदाता थीं। वह लगातार तीन बार चतरा से सांसद बनीं। वर्ष 1971 के चुनाव में शंकरदयाल सिंह चतरा के सांसद निर्वाचित हुए। वह अविभाजित बिहार के औरंगाबाद जिले के थे। वर्ष 1977 में सुखदेव प्रसाद वर्मा सांसद चुने गये। श्री वर्मा बिहार के जहानाबाद के रहने वाले थे। इसके बाद 1980 में गया निवासी रंजीत सिंह चतरा के सांसद बने। वर्ष 1984 में धनबाद के योगेश्वर प्रसाद योगेश चतरा से सांसद निर्वाचित हुए। लगातार दो बार 1989 और 1991 में चतरा के लिए निर्वाचित सांसद उपेंद्रनाथ वर्मा का संबंध गया के मानपुर से था। इनके बाद धीरेंद्र अग्रवाल को वर्ष 1996 और वर्ष 1998 में लगातार दो बार चतरा के लिए सांसद बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वह भी गया के निवासी थे। चतरा संसदीय क्षेत्र से 1999 में संसद सदस्य बनने वाले नागमणि मूलतः जहानाबाद जिले के निवासी हैं। वर्ष 2004 में एक बार फिर धीरेंद्र अग्रवाल को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। वर्ष 2009 के संसदीय आम चुनाव में चतरा के मतदाताओं ने इतिहास रचते हुए झारखंड विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी को मौका दिया। श्री नामधारी ने यह चुनाव निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लड़ा था। उन्हें भाजपा ने समर्थन दिया था। श्री नामधारी का संबंध पलामू के डालटनगंज से है।

इसके बाद 2014 में बक्सर और रांची से ताल्लुक रखने वाले सुनील कुमार सिंह ने चतरा की मार्फत लोकसभा में प्रवेश किया। 2019 में भी वह सांसद चुने गये। इस प्रकार चतरा संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद चतरा के मतदाता नहीं रहे। बाहरी उम्मीदवारों का दबदबा रहा और चतरा के निवासी यह बर्दाश्त करते रहे। अब इंतजार है 2024 के संसदीय चुनाव का। देखना है चतरा के मतदाता इस बार क्या गुल खिलाते हैं।

### क्या है 'बाहरी' सांसद का मुद्दा

चतरा लोकसभा क्षेत्र का अब तक इतिहास रहा है कि यहां से कोई भी स्थानीय निवासी सांसद नहीं बना है। क्षेत्र में मजबूत समझे जाने वाले किसी भी राष्ट्रीय अथवा क्षेत्रीय दल ने चतरा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत निवास करने वाले किसी भी व्यक्ति को अपना प्रत्याशी आज तक नहीं बनाया है। अब, जब मजबूत राजनीतिक दलों के द्वारा स्थानीय लोगों को प्रत्याशी ही नहीं बनाया जाता है, तो फिर स्थानीय सांसद की कल्पना साकार कैसे होगी। स्थानीय सांसद नहीं होने के कारण सांसदों का संपर्क आम लोगों से नहीं रहता है। बाहरी होने के कारण सांसदों के प्रति आम लोगों के मन में भी अपनत्व की भावना नहीं बन पाती है। इसका प्रभाव यह पड़ता है कि सांसद दो-चार लोगों के बीच घिर कर रह जाते हैं और जनता से पूरी तरह कट जाते हैं। परिणाम होता है कि दोबारा जब सांसद चुनाव मैदान में उतरते हैं तो उन्हें आम लोगों के साथ-साथ अपने ही लोगों के विरोध का सामना करना पड़ता है। भाजपा के सांसद सुनील सिंह के साथ भी ऐसा ही हुआ।

### 2014 के बाद बदल गया है माहौल

वर्ष 2014 के बाद देश के कई अन्य हिस्सों की तरह ही चतरा संसदीय क्षेत्र का माहौल भी बदल गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय राजनीति में आने के बाद लोकसभा चुनाव में भाजपा अब पूरी तरह प्रधानमंत्री के चेहरे पर ही निर्भर हो गयी है। भाजपा के नेता और कार्यकर्ता भी जानते हैं कि जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर ही भाजपा को वोट करती है। इस बात में सच्चाई है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम ही भाजपा उम्मीदवार की जीत की गारंटी होती है।

इस बार भाजपा ने कालीचरण सिंह को प्रत्याशी बनाया है, जो अपने 'स्थानीय' ब्रांड को भुनाने की खूब कोशिश कर रहे हैं। उनके प्रतिद्वंद्वी के रूप में केएन त्रिपाठी हैं, जो बाहरी हैं और यह उनके पक्ष में जाता दिखाई दे रहा है। पहले राजद के सत्यानंद भोक्ता ने चतरा से दावा ठोका था, लेकिन इंडी अलायंस अंततः चतरा के सिर से बाहरी सांसद चुनने के कलंक को मिटाने में रुचि नहीं ले रहा है। इसलिए चतरा में अब 'स्थानीय' बनाम 'बाहरी' का रोमांच देखने को मिलेगा।

# राजद को झारखंड में झटका राधाकृष्ण किशोर का इस्तीफा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को बड़ा झटका लगा है। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले पार्टी के कद्दावर नेता राधाकृष्ण किशोर ने राजद से इस्तीफा दे दिया है। किशोर ने अपना इस्तीफा राजद के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव को भेज दिया है।



### राजद के कार्यकर्ता खुद को ठगा महसूस कर रहे : राधाकृष्ण किशोर

अपने इस्तीफे में उन्होंने कहा है कि गठबंधन के तहत मात्र पलामू लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने से प्रदेश राजद के कार्यकर्ता खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर चतरा से गिरिनाथ सिंह को लोकसभा का टिकट दिया जाता, तो सवर्णों में उसका अच्छा संदेश जाता, लेकिन, ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि राजद ने कार्यकर्ताओं की भवनाओं का कद्र नहीं किया। समाज को बांटने वाली इस संस्कृति से मैं आहत हूं और इसलिए राजद की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं।

### तेजस्वी यादव के नारे से प्रभावित थे झारखंड के लोग

राजद नेता राधाकृष्ण किशोर ने कहा है कि राजद के सामाजिक न्याय और सभी वर्गों के उत्थान के सिद्धांतों से प्रभावित होकर वर्ष 2020 में मैंने पार्टी की सदस्यता ली थी। तेजस्वी यादव का नारा राष्ट्रीय जनता दल समाज के सभी वर्गों (ए टू जेड) की पार्टी होगी से झारखंड के लोग प्रभावित थे। वर्ष 1995 में झारखंड क्षेत्र की 13 विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज करने तथा 15 सीटों पर दूसरे स्थान पर रहे राजद वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में मात्र एक सीट ही जीत पाया।

### लोकसभा में सिर्फ एक सीट मिलने से निराश-हताश हैं राजद समर्थक

लोकसभा चुनाव में पार्टी की ऐसी स्थिति से कार्यकर्ताओं में निराशा-हताशा की भावना है। प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कार्यकर्ताओं का मानना था कि दो-चार विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने से पार्टी पूरे झारखंड में खुद का विस्तार नहीं कर सकती। इसलिए वे चाहते थे कि लोकसभा चुनाव 2024 में कम से कम चार सीटों (चतरा, पलामू, कोडरमा तथा गोड्डा) पर और झारखंड विधानसभा चुनाव में कम से कम 25 सीटों पर राजद को चुनाव लड़ना चाहिए।

### झारखंड विधानसभा चुनाव में राजद को दो-चार सीटें ही मिलेंगी

राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि लेकिन यह दुर्भाग्य की बात है कि गठबंधन के नाम पर पार्टी को लोकसभा चुनाव में केवल एक सीट ही मिल पायी। स्पष्ट है कि गठबंधन के तहत आगामी विधानसभा चुनाव में राजद को दो-चार सीट से अधिक नहीं मिलनेवाला।

### गौतम सागर राणा के बयान ने बताया ए टू जेड की पार्टी नहीं राजद

राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव ने कहा था कि राजद समाज के सभी वर्गों (ए टू जेड) की पार्टी है, लेकिन दूसरी ओर पलामू लोकसभा में चुनावी अभियान की शुरुआत करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता गौतम सागर राणा ने एक चैनल पर बयान दिया कि मोदी चुनाव जीतते हैं, तो देश ब्राह्मणवाद की ओर मुड़ जायेगा। किशोर ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान राजद के वरिष्ठ नेता राणा के इस बयान से स्पष्ट हो गया कि राजद ए टू जेड की पार्टी नहीं है।

# दीपिका पांडेय के खिलाफ कांग्रेसियों ने खोला मोर्चा, खड़गे को पत्र

**देवघर में प्रत्याशी बदलने की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस ने झारखंड में उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी कर दी है। इसके बाद पार्टी में ही विरोध के स्वर उठ गये हैं। देवघर जिला और अल्पसंख्यक कांग्रेस ने राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। देवघर जिले में जहां दीपिका पांडेय सिंह को सबसे कमजोर एवं डमी प्रत्याशी करार देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष को पत्र लिख कर अविलंब प्रत्याशी बदलने की मांग की है। वहीं अल्पसंख्यक कांग्रेस ने मुस्लिम आबादी और उसके प्रतिनिधित्व को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है।

### देवघर जिला कांग्रेस ने खड़गे को लिखा पत्र, पुनर्विचार करने की मांग

देवघर जिला कांग्रेस कमिटी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिख कर, गोड्डा संसदीय सीट से प्रत्याशी के नाम पर पुनर्विचार करने की मांग की है। जिला कमेटी का तर्क है कि पार्टी का निर्णय संगठन और धरातल के विपरीत है। जिला कमेटी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से कहा है कि क्षेत्र की 90 फीसदी आबादी की अनदेखी की गयी। जिला कमेटी का कहना है कि गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 90 फीसदी आबादी पिछड़े, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यकों की है। विरोध कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों का तर्क है कि दीपिका पांडेय सिंह यहां कमजोर और डमी कैंडिडेट साबित होंगी।



कमेटी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से कहा है कि दीपिका पांडेय सिंह की उम्मीदवारी से गोड्डा में पार्टी की पांच न्याय और 25 गारंटी के साथ-साथ आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी वाली घोषणा दिखावा सिद्ध हो रही है। कमेटी ने तर्क दिया है कि प्रत्याशी की घोषणा से ऐसा लगता है कि केंद्रीय नेतृत्व को धरातल की वास्तविक वस्तुस्थिति से अवगत नहीं कराया गया है। उन्हें गुमराह किया गया है। पार्टी के फैसले से 90 फीसदी आबादी में नाराजगी है।

### अल्पसंख्यक कांग्रेस ने 15 प्रतिशत मुस्लिम आबादी की अनदेखी का लगाया आरोप

कांग्रेस ग्रामीण अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष शमीम अख्तर ने लोकसभा चुनाव में मुस्लिमों को प्रतिनिधित्व नहीं दिये जाने पर नाराजगी प्रकट की है। कहा कि राज्य बनने के बाद यहां के आदिवासी मूलवासी और विशेष कर मुसलमानो में एक उम्मीद की किरण जगी थी कि लोकसभा और विधानसभा में मुसलमान का प्रतिनिधित्व होगा। क्षेत्रीय पार्टियों ने तो मुसलमान को टिकट देकर अपना दामन साफ किया। लेकिन देश की सबसे बड़ी पार्टी जो सेक्यूलर का दावा करती है, उसने लोकसभा में मुसलमानों के प्रतिनिधित्व को उचित नहीं समझा और मुसलमानों के बीच एक संदेश दिया कि वह भी भाजपा की राह में तुष्टिकरण की राजनीति करती है। अख्तर ने कहा कि कांग्रेस ने मुसलमानों को सिर्फ वोट बैंक समझा, जब भी मुसलमानों के प्रतिनिधित्व एवं राजनीतिक भागीदारी की बात आती है तो कांग्रेस कन्नी काट लेती है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में एक भी मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट न देकर अपनी कब्र स्वयं खोदी है। राज्य में 14 लोकसभा सीट है और इस राज्य में सबसे बड़ा धार्मिक और अल्पसंख्यक समूह मुस्लिम है। मुसलमान की जनसंख्या सरकारी आंकड़े के अनुसार, 15 प्रतिशत है, जबकि मुस्लिम बहुल साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़, गिरिडीह, जामताड़ा और देवघर है, जहां मुसलमान की जनसंख्या 20 प्रतिशत से कहीं अधिक है। परंतु कांग्रेस पार्टी ने किसी भी जिला में मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया या मुसलमानों के प्रतिनिधित्व को उचित नहीं समझा। ब्राह्मणवाद से घिरी कांग्रेस सदा अल्पसंख्यकों को धोखे में रखती और मुसलमानों को वोट बैंक समझती है। यही कारण है कि अधिकांश मुसलमानों का झुकाव क्षेत्रीय पार्टियों की ओर बढ़ा है।

# पीएम को 400 फीट गाड़ देनेवाले बयान पर जेएमएम नेता नजरूल इस्लाम पर साहिबगंज में प्राथमिकी दर्ज

**आचार संहिता उल्लंघन मामले और अमर्यादित भाषा का उपयोग करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पीएम नरेंद्र मोदी को 400 फीट नीचे गाड़ देनेवाले बयान पर जेएमएम के केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य नजरूल इस्लाम के खिलाफ साहिबगंज टाउन थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।



साहिबगंज नगर थाना में सदर बीडीओ सुबोध कुमार के बयान पर आचार संहिता उल्लंघन मामले और अमर्यादित भाषा का उपयोग करने के आरोप में प्राथमिकी (42/24) दर्ज की गयी है। गौरतलब है कि बीते दिनों साहिबगंज स्टेशन चौक पर झामुमो के एकदिवसीय धरना में लोगों को संबोधित करते हुए नजरूल इस्लाम ने पीएम मोदी के खिलाफ विवादित बयान देते हुए कहा था कि मोदी 400 सीट जीतेगा नहीं, 400 फीट नीचे गाड़ देंगे। इसके बाद बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विधायक दल के नेता अमर बाउरी सहित कई भाजपा नेताओं ने ट्वीट कर राज्य सरकार से कार्रवाई की मांग की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज करवायी। वहीं प्रखंड के सीआइ फनेश्वर कुमार, राजस्व कर्मचारी अजय कुमार और पंचायत सचिव सुशील मरांडी को 24 घंटे के अंदर जांच कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# दूसरे चरण में 250 दागी, 390 करोड़पति

## भाजपा सांसद हेमा मालिनी तीसरी सबसे अमीर प्रत्याशी


**जानकारी**

**सलोनी**

**देश**भर में लोकसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गयी है। 19 अप्रैल से लेकर 1 जून तक सात चरणों में लोकसभा चुनाव होने हैं। पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा, जबकि दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होगा। इस बीच एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के हलफनामे का विश्लेषण किया है। दूसरे चरण में कुल 1198 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें से 1192 उम्मीदवारों के शपथपत्रों का विश्लेषण किया गया है। छह उम्मीदवारों के शपथ पत्र स्पष्ट नहीं होने के कारण उनके हलफनामों का विश्लेषण नहीं हो सका है। एडीआर ने एक विश्लेषण में बताया है कि दूसरे चरण में 1192 उम्मीदवारों से 250 (21%) पर आपराधिक मामले चल दर्ज हैं। वहीं 390 (33%) उम्मीदवार करोड़पति हैं ,जबकि उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 5.17 करोड़ है।

### उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठभूमि

1192 में से 250 (21 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किये हैं। 1192 में से 167 (14 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किये हैं। 32 उम्मीदवारों ने अपने ऊपर दोषसिद्ध मामले घोषित किये हैं। तीन उम्मीदवारों ने अपने ऊपर हत्या (आइपीसी-302) से संबंधित मामले घोषित किये हैं। महिलाओं के ऊपर अत्याचार से जुड़े मामले घोषित करने वाले उम्मीदवार 25 हैं। इन 25 में से एक उम्मीदवार के ऊपर दुष्कर्म (आइपीसी-376) से जुड़ा मामला दर्ज है। इसके अलावा, भड़काऊ भाषण से जुड़े मामले घोषित करने वाले कुल 21 उम्मीदवार हैं।




### दलवार आंकड़े क्या हैं?

दूसरे चरण में सीपीआइ के सभी पांच उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले हैं। वहीं, समाजवादी पार्टी के सभी चार उम्मीदवार, सीपीआइ (एम) के 18 में से 14, शिवसेना के तीन में दो, कांग्रेस के 68 में से 35, शिवसेना-यूटीबी के चार में से दो, भाजपा के 69 में से 31, और जेडीयू के पांच में से दो उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। सीपीआइ के पांच में से तीन, समाजवादी पार्टी के चार में से दो, सीपीआइ (एम) के 18 में से सात, कांग्रेस के 68 में से 22, भाजपा के 69 में से 21, शिवसेना-यूटीबी के चार में से एक, और जेडीयू के पांच में से एक प्रत्याशी के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले हैं।

### उम्मीदवारों की संपत्ति का लेखा-जोखा

1192 में से 33 प्रतिशत यानी 390 उम्मीदवार करोड़पति हैं। भाजपा के 69 में से 64, कांग्रेस के 68 में से 62, जेडीयू के पांच में से पांच, तृणमूल कांग्रेस चार में से चार, शिवसेना यूटीबी के चार में से चार, समाजवादी पार्टी के चार में से चार, शिवसेना के तीन में से तीन, सीपीआइ (एम) के 18 में से 12, और सीपीआइ के पांच में से दो उम्मीदवार करोड़पति हैं।

### हर उम्मीदवार के पास औसतन 5.17 करोड़ की दौलत

लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में हर उम्मीदवार के पास औसतन 5.17 करोड़ की संपत्ति है। दलवार आंकड़ों पर गौर करें तो कांग्रेस के 68 उम्मीदवारों की सबसे ज्यादा औसतन संपत्ति 39.70 करोड़ की संपत्ति है।

### वेंकटरमन गौड़ा सबसे अमीर प्रत्याशी

दूसरे चरण में सबसे ज्यादा संपत्ति घोषित करने वाले शीर्ष तीन उम्मीदवारों में पहले स्थान पर वेंकटरमन गौड़ा हैं। कर्नाटक की मांड्या सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गौड़ा के पास 622 करोड़ से अधिक की चल और अचल संपत्ति है। दूसरे स्थान पर कर्नाटक की बेंगलुरू ग्रामीण सीट से कांग्रेस प्रत्याशी डीके सुरेश हैं, जिनके पास 593 करोड़ से अधिक की संपत्ति है। तीसरी सबसे धनी प्रत्याशी हेमा मालिनी हैं। मथुरा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी के पास 278 करोड़ से अधिक की चल और अचल संपत्ति है।

### तीन उम्मीदवारों की संपत्ति 500 से 1,400 रुपये की

छह उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति शून्य घोषित की है। वहीं तीन उम्मीदवारों ने संपत्ति 500 से 1,400 रुपये के बीच की बतायी है। 500 रुपये के साथ लक्ष्मण नागोराव सबसे कम संपत्ति घोषित करने वाले उम्मीदवार हैं। वह महाराष्ट्र की नांदेड़ सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, केरल के कासरगोड लोस क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार राजेश्वरी के आर ने अपनी संपत्ति महज 1,000 रुपये घोषित की है। इसके अलावा, महाराष्ट्र की अमरावती सीट से निर्दलीय प्रत्याशी पृथ्वी सम्राट मुकिंदराव ने संपत्ति 1400 रुपये घोषित की है।

### 45% उम्मीदवारों की पढ़ाई 5वीं और 12वीं के बीच

उम्मीदवारों की शैक्षिक योग्यता की बात करें तो 533 (45 प्रतिशत) उम्मीदवार 5वीं और 12वीं के बीच पढ़ाई किये हुए हैं। 574 (48 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज्यादा बतायी है। 37 उम्मीदवार डिप्लोमा धारक हैं। 37 उम्मीदवार साक्षर, जबकि आठ उम्मीदवार अनपढ़ भी हैं। तीन उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता घोषित नहीं की है। उम्मीदवारों की आयु के आंकड़े देखें तो 363 (30 प्रतिशत) उम्मीदवार 25 से 40 वर्ष के बीच के हैं। 578 (48 प्रतिशत) प्रत्याशी 41 से 60 वर्ष के बीच हैं। 249 (21 प्रतिशत) उम्मीदवारों की आयु 61 से 80 वर्ष है।

---

सन 1977 में हुआ था कोडरमा संसदीय क्षेत्र का गठन

# भाजपा ने सात बार हासिल की है जीत

**झारखंड के चुनाव क्षेत्र**

**संजीव**

**कोडरमा** संसदीय क्षेत्र साल 1977 में अस्तित्व में आया था। उस समय से कई बार लोकसभा चुनाव हुए, पर इसमें सबसे अधिक भाजपा ने यहां से सात बार जीत हासिल की है। कहा जा सकता है कि भारतीय जनता पार्टी के लिए कोडरमा परंपरागत सीट रही है। कोडरमा से भाजपा के टिकट पर रीतलाल प्रसाद वर्मा चार बार और भारतीय लोक दल से एक बार, इसी पार्टी से बाबूलाल मरांडी एक बार, रविंद्र राय एक बार और अन्नपूर्णा देवी एक बार सांसद के रूप में चुने गए। वहीं कांग्रेस से तिलकधारी सिंह ने दो बार और जनता दल से मुमताज अंसारी ने एक बार जीत हासिल की। भाजपा से अलग होने के बाद बतौर निर्दलीय बाबूलाल मरांडी ने एक उपचुनाव और झारखंड विकास मोर्चा से एक बार जीत हासिल की है। सन 1977 में लोक दल से रीतलाल प्रसाद वर्मा, वर्ष 1980 में पुनः भारतीय जनता पार्टी से रीतलाल प्रसाद वर्मा, 1984 में कांग्रेस पार्टी से तिलकधारी सिंह, 1989 में भाजपा




से रीतलाल प्रसाद वर्मा, 1991 में जनता दल से मुमताज अंसारी, 1996 में भारतीय जनता पार्टी से रीतलाल प्रसाद वर्मा, 1998 में भाजपा से रीतलाल प्रसाद वर्मा और 1999 में कांग्रेस से तिलकधारी सिंह ने जीत हासिल की। पुनः 2004 में हुए चुनाव में भाजपा से बाबूलाल मरांडी यहां से सांसद चुने गए परंतु 2006 में उन्होंने भाजपा को छोड़ दिया और उपचुनाव में बतौर निर्दलीय सांसद चुने गए। उसके बाद 2009 में हुए चुनाव में झारखंड विकास मोर्चा से बाबूलाल मरांडी यहां से सांसद बने। 2014 में बाबूलाल मरांडी ने कोडरमा से चुनाव नहीं लड़ा और तब भाजपा से डॉ रविंद्र कुमार राय सांसद के रूप में चुने गये। साल 2019 में राजद से भाजपा में शामिल होने पर अन्नपूर्णा देवी को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया और एक बार फिर पार्टी को जीत हासिल हुई।

---

# बिहार के राजपूती किले में जोर और भाग्य का मुकाबला

**विद्यासागर**

**बिहार का रणक्षेत्र**



**मुख्यमंत्री** नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड के खाते में औरंगाबाद लोकसभा के आने का इंतजार जब बेकार गया तो लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल में अभय कुशवाहा ने वापसी की। यहां टिकट मिल गया। वह अपने बारे में खुद तो बता ही रहे, उनके समर्थक भी एक सीक्वेंस की चर्चा बार-बार करते हैं- अभय कुशवाहा पहली बार जो चुनाव लड़ते हैं, वह जरूर जीतते हैं। उदाहरण के साथ मुखिया से विधायक तक के चुनाव की चर्चा की जाती है और फिर लोकसभा चुनाव में जीत का दावा भी। लेकिन, बड़ा सवाल यह है कि क्या बिहार में राजनीतिक अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे राजपूत अपने वर्चस्व की इस सीट को हाथ से निकलने देंगे? यहां से लगातार तीन बार के सांसद सुशील कुमार सिंह भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हैं। मंगलवार को प्रधानमंत्री गया आये तो औरंगाबाद सीट को प्रभावित करने वाली उत्तरी कोयल परियोजना के काम की याद दिला कर अंतिम तीर छोड़ गये।

### जातीय गणित के यहां मायने हैं

जाति आधारित जनगणना कराने के बावजूद जिलावार जातियों का आंकड़ा जारी नहीं किया गया है, इसलिए राजनीतिक दलों और मीडिया के पास अनुमानित आबादी ही है। उन आंकड़ों में औरंगाबाद लोकसभा सीट पर 2.25 लाख राजपूत वोटर हैं। यादवों की संख्या करीब दो लाख है। दांगी सहित कुशवाहा 1.75 लाख बताये जाते हैं। भूमिहार करीब एक लाख, मुस्लिम करीब सवा लाख, रविदास करीब डेढ़ लाख, पासवान करीब सवा लाख और इससे कुछ ज्यादा भुइयां। इसमें भाजपाई राजपूत प्रत्याशी सुशील सिंह अपनी जाति को लेकर पक्के हैं तो अभय कुशवाहा राजद के आधार वोट यादवों के साथ दांगी+कुशवाहा को अपने साथ मान कर चल रहे हैं। सम्राट चौधरी को भाजपा में इतनी तवज्जो देने का जातिगत क्या फायदा यहां मिलता है, यह भी देखा जायेगा। कहा जा रहा है कि भूमिहार वोटरों में कुछ भाजपा का साथ छोड़ेंगे। इसके बाद मुस्लिम वोटरों पर राजद का दावा नैसर्गिक रूप से है। तो, देखने वाली बात यहां यह कि जदयू अपनी मेहनत से रविदास, चिराग अपनी मेहनत से पासवान और जीतन राम अपनी भुइयां को कितना समेट कर भाजपा की झोली में डाल पाते हैं।

### कांग्रेस की चुप्पी से अभय परेशान

आम आदमी पार्टी समेत इंडी अलायंस के बाकी दलों को बिहार में किसी ने नहीं पूछा तो महागठबंधन के इकलौते राष्ट्रीय दल कांग्रेस ने भी यहां गहरी चुप्पी साध रखी है। औरंगाबाद के मामले में यह चुप्पी और ज्यादा मायने रखती है, क्योंकि यह सीट कांग्रेस निखिल कुमार के लिए चाह रही थी। सीट राजद ने बगैर बात किये अपने पास रख ली तो निखिल कुमार गहरी खामोशी लिये यहां से हट गये। कांग्रेस यहां से बुझी-बुझी नहीं होती तो राजद के अभय कुशवाहा को फायदा मिलता, लेकिन अब तक तो यह होता नहीं दिख रहा।

### छह में से दो सीट राजद की, दो कांग्रेस के पास

कांग्रेस की चुप्पी का मतलब इससे भी समझा जा सकता है कि औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र की छह विधानसभा सीटों पर महागठबंधन के चार विधायक हैं- दो राजद से, दो कांग्रेस से। औरंगाबाद और कुटुंबा से कांग्रेस विधायक हैं, लेकिन यह राष्ट्रीय पार्टी यहां राजद के रवैये से खार खाये बैठी है। औरंगाबाद जिले का रफीगंज और गया जिले का गुरुआ राजद विधानसभा सीट राजद के खाते में है और वह यहां पूरी ताकत झोंके हुए है। बाकी दो विधानसभा क्षेत्र इमामगंज और टिकारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा- सेक्यूलर के पास है। इमामगंज विधायक और हम-से के प्रमुख जीतन राम मांझी गया लोकसभा सीट से प्रत्याशी हैं।

---

# पहली बार चुनाव मैदान में वीरप्पन की बेटी

**अक्षय**

**चर्चित चेहरा**



**तमिलनाडु** के जंगलों में दुर्दांत चंदन तस्कर वीरप्पन की बेटी विद्या वीरप्पन नाम तमिलार काचि के टिकट पर कृष्णागिरी से चुनाव मैदान में हैं। विद्या पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। उनकी पार्टी एनटीके भी आज तक सांसदी या विधानसभा, किसी भी चुनाव में एक भी सीट नहीं जीती है। ऐसे में यह विद्या और एनटीके दोनों का सियासी खाता खोलने का दांव है। पेशे से वकील विद्या ने 2020 से भाजपा के साथ राजनीति का सफर शुरू किया था। कुछ ही समय बाद उन्हें भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) का उपाध्यक्ष और उसके बाद तमिलनाडु में भाजपा पिछड़ा मोर्चा का उपाध्यक्ष बनाया गया। हाल ही में वह भाजपा छोड़ कर एनटीके में शामिल हुई हैं और पार्टी ने उन्हें कृष्णागिरी से उम्मीदवार बनाया है।

विद्या ने वकालत की पढ़ाई बंगलुरू से पूरी की है। पहली बार सांसदी लड़ रहीं विद्या ने साफ कर दिया है कि उनका पूरा फोकस पढ़े-लिखे युवाओं के लिए रोजगार, किसानों के लिए जल की उपलब्धता जैसे स्थानीय मुद्दों पर होगा।

### पिता वीरप्पन को मानती हैं प्रेरणा

विद्या अपने पिता वीरप्पन को प्रेरणा मानती हैं। उनका कहना है कि उनके पिता को कितना भी दुर्दांत अपराधी माना जाये, लेकिन उनके साथ रहे लोग उनके बारे में जो भी बताते हैं, उसे सुन कर उनका जीवन प्रेरणा देता है। वह जब भी मुश्किल में होती हैं तो पिता के जीवन की उन्हीं बातों को याद करती हैं और समाधान खोज लेती हैं। विद्या ने अपनी उतार-चढ़ाव भरी परवरिश में चुनौतियों का सामना करना सीखा। मुश्किल दौर के बीच उन्होंने पढ़ाई को अहमियत दी और कुछ बनने की महत्वाकांक्षा रखी। उन्होंने जितना संभव हो उतना पढ़ने का प्रयास किया और वकालत की।

### राजनीतिक समीकरण भी बेजोड़

विद्या के छोटे सियासी सफर में राजनीतिक समीकरण बेजोड़ रहा। विद्या ने भाजपा से राजनीति की शुरुआत की। उन्हें सार्वजनिक रूप से वीरप्पन की ओर से क्षमादान की वकालत करने वाली पट्टाली मक्कल काची पार्टी (पीएमकेपी) का भी समर्थन है। अब वह तमिल आंदोलन के दौरान बनी एनकेटी ने टिकट दिया है। विद्या ने अपनी मां की आपत्तियों के बावजूद ईसाई दलित व्यक्ति से अंतरजातीय शादी की है।

---

# वोटरों से खफा होकर चुनाव का टिकट ठुकरा दिया था

**राजीव**

**चुनावी किस्सा**



मतदाताओं के अपने सांसदों से नाराज होने और उन्हें वोट न देने के तो आपने अनेक वाकये सुने होंगे, लेकिन किसी सांसद के अपने मतदाताओं से नाराज होकर अगले चुनाव का टिकट ठुकरा देने का शायद ही कोई वाकया सुना हो। 1971 में बिहार की खगड़िया सीट से संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी (संसोपा) के टिकट पर चुने गये समाजवादी नेता शिवशंकर प्रसाद यादव एक ऐसे ही सांसद थे, जिन्होंने अपने मतदाताओं की कारस्तानियों से नाराज होकर अगले, 1977 के चुनाव में जनता पार्टी (तब तक संसोपा का इसमें विलय हो गया था) का टिकट लेने से मना कर दिया था, जबकि उसकी लहर चल रही थी और उसका टिकट एक तरह से जीत की गारंटी था। यह जानना दिलचस्प है कि 1971 के लोकसभा चुनाव में चल रही इंदिरा गांधी की लहर में संसोपा के देश भर में कुल तीन ही सांसद निर्वाचित हुए थे, जिनमें खगड़िया से जीते शिवशंकर प्रसाद यादव एक थे। मगर 1977 में उन्होंने यह कह कर चुनाव लड़ने से मना कर दिया कि वह खगड़िया के मतदाताओं से बहुत नाराज हैं, क्योंकि ये मतदाता रोज-रोज उनसे अपने गैरकानूनी और गलत कामों की पैरवी कराने के फेर में रहते हैं। बताते हैं कि शिवशंकर प्रसाद यादव का निधन हुआ, तो उनके पास से केवल सात रुपये निकले थे।

---

# बंगाल का रण 'मां, माटी, मानुष' में जुड़ गया 'माछ'

**शंकर**

**मोहन** बागान के 'चिंगरी' (टाइगर प्रॉन) और इस्ट बंगाल के 'इलिश' (हिलसा) पूरे देश में फेमस हैं। दोनों प्रजातियों की मछलियां बंगाल में हिंदू धार्मिक अनुष्ठानों में अभिन्न भूमिका निभाती हैं। बंगाल में मछलियां सिर्फ खान-पान से संबंधित नहीं



हैं, बल्कि बंगालियों की एक बड़ी संख्या ऐसी है, जिनके जीने का एक तरीका है। अब इस चुनावी मौसम में तृणमूल कांग्रेस इन मछलियों को बीजेपी के गले की हड्डी बनाने में जुट गयी है। तृणमूल के 'मां-माटी-मानुष' नारे में एक और 'एम' जुड़ गया है, यह है 'माछ' (मछली)। मछली को टीएमसी बीजेपी के खिलाफ चुनाव में यूज करने लगी है। ऐसा तब हुआ, जब पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री मोदी ने आरजेडी नेता तेजस्वी यादव पर नवरात्रि के दौरान मछली खाने के लिए कटाक्ष किया। तेजस्वी ने स्पष्ट किया कि मछली खाते हुए उनका वीडियो क्लिप 8 अप्रैल का है और देर से पोस्ट किया। हालांकि पीएम मोदी ने उनके नवरात्र पर यह वीडियो पोस्ट करने को लेकर निशाना साधा।

### रैलियों में उठा रहे मछली मुद्दा

तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने वीकेंड में कूचबिहार में एक अन्य रैली की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री शायद इस बात से अनभिज्ञ हैं कि बंगाली परिवारों में कुछ धार्मिक अनुष्ठान माछ (मछली) और मंगशो (मांस) के बिना अधूरे माने जाते हैं।

---

## पूर्वोत्तर में 25 सीटों पर रोचक सियासी समीकरण

# दिल और दिल्ली से नजदीकियों का इम्तिहान

**प्रशांत**

**पूर्वोत्तर** के आठ राज्यों की 25 में से 14 लोकसभा सीट इसी असम में हैं। बीते आम चुनाव में भाजपा ने एनडीए के जरिये इनमें से 18 सीट पर कब्जा जमाया था। अब मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा का दावा है कि इस बार 22 सीट जीतेंगे। इनमें 16 भाजपा की होंगी। भाजपा का दावा यह भी है कि ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट और इंडिया-गठबंधन के बीच प्रवासी मुसलमानों के वोट बंटेंगे। फ्रंट ने पिछले चुनाव में बदरुद्दीन अजमल के नेतृत्व में एक सीट जीती थी, तो एक-एक सीट एमएनएफ और निर्दलीय, जबकि चार सीटें कांग्रेस के पास गयी थीं। भाजपा मुसलमान मतदाताओं के एक वर्ग को लेकर आशान्वित भी है। हालांकि, हेमंत बिस्व सरमा कहते हैं कि उन्हें बंगाली मुसलमानों के वोट नहीं चाहिए। अलबत्ता मुसलमान महिलाओं के 10% तक वोट मिलने की उम्मीद उन्हें भी है। बीते साल सीएए विरोध के बीच नेल्ली नरसंहार के 40 वर्ष पूरे हुए थे, तो वह मुद्दा बना था। इस बार, चुनावी वर्ष होने के बावजूद इसकी चर्चा नहीं है। मतदाताओं के बीच पीएम आवास योजना, स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम, उज्ज्वला योजना पर ज्यादा बात हो रही है। बीते साल हुए परिसीमन के बाद यह पहला चुनाव है, जो भाजपा के लिए फायदेमंद दिख रहा है। सीएम बिस्व सरमा मानते हैं कि स्थानीय समुदायों को इससे निर्णायक राजनीतिक भूमिका मिलेगी। परिसीमन का सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस के गौरव गोगोई को हुआ। उनकी कलियाबोर सीट ही खत्म हो गयी। चुनाव लड़ने उन्हें जोरहाट जाना पड़ा। सिलचर सामान्य से एससी सीट हो गयी। तेजपुर का नाम सोनितपुर कर दिया गया है। गुवाहाटी में भाजपा पहले से ही मजबूत थी, बाकी सीटों पर भी उसे मजबूती मिली है। डिब्रूगढ़ में केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल को कोई परेशानी नहीं है। हालांकि राज्य की सियासत में बदरुद्दीन अजमल अब भी असरदार बने हुए हैं।

### मणिपुर: संघर्ष से बढ़ीं भाजपा की मुश्किलें

मैतेई और कुकी समुदायों के बीच 3 मई, 2023 से शुरू हुए हिंसक संघर्ष ने भाजपा के लिए पूर्वोत्तर में चुनौती खड़ी की है। सुरक्षा बलों से लूटे गये 5,000 हथियार हिंसक संघर्ष को बढ़ा रहे हैं। हजारों परिवार विस्थापित हैं। कई लोगों के पास अपने पहचान पत्र नहीं हैं। वे मतदान को लेकर आश्वस्त भी नहीं हैं। मणिपुर में राहुल गांधी दो बार आ चुके हैं, जिसका वोटर्स में सकारात्मक असर है। मतदान से पहले पीएम नरेंद्र मोदी भी दौरा कर सकते हैं। बाहरी सीट पर दो चरणों में मतदान होगा, जो पहली बार हो रहा है। भाजपा ने यह सीट सहयोगी नगा पीपुल्स फ्रंट (एनपीएफ) को दी है। जबकि, मणिपुर इनर सीट से केंद्रीय मंत्री आरके रंजन सिंह का टिकट काट कर राज्य में



### असमः बड़े आंदोलनों की जन्मभूमि है ऊपरी असम

समृद्धि, राजनीति को किस तरह ललचाती है, इसकी मिसाल ऊपरी असम है। यह इलाका राज्य की अर्थव्यवस्था को नियंत्रित करता है। चाय बागान और तेल इस क्षेत्र की पहचान हैं। यह क्षेत्र कभी टिंबर के कारोबार का गढ़ हुआ करता था। यहीं लखीमपुर, डिब्रूगढ़ और जोरहाट सीटें हैं। इसी इलाके में असमी अस्मिता बड़ा मुद्दा बना। मूल असमियों के साथ जनजातीय, टी ट्राइब्स, हिंदी भाषी, नेपाली और मारवाड़ी यहीं बसे हैं। यहां तीन बड़े आंदोलन हुए हैं। 1979-85 के बीच छात्र आंदोलन हुआ, उल्फा की हिंसा से प्रभावित क्षेत्र भी यही था और नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के विरोध में जबरदस्त आंदोलन भी इसी इलाके में हुआ। आंदोलनों का चरित्र चुनावी सियासत से मेल नहीं खाता, लिहाजा पिछले विस चुनाव में सीएए विरोधी आंदोलन के बावजूद भाजपा ने वापसी की। सीएए का असर इसी इलाके में पड़ने के बावजूद आम चुनावों से पहले राज्य सरकार उग्र विरोध थामने में सफल रही। दूसरी तरफ, बराक घाटी क्षेत्र है, जहां बंगाली हावी हैं। असम आंदोलन का विरोध यहीं से हुआ। राज्य की सियासत में भाजपा की एंट्री भी यहीं से हुई। एनआरसी में कवर न हो पाने वाले करीब चार लाख हिंदुओं को सीएए से लाभ मिलने की उम्मीद है।

मंत्री बसंत सिंह को उतारा है। मणिपुर हिंसा के बाद भारत-म्यांमार सीमा के आर-पार मुक्त आवागमन व्यवस्था (एफएमआर) को गृह मंत्रालय ने खत्म कर दिया। माना जा रहा है, इसका मणिपुर के साथ मिजोरम और नगालैंड की एक-एक लोकसभा सीट पर व्यापक असर हो सकता है। मणिपुर सरकार एफएमआर को उपद्रवियों और मादक पदार्थ तस्करों के लिए मददगार मानती थी, लेकिन कुकी संगठनों और मिजोरम-नगालैंड के कुछ संगठनों ने इस फैसले का विरोध किया है। नगालैंड में सर्वदलीय सरकार है। भाजपा ने यहां मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो के दल नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के उम्मीदवार को उतारा है।

### मेघालय : एनडीए ने सीएम संगमा को सौंपी कमान

यहां की दो सीटों, शिलांग और तुरा में कई दल आमने-सामने हैं। शिलांग में नेशनल पीपल्स पार्टी (एनपीपी), कांग्रेस, वॉइस ऑफ पीपल पार्टी, यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी, हिल स्टेट पीपल डेमोक्रेटिक पार्टी ने प्रत्याशी उतारे हैं। वॉइस ऑफ पीपल पार्टी बाहरियों और हिंदी विरोध के मुद्दे पर पनपी है। उसके विधायकों ने सदन में हिंदी में अभिभाषण देने पर राज्यपाल से मूल प्रति छीन ली थी। भाजपा ने ये सीटें एनपीपी को दे दी हैं। एनपीपी ने दोनों पर महिला प्रत्याशी उतारे हैं। तुरा पूर्व लोकसभा अध्यक्ष पीए संगमा की परंपरागत सीट है, जो 1991 से संगमा परिवार के पास ही है। उनके बेटे कॉनराड संगमा सीएम हैं और सांसद बेटी अगाथा संगमा फिर किस्मत आजमा रही हैं। विरासत की दौड़ में अगाथा के सामने दोनों उम्मीदवार संगमा ही हैं।

### अरुणाचल : कांग्रेस की चुनौती

अरुणाचल प्रदेश पूरब और पश्चिम दो सीटें हैं। भाजपा के क्रमशः तापिर गाओ और केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू सांसद हैं। दोनों इस बार भी उम्मीदवार हैं। रिजिजू का सामना कांग्रेस के नबाम तुकी से और गाओ का कांग्रेस के ही बोसीराम सिरम से होगा। यहां विधानसभा चुनाव भी साथ ही हो रहे हैं, जिनमें भाजपा 10 सीटें पहले ही निर्विरोध जीत चुकी है। नगालैंड की इकलौती सीट अभी भाजपा की सहयोगी नेशनल डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के पास है। एनडीपीपी से डॉ. चुंबेन मुरी और कांग्रेस से एसएस जमीर किस्मत आजमा रहे हैं। मिजोरम में नयी और सत्ताधारी पार्टी जोरम पीपल्स मूवमेंट ने मजबूत उपस्थिति दर्ज करायी है। विधानसभा चुनाव में इस पार्टी ने मिजो नेशनल फ्रंट को हराया था। सिक्किम की इकलौती सीट सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के पास है। मोर्चा के इंद्रा हैंग सुब्बा फिर प्रत्याशी हैं। उनका मुकाबला भाजपा के दिनेशचंद्र नेपाल और सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट के प्रत्याशी से होगा। यहां भी विस चुनाव हो रहे हैं।

### त्रिपुराः भाजपा को विपक्ष का साथ

राज्य में दो लोकसभा सीटें हैं। 2019 में दोनों भाजपा के खाते में गयी थीं। इस बार उसे प्रमुख विपक्षी दल टिपरा मोथा पार्टी का समर्थन है। इसका नेतृत्व त्रिपुरा के पूर्व शाही परिवार के प्रमुख प्रद्योत बिक्रम माणिक्य देबबर्मा कर रहे हैं। वह त्रिपुरा की स्थानीय आबादी की पहचान, इतिहास, संस्कृति और भाषा का संरक्षण चाहते हैं। सामने कांग्रेस और माकपा गठबंधन है। दोनों एक-एक सीट आपस में बांट भाजपा और सहयोगियों का मुकाबला करेंगे। भाजपा ने यहां पूर्व सीएम विप्लव देब और पूर्व महारानी कृति सिंह देबबर्मा को अवसर दिया है।

# रामनवमी महापर्व पर 'जय श्रीराम' के जयकारे से गूंजा शहर

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** अद्भुत खेल पारंपरिक अस्त्र शस्त्रों के साथ विहंगम दृश्य बुधवार को कोडरमा जिले की सड़को पर दिखा। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मोत्सव का महापर्व रामनवमी की शान से पूरा जिला जय श्री राम के जयकारे से गूंज उठा। रामनवमी के भजनों से एक एक गली और चौक चौराहे गूंज रहा था। डंके की आवाज राम भक्तो का जोश बढ़ा रहा था। तो दूसरी तरफ बड़े-बड़े महावीरी ध्वज थामे भक्तों की भीड़ जय श्री राम के जयकारे के साथ शौर्य का प्रदर्शन कर रहे थे। हर और महावीरी ध्वज ही लहरा रहे थे। पारंपरिक प्रदर्शन के साथ लाठियों का अद्भुत खेल दिखाते युवा खिलाड़ियों के जुनून को हिंदू संगठन के कार्यकर्ता उत्साह बढ़ा रहे थे। हर एक राम भक्त भगवान राम की भक्ति में डूबा दिखा। कोडरमा, झुमरीतिलैया, सतगावां, मरकच्चो, चंदवारा, जयनगर और डोमचांच समेत अन्य जगहों पर शौर्य पराक्रम का प्रदर्शन भी हुआ। इस दौरान सुरक्षा को लेकर अधिकारी पेट्रोलिंग करते दिखे। थाना प्रभारी सुजीत कुमार भारी संख्या में पुलिस बल के साथ तैनात थे।

## झुमरीतिलैया में देर रात तक प्रदर्शन

**झुमरीतिलैया।** झुमरीतिलैया शहर और ग्रामीण इलाकों से दर्जनों की संख्या में अखाड़ा समितियों के खिलाड़ी झंडा चौक पहुंचे और अपने शौर्य पराक्रम का प्रदर्शन शुरू किया। रामभक्तों के जोश से पूरा चौक समेत शहर के कई इलाकों में जनसैलाब उमड़ पड़ा। राम भजनों की धुन के साथ डंके की आवाज के बीच खिलाड़ी अपने खेल का प्रदर्शन कर रहे थे, और जय श्री राम के साथ माता सीता और संकट मोचन हनुमान का जयकारा लगा रहे थे। इस दौरान पांव रखने तक की जगह लोगों को नहीं मिली।

## बरकट्ठा में निकाली बाइक शोभायात्रा

**बरकट्ठा।** राम जन्मोत्सव पर रामनवमी महापर्व को लेकर रामभक्तों ने बुधवार को भव्य मोटरसाइकिल शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा दुर्गा पूजा शोभा समिति, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल प्रखंड समिति बरकट्ठा के बैनर तले श्री राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली गयी। रामनवमी के अवसर पर बरकट्ठा समेत विभिन्न गांवों के दुर्गामंदिरों में आकर्षक मूर्ति लाइट और लाउडस्पीकर लगाया गया है। वही शोभायात्रा के दौरान मुख्य रूप से पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, पंसस प्रतिनिधि संजय गुप्ता, जिला परिषद प्रतिनिधि सीके पांडेय, विश्व हिन्दू परिषद अध्यक्ष संजय यादव बजरंग दल संयोजक दीपक राणा, प्रचार प्रसार प्रमुख धीरज गुप्ता, सुमन गुप्ता, दीपक महाकाल, रामनवमी पूजा समिति अध्यक्ष रामखेलावन यादव, शोभा समिति अध्यक्ष उपेन्द्र यादव, मिथलेश भारती, सुरेश राम, विक्की गुप्ता, विक्की चंद्रवंशी, युवराज गुप्ता, राज गुप्ता, विश्वाश चंद्रवंशी, रामदेव यादव, सुजल राज, राजकुमार मंडल, सूरज श्रीवास्तव, रंजन यादव, विशाल कुमार, रामजी मंडल, गुड्डू गुप्ता, दिलीप दास, बिट्टू मोदी, धीरज गुप्ता, अशोक गुप्ता, मोनू मंडल, चंदन मोदी समेत बड़ी संख्या में रामभक्त शामिल हुए।

## सड़कें गलियां दर्शकों से खचाखच भरी

**मरकच्चो।** मरकच्चो का विख्यात महा रामनवमी का महा जुलूस दिन के 3:30 बजे से शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा। हालांकि विभिन्न क्लबों की झांकियों का जुटान शाम 3 बजे से ही दुर्गा मंडप परिसर में होने लगा था जो देर रात तक चलता रहा। इसके बाद शुरू हुआ झांकियों का भ्रमण, इस दौरान मरकच्चो की तमाम सड़कें गलियां दर्शकों से खचाखच भरी थी। जुलूस के दौरान कई क्लबों थाना और ग्रामीणों के द्वारा दर्जनों जगह पर शरबत और पेयजल की व्यवस्था की गयी थी। वहीं मरकच्चो थाना के विभिन्न क्षेत्रों में रामनवमी जुलूस को लेकर कोडरमा उपायुक्त मेघा भारद्वाज, एसपी अनुदीप सिंह, कोडरमा एसडीओ रिया सिंह, डीटीओ विजय कुमार सोनी, एसडीपीओ जितवाहन उरांव ने दौरा किया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि डीजे नही बजाना है और शांति पूर्ण तरीके से त्यौहार को मनाए। किसी को ठेस नही पहुंचे इसका ध्यान रखे। उन्होंने 10 बजे रात से लाउडस्पीकर बंद करने की सलाह दी। वही मौके पर अंचलाधिकारी परमेश्वर कुशवाहा, प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो, थाना प्रभारी सौरभ शर्मा, एस आई अब्दुलाह खान, एएसआई मदन मोहन शर्मा समेत जिला पुलिस व प्रखंड पुलिस बल मौजूद थे।











## जय श्रीराम के नारों से गूंजा जयनगर

**जयनगर।** प्रखंड के सभी घरों में रामनवमी पूजा को लेकर हर्षोल्लास के साथ पूजा अर्चना कर अपने-अपने घरों में बजरंगबली का झंडा रोपण किया गया। वहीं जयनगर दुर्गा मंदिर प्रांगण में दर्जनों गांवों के लोगों ने ढोल, बाजा, नगाड़ा के साथ लाठी, तलवार, भाला आदि का प्रदर्शन दिखाते हुए शामिल हुए। वहीं जय जय श्री राम, हर हर महादेव की जय घोष से क्षेत्र राममय हो गया। सभी अखाड़ा समितियां सज धज कर जयनगर दुर्गा मंदिर के लिए अपना प्रदर्शन करते हुऐ सभी ग्राम गोदखर, कटहाडीह, खेसकरी, नवादा, लतबेधवा, डुमरी, ककरचोली, तरवन, सांथ, गोपालडीह, इरगोबाद, बागोडीह, पेठीयाबागी, लोहाडंडा आदि अखाड़ा समितियों ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाये। वहीं पिपचो पंचायत, घंघरी में राम लखन जानकी और हनुमान जी का झांकी भी निकल गया। वहीं पूजा प्रबंध समिति के अध्यक्ष राज नारायण सिंह, उपाध्यक्ष शशिकांत प्रसाद, मोहन यादव, महासचिव सतीश पांडेय, कोषाध्यक्ष चन्दन कुमार, सचिव रामकुमार, पप्पू सोनी, अंकेक्षक सुरेंद्र भाई मोदी, सुभाष स्वर्णकार, संरक्षक सुरेंद्र प्रसाद मोदी, महेश पांडेय, बालगोविंद रविदास, अमरदीप शर्मा, संतोष साव आदि सदस्यों ने आए हुए अखाड़ा समितियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

## सतगावां में निकाली गयी शोभा यात्रा

**सतगावां।** प्रखंड के बासोडीह बाजार में रामनवमी पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। जिसमें प्रखण्ड के हरेक पंचायत के नौजवान, सभी दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वहीं हटिया मैदान में कमिटी के तरफ से सभी गणमान्य लोगों को पगड़ी पहनाकर समान्नित किया गया। सैकड़ों लोगों के बीच भगवा गमछा देकर सम्मानित किया गया। जय श्री राम के नारों से पूरा प्रखण्ड गुंजायमान हो गया। सभी भक्त घर मे रामनवमी मनाकर हटिया मैदान में 12 बजे से जमा होना शुरू हुआ। यहां सुरक्षा के लिए पुलिस बल के जवान तैनात दिखे।

## भगवान के स्वरूपों की सजायी झांकियां

**चंदवारा।** प्रखंड में रामनवमी उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया, हर जगह पर भक्तिमय वातावरण रहा। रामनवमी के अवसर पर पूरे प्रखंड क्षेत्र में भगवान श्रीराम की विशाल शोभायात्रा निकाली गयी जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने शामिल होकर शोभायात्रा को ऐतिहासिक बना दिया। हर चौराहे पर भगवान की शोभा यात्रा के स्वागत के लिए अलग इंतजाम था। प्रखंड क्षेत्र के हर गली चौराहे पर भगवा रंग दिखाई दे रहा था। भगवान श्रीराम की शोभायात्रा में जहां भगवान के स्वरूपों की झांकियां सजाई गयी थी। विभिन्न चौक चौराहों पर सैकड़ों की संख्या में युवा जय श्री राम का उद्घोष के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। जय श्रीराम के जयकारे से पूरा शहर गूंज उठा। रामजी की निकली सवारी, रामजी की लीला है न्यारी, श्रीराम जी चले न हनुमान के बिना सहित अन्य भजनों के बीच भक्त झूम रहे थे। शोभायात्रा को लेकर प्रशासन भी अलर्ट था। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बल तैनात रहे।

## लड्डू बांट कर मनाया रामनवमी

**हजारीबाग।** हजारीबाग यूथ विंग ने हजारीबाग की इंटरनेशनल रामनवमी को लेकर पिछले दो वर्षों की भांति वर्तमान वर्ष भी एक अनोखा पहल किया और लगातार तृतीय वर्ष लड्डू महाभोग का वितरण कर रामनवमी का उत्सव धूमधाम से मनाया। अलौकिक राम दरबार बनाया गया जिसकी पूजा अर्चना पुजारी रोशन पांडे के द्वारा कराया गया। वहीं यजमान स्वरूप संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन और उनकी धर्मपत्नी लता जैन ने पूजा अर्चना किया। मौके पर विशेष रूप से भाजपा लोकसभा प्रत्याशी सह सदर विधायक मनीष जायसवाल, सहित कई अन्य लोग उपस्थित हुए और लड्डू भोग का वितरण आमजनों के बीच कर सबों को रामनवमी महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दिया। संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने कहा की लडडू महाभोग वितरण के माध्यम से हमने एक कोशिश किया है की मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव को हजारीबागवासियों के साथ सेलिब्रेट किया जाये। कार्यक्रम को विशेष रूप से सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष करण जायसवाल, सचिव संजय कुमार, सह सचिव डॉ बी वेंकटेश, उपाध्यक्ष विकास केसरी, जय प्रकाश खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल, कार्यक्रम संयोजक अभिषेक पांडे समेत अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

## बड़कागांव में आर्केस्ट्रा का किया आयोजन

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के सिकरी में मां बसंती दुर्गा पूजा समिति द्वारा रामनवमी के अवसर पर बुधवार को आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया। आर्केस्ट्रा की शुरूआत पूजा समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र पासवान द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गयी। इसके बाद एक से एक रंगा-रंग कार्यक्रम की प्रस्तुति गयी। कार्यक्रम में दर्शक झुमते हुए नजर आये कार्यक्रम देखने के लिए मैलैट्टन में हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित है और विभिन्न गांव से मैलाटन में झांकियां भी आयी जिनका पूजा समिति द्वारा स्वागत किया गया। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र पासवान, सचिव कृष्णा सिंह, संयोजक स्वरूप नारायण सिंह, अशोक कुमार गुप्ता, भोला कुमार गुप्ता, रामजी प्रसाद सिंह, हरिश्चंद्र प्रसाद मनोरंजन मंत्री पृथ्वीराज गुप्ता, बसंत नारायण सिंह, जय नारायण सिंह, रामप्रसाद महतो, तालेश्वर कुमार महतो, दंडाधिकारी पंकज कुमार दास, सब इंस्पेक्टर रामराज सिंह, आचार्य आनंद पाठक, पुजारी फूलचंद गिरी, कैलाश पांडेय, सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बरियातू के युवक की गोली मार कर हत्या

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** केरेडारी थाना क्षेत्र के ग्राम कंडाबेर बरियातू के ज्ञान ज्योति स्कूल के पास दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवार बरियातू निवासी ननक साव के पुत्र योगेंद्र कुमार साव के छाती में (उम्र 29) गोली मार दी गयी। यह घटना बुधवार 6:30 बजे संध्या की है। मृतक के साथी और एक अन्य परिजन बड़कागांव अस्पताल इलाज हेतु लाया। जहां चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनामिका कुमारी इलाज की। उन्होंने बताया कि गोली लगने के कारण पहले से ही योगेंद्र कुमार साव की मौत हो चुकी थी। चिकित्सा पदाधिकारी अनामिका कुमारी ने इसकी जानकारी बड़कागांव थाना को दूरभाष पर दी। घटना के संबंध में मृतक के साथी साहेब कुमार ने बताया कि हम लोग हटरीया टांड़ बेलतू मेला से अपने मोटरसाइकिल टीवीएस राइडर से अपना घर बरियातू जा रहे थे। इसी दौरान ज्ञान ज्योति स्कूल के पास दो मोटरसाइकिल अज्ञात युवक ओवरटेक कर दो गोली चलाई। एक गोली पीछे बैठे साहेब कुमार के कनपटी से होते हुए गुजरी। जिससे वह बाल बाल बच गया। जबकि दूसरी गोली मोटरसाइकिल चला रहे युवक योगेंद्र कुमार साव के छाती में गोली लगी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। घायल होने के बाद साहेब कुमार अपने संबंधी रामचंद्र साव को बुलाया। दोनों युवक गोली लगे युवक को बड़कागांव अस्पताल इलाज हेतु लाया। घटना की सूचना पाकर परिजन बड़कागांव अस्पताल पहुंचा। युवक को मृत्यु देखकर लोगों का बुरा हाल था। मृतक के परिजानो ने बताया कि योगेंद्र कुमार अपने पीछे पत्नी ममता देवी, 7 वर्षीय पुत्र अमित कुमार और 6 वर्षीय पुत्र मनु कुमार छोड़ गये।

## ढिबरा लदे तीन वाहन जब्त, दो गिरफ्तार



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा वन विभाग के टीम ने बुधवार की सुबह लखीबागी एसपी कोठी के समीप रेंजर के नेतृत्व में ढिबरा लदे तीन 709 वाहन जब्त किया गया। मिली जानकारी के अनुसार रेंजर को मिली गुप्त सूचना के आधार पर ढोलाकोला जंगल से ढिबरा लोड करके कई वाहन तिलैया की तरफ जा रहे, जिसके बाद वन विभाग की गाड़ी को देखते हुए गाडी स्पीड में भगाने लगे। लखीबागी के समीप इन तीन वाहनों को जब्त किया गया। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तो में रोहित कुमार मेहता पिता बलराम मेहता ग्राम ढोढाकोला, गुल्ली सिंह पिता रामेश्वर सिंह ग्राम ढोलकोला साफी के नाम शामिल है। इसके बाद वन विभाग के टीम ने गाड़ी ढिबरा लदे 709 वाहन जप्त करके वन परिसर लाया गया, वहीं पकड़े गये दोनों लोगों को जेल भेज दिया गया। गाड़ी में ढिबरा लगभग 15 टन लोड बताया जा रहा है जिसकी कीमत लगभग 2 लाख बताई जा रही है। मौके पर उस्मान अंसारी, छत्रपति शिवाजी, गोपाल यादव आदि मौजूद थे।

## दो अंग्रेजी शराब दुकान सील

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में अंग्रेजी शराब दुकान को बुधवार को सील कर दिया गया। इस संबंध में बताया जाता हैं कि झारखंड राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र बिहार राज्य के नवादा जिले में 19 अप्रैल को मतदान है। मतदान को शांति व्यवस्था कायम करने के लिए चुनाव आयोग के दिशा निर्देश को देखते हुए प्रशासन के द्वारा अंग्रेजी शराब के दो दुकानों को 19 अप्रैल तक के लिए सील कर दिया गया ताकि सीमावर्ती क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो सके।

## हजारीबाग की सड़कों पर आज निकलेंगी सौ से अधिक झांकियां

24 घंटे रामभक्त सड़क पर उतर लगायेंगे जय श्रीराम के जयकारे

दीपक सिंह

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग का इंटरनेशनल रामनवमी को लेकर महीनों से जारी प्रशासन और रामभक्तों की तैयारी पूरी हो चुकी है। आज दशमी की रात सौ से अधिक झाकियां हजारीबाग की सड़को पर उतरेंगी जो एकादशी को देर शाम समाप्त होगी। रामभक्त 24 घंटे से अधिक समय तक सड़क पर उतर जय श्री राम के जयकारा करेंगे। सैकड़ों अखाड़ों के लोग भगवान श्रीराम के आदशों का अनुशरण करते हुए साम्प्रदायिक सद्भाव और भाईचारगी का संदेश देने हेतु हाथों में केशरिया परचम लिए एक अद्भुत जोश, जूनून और उमंग के साथ तासों की पुरनूर झंकार और गडगडाहट, लाठियों के तड़तड़ाहट, नुक्कड़ों के शोर के जोर संग थिरकते नाचते झूमते सड़क पर उतरेंगे। इस दौरान सामाजिक जागरूकता, राष्ट्रीय एकता, भारतीय संस्कृति और सभ्यता, धार्मिकता और सामाजिकता के साथ भाईचारगी का संदेश बिखेरता दर्जनों ऐतिहासिक झांकियों का कतारबद्ध कारवां, नन्हें-नन्हें विद्युतीय बल्बों से निकलती रोशनी के बीच चुधियाती आंखें और अखाड़ा धारियों द्वारा लाठी, डंडा, भुजाली, तलवार आदि से कला कौशल का हैरतअंगेज कारनामे दिखाना जुलुस को और मनोहारी बना देता। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, देवों के देव महादेव और वीर बजरंगबली के नारे से हजारीबाग के चारों दिशाएं गूंज उठती है। जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं के सेवार्थ अल्पाहार हेतु चना और पेयजल की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी और खोया पाया केंद्र भी लगाया जायेगा। हजारीबाग रामनवमी जुलूस का मार्ग भी सुनिश्चित किया गया है। झंडा चौक, बड़ा अखाड़ा, महावीर स्थान चौक, ग्वाल टोली होते हुए जामा मस्जिद रोड में जुलूस समाप्त होता है। झंडा चौक के निकट प्रशासन का वॉच टावर बनाया गया है, जहा से डीसी, एसपी समेत जिले के वरीय पदाधिकारी पूरे जुलूस पर नजर रखेंगे।



## रामनवमी जुलूस रूट निर्धारण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

# झुरझुरी में वोट बहिष्कार करने का लिया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** प्रखंड के झुरझुरी पंचायत में रामनवमी का जुलूस पूर्व निर्धारित रूट के अनुसार निकालने की अनुमति नहीं मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष जुलूस के रूट में परिवर्तन किया गया था। जबकि उससे पहले का रूट अलग था। ग्रामीण व जनप्रतिनिधि वर्षों से चले आ रहे निर्धारित रूट अनुसार जुलूस घूमने की अनुमति प्रशासन से मांग रहे हैं। इस निमित्त प्रशासन और ग्रामीणों के बीच तीन बार बैठक हुई और बात नहीं बनी। एसडीपीओ सुरजीत कुमार का कहना है कि आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए पिछले वर्ष का ही रूट मान्य होगा। कहा कि अधिकारियों से मार्ग परिवर्तन संबंधित किसी प्रकार का आदेश प्राप्त नहीं है इसलिए वही रूट मान्य होगा जो ठीक पिछले वर्ष का है। इस संबंध में बुधवार को झुरझुरी के ग्रामीण और जनप्रतिनिधियों की बैठक हुई और प्रशासन से पूर्व रूट की अनुमति नहीं मिलने पर आक्रोश जताया। पंसस प्रतिनिधि रामेश्वर महतो ने कहा कि हमारे यहां हिंदू मुस्लिम या अन्य किसी प्रकार का विवाद नहीं है। हम सब भाईचारे एवं प्रेम से रहते हैं। उन्हें पूर्व वर्षों के रूट पर जुलूस घूमने से कोई परेशानी नहीं है। लेकिन प्रशासन के द्वारा अनुमति नहीं दी जा रही है। कहा कि जल्दी हम लोग हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटायेंगे। इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गयी है। इसके बाद जो निर्णय होगा वह मानेंगे। वहीं स्थानीय ग्रामीण लालमोहन प्रसाद ने कहा कि हमारे यहां 50 वर्षों से रामनवमी पूजा हो रही है। हर बार हम लोग जीटी रोड होते हुए जुलूस निकाले हैं, जिसका लाइसेंस भी है। लेकिन कुछ कारण से पिछले वर्ष रूट में परिवर्तन किया गया। अब प्रशासन दबाव डालकर हम लोगों का जुलूस बाधित कर रही है। गांव में लोग पूजा पाठ करना बंद कर दिए हैं। इसे पब्लिक में आक्रोश है। कहा इस मामले में तत्काल चुनाव आयोग को संज्ञान लेना चाहिए और वर्षों से चले आ रहे जुलूस रूट पर जुलूस घूमने की अनुमति देना चाहिए। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष राजकुमार चौधरी, सचिव दीपक कुमार, कोषाध्यक्ष बिट्टू यादव, मुखिया प्रतिनिधि सुखदेव यादव, भीम प्रसाद, लालमोहन प्रसाद, राजेश कुमार, सिकंदर प्रसाद, मुकेश कुमार, महेंद्र प्रसाद, मुकेश प्रसाद, वार्ड सदस्य सहदेव प्रसाद, मनोज कुमार, छोटीलाल प्रसाद, सुरेश प्रसाद, चेतलाल प्रसाद, चंद्रिका प्रसाद समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



## भक्तों पर लाठी चलाना प्रशासन को पड़ा महंगा: उपप्रमुख

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड अंतर्गत कांडतरी पंचायत के महूदी गांव, रामनवमी पूजा को लेकर देश भर में प्रसिद्ध है। महूदी में लगभग 40 वर्षों से रामभक्तों के द्वारा शोभायात्रा निकालने पर प्रशासन के द्वारा बैरियर लगाकर रोका जाता रहा है। किन्तु वर्ष 2024 में महा अष्टमी में बिना प्रशासन की उपस्थिति में महूदी का शोभायात्रा बिलकुल शांतिपूर्ण तरीके से सोनपुरा मेलाटांड़ पहुंची। इस संबंध में बड़का गांव के उप प्रमुख वचन देव कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि वहां के स्थानीय हिंदू-मुस्लिम में किसी तरह का कोई वाद-विवाद उत्पन्न नहीं हुआ। महूदी के रामभक्तों ने सोनपुरा मंदिर में पूजा अर्चना कर पुनः शोभायात्रा उसी रास्ते से प्रस्थान की। रामभक्त काफी संख्या में श्रीराम की जयघोष करते शांतिपूर्ण तरीके से जा रहे थे। आनन-फानन में प्रशासन की टीम महूदी मार्ग पहुंची और प्रशासन के द्वारा महूदी मार्ग में कई जगहों पर बैरियर लगा दिया गया। ततपश्चात प्रशासन की टीम के द्वारा शोभायात्रा को बलपूर्वक रोका गया। सभी रामभक्त हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय के आने का इंतजार कर रहे थे। इधर जिला से आये एसी, एसडीओ शैलेश कुमार, बड़कागांव एसडीपीइओ कुलदीप कुमार के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, बड़कागांव उपप्रमुख बचनदेव कुमार, विस्थापित संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शिवलाल महतो, बड़कागांव मध्य जिला परिषद सुनीता देवी, हिंदू प्रचारक अमन कुमार के उपस्थिति में महूदी के सदर साहब समेत मुश्लिम भाइयों के बीच लम्बे समय तक वार्ता हुई। अंधेरा होने के कारण कतारबद्ध तरीके से महिलाओं को सुरक्षित उनके घर पहुंचाने के लिए आपसी सहमति बनी। बड़कागांव उपप्रमुख ने यह भी कहा है कि इस घटना के अंजाम का श्रेय सिर्फ और सिर्फ एसडीओ हजारीबाग को जाता है।



## बड़कागांव प्रखंड के कई गांवों का निरीक्षण

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड के ग्राम महुदी घटना को लेकर हजारीबाग के एसपी अरविंद कुमार सिंह शांति कायम करने को लेकर अपराह्न 3:00 बजे से प्रखंड के कई गांवो में दौरा किया और क्षेत्र की स्थितियों की जायजा लिया। एसपी श्री सिंह बड़कागांव, बादम, हरली चौपदार बलिया, नया टांड़, विश्रामपुर का निरीक्षण किया। इसके बाद बड़कागांव थाना में 5:30 बजे से लेकर देर शाम तक पुलिस के साथ मंत्रना की। समाचार लिखे जाने तक देश की अरविंद कुमार सिंह पुलिस कर्मियों के साथ बैठक कर रहे थे। एसडीपीओ कुलदीप कुमार, थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में महुदी में पुलिस बल तैनात है। क्षेत्र में शांति का माहौल है। पुलिस द्वारा महुदी में विवादित मार्ग में ब्रैकेटिंग लगाया गया है। इधर बड़कागांव थाना में मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि महुदी शांति का माहौल है। बड़कागांव थाना क्षेत्र के सभी जगह लोग पूजा कर रहे हैं और कई स्थानों में मेले का आयोजन शांतिपूर्वक हो रही है।

# जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा रामगढ़

**चट्टी बाजार में लगा चलंत झांकी का जमावड़ा, कई स्थाई झांकियों का हुआ उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता





**रामगढ़।** नवरात्र का अंतिम दिन और रामनवमी का पर्व शहर में धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न मंदिरों में सुबह से भक्तों की भीड़ उमड़ी। मंदिरों में अनुष्ठान चलता रहा। पर्व को लेकर शहर में चलंत झांकी निकाली गयी। चलंत झांकी सुभाष बाल मंडली दुसाध मोहल्ला, श्री श्री रामनवमी पूजा समिति किला मंदिर, शिवनंदन अखाड़ा सहित के अन्य पूजा समितियों द्वारा आकर्षक झांकियां निकाली गयी। इस दौरान ताशा पार्टी के साथ चट्टी बाजार तक पहुंची। नन्हे मुन्ने बच्चे राम, लक्ष्मण, भरत, सीता के रूप में बहुत सुहा रहे थे। वही, कई स्थानों पर स्थाई झांकी स्थापित की गई है, तो कई अखाड़ों ने अष्टमी की रात शस्त्र पूजा के बाद जुलूस निकाला। जय श्री राम के नारे से रामगढ़ की पूरी धरती गूंज उठी। लगभग 10 अखाड़े ने पारंपरिक शास्त्रों के साथ जुलूस निकाला और जय श्री राम के नारे लगाए।

**स्थाई झांकी देखने को लेकर उंगली भीड़:** रामनवमी पर्व को लेकर शहर के लोहार टोला स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, वीर शिवाजी युवा सेवा संघ, श्री श्री प्राचीन महावीर मंदिर झंडा चौक, संकट मोचन हनुमान मंदिर थाना चौक, श्री राम मंदिर नई सराय चौक, बाजार टांड़ स्थित रामगढ़ युवा संघ ने स्थाई झांकी का आयोजन किया गया। वही, चट्टी बाजार स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा भगवान श्री राम जी की मंदिर का प्रारूप बनाया गया, देखते ही बन रह था। झांकी देखने को लेकर काफी भीड़ उमड़ी, जो देर रात तक चलती रही।

**शिव तांडव देख लोग हुए भावुक :** शहर के पंचमुखी हनुमान मंदिर समिति के द्वारा स्थाई झांकी में कलकत्ता के कलाकारों के द्वारा कई अलग-अलग विषयों पर नृत्य और संगीत प्रस्तुत किये गये। झांकी का उद्घाटन संरक्षक जुगल जायसवाल, बिमल बुधिया, प्रो संजय सिंह, कृष्ण सोनकर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान झांकी में शिव तांडव देख लोग भावुक हो गये। इस अवसर पर अध्यक्ष विजय जायसवाल, सचिव सुनील वर्णवाल, शिव दांगी, रामानंद दांगी, मनोज अग्रवाल, अजय जायसवाल, पंकज दांगी, शेखर गुप्ता, सौरभ जायसवाल, रोबिन गुप्ता आदि उपस्थित थे।

**झांकी में दिखा राम दरबार का दृश्य:** लोहार टोला स्थित वीर शिवाजी युवा सेवा संघ के द्वारा बनाई गई स्थाई झांकी में राम दरबार का दृश्य दिखा। कानपुर से आये कलाकारों ने राधे कृष्णा और भगवान शंकर पर आधारित पेश किया, जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा।

**चैती दुर्गा मां की प्रतिमा की हुई पूजा :** शहर के सौदागर मोहल्ला में चैती दुर्गा मां की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गयी। 9 दिनों की पूजा के बाद दशमी को प्रतिमा का विसर्जन किया जायेगा। नवमी के दिन मां दुर्गा का दर्शन करने के लिए सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचे।

**सुरक्षा को लेकर गश्त लगाते रही पुलिस :** शहर के चट्टी बाजार, सौदागर मोहल्ला, दुसाध मोहल्ला के अलावा सभी चिन्हित स्थानों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल की मौजूदगी रही। वरीय पदाधिकारी सुरक्षा को देखते हुवे गश्त लगाते रहे। एसडीओ आशीष गंगवार, एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, अंचल अधिकारी सत्येंद्र नारायण पासवान, थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अजय कुमार साहू पूरे क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। जिन स्थानों पर भी झांकी लंबे वक्त तक रुकी, वहां पर तत्काल रास्ते को खाली करने का प्रयास किया गया।

## कुजू में उत्साह के साथ मना रामनवमी पर्व



कुजू(आजाद सिपाही)। कुजू कोयलांचल क्षेत्र में रामनवमी पर्व पूरे उत्साह के साथ धूमधाम से मनायी गयी। विभिन्न पूजा समितियों द्वारा इस अवसर पर महावीरी झंडों के साथ क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर अखाड़ों में झंडों का मिलान किया गया। कुजू कोलियरी, कुजू बस्ती, कुंदरियाबांध, डटमामोड़, ओरला, तोपा, करमा, रतवे, आरा सारूबेडा, दिगवार, बोंगावार आदि स्थानों से गाजे-बाजे के साथ महावीरी पताकों के साथ निकले समिति के लोग अपने नजदीक अखाड़ा पहुंचे। इस दौरान शामिल भक्तों के जय श्री राम, जय हनुमान के उद्घोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। विभिन्न समितियों द्वारा महावीरी पताकों से सुसज्जित होकर अनोखा और अदभुत झांकियां निकाली गयी। महावीर मंडल कुजू बस्ती, कुंदरिया बांध समेत कई समितियों द्वारा निकाली गयी झांकी को देख लोग मंत्रमुग्ध हो गये। इस बीच लोगों ने पारंपरिक लाठी, तलवार आदि से हैरत भरे करतब दिखा कर लोगों को दांतो तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। जुलूस में गाजे-बाजे पर लोग जमकर थिरके। वहीं, कुजू ओपी प्रभारी दिगम्बर पांडेय की अगुवाई में कुजू पुलिस डटे रहे।

## भुरकुंडा में उमड़ा आस्था का जन सैलाब





भुरकुंडा(आजाद सिपाही)। रामनवमी पर्व को लेकर बुधवार को जय श्रीराम, जय हनुमान, भोले बाबा की जय आदि भक्ति उद्घोषों से भुरकुंडा कोयलांचल, भुरकुंडा, बासल सहित आसपास का ग्रामीण इलाका गूंजता रहा। पर्व को ले श्रीश्री रामनवमी पूजा समिति लक्ष्मी टॉकीज भुरकुंडा के तत्वावधान में ऐतिहासिक रामनवमी मैदान में आयोजित मेला में हजारों की संख्या में श्रीराम-हनुमत भक्त महावीरी पताकों व आकर्षक झांकियों के साथ शामिल हुए। रामनवमी मेला का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। रामनवमी पर्व भुरकुंडा, भदानीनगर, लपंगा, बासल, सौंदा डी, सेंट्रल सौंदा, रिवर साईड सहित ग्रामीण इलाकों में हर्षोल्लास, धूमधाम व एकता-भाईचारगी के साथ मनाया गया। लक्ष्मी टॉकिज भुरकुंडा स्थित ऐतिहासिक रामनवमी मैदान में रामनवमी का भव्य मेला लगा। जिसमें आस्था का जन सैलाब देखने को मिला। इस दौरान कई झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रही। खिलाड़ियों ने पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र का हैरत अंगेज प्रदर्शन कर सबको रोमांचित कर दिया। वहीं रामनवमी मेले में उच्चे झंडे की होड़ लगी रही। रामनवमी मेला में आये विभिन्न समितियों व अखाड़ों के विजेता टीमों को अतिथियों द्वारा मेडल-ट्रॉफी व प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। निर्णाय मंडली में भुरकुंडा प्रोजेक्ट अभियंता अंकुर विश्वनाथ, प्रोजेक्ट अभियंता अभिनव कुमार, जुबिली कॉलेज के प्राचार्य एनके तिवारी और मनोज कुमार शामिल थें। रामनवमी मैदान में जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के मद्देनजर भीड़ पर ड्रॉन कैमरा से नजर रखी जा रही थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सह पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम और संचालन कोषाध्यक्ष योगेश दांगी, मीडिया प्रभारी रितेश मिश्रा और उपाध्यक्ष मुकेश राउत ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर मुख्य रूप से। जिप उपाध्यक्ष रीता देवी शिवचरण महतो, टिकेस्वर महतो, प्राचार्य विजयंत कुमार चमनलाल, दिलीप दांगी, रामफल बेदिया, राजन करमाली, जाकतार सिंह, संतान सिंह, सीताराम मुंडा सहित दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद थे।

**विधि-व्यवस्था बनाये रखने में तैनात रहा पुलिस-प्रशासन**

जुलूस व मेला के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने में पतरातू एसडीपीओ डॉ. बिरेंद्र कुमार राम, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक, बासल पुलिस के नेतृत्व में सशस्त्र दल बल मुस्तैदी से तैनात दिखें। साथ ही ड्रॉन से भी नजर रखी जा रही थी।

**अखाड़ों द्वारा निकाली आकर्षक झांकियां**

रामनवमी के अवसर पर विभिन्न अखाड़ों द्वारा आकर्षक झांकियां निकाली गई। जिसमें मतकमा, अम्बेडकर क्लब लादी, महावीर मंडल लादी, शिवनगर चिकोर, उपर चिकोर, लपंगा, महुआ टोला, कुरसे, देवरिया, रेलवेस्टेशन, हनुमान मंदिर भदानीनगर, संकट मोचन मंदिर भुरकुंडा, हनुमानगढ़ी जवाहर नगर, भुंइया टोला जवाहर नगर, पगला आश्रम जवाहर नगर, सनातन सेवा पटेलनगर, नवयुवक संघ भुरकुंडा सहित कई जगहों से महावीर पताकों के साथ भारी संख्या में रामभक्तों ने जुलूस निकाला। मेले में आये ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पतरातू प्रखंड प्रमुख कौशल्या देवी ने कहा कि रामनवमी पर्व आपसी भाईचारगी व एकता का प्रतीक है। भगवान राम के महोत्सव को हम भारतवासी रामनवमी के रुप में मनाते है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन वास्तव में भुरकुंडा में आपसी सौहार्द को बढ़ाता है। इसमें सभी धर्म के लोगों का प्रेम झलकता है। यहां उमड़ा जनसैलाब यह साबीत करता है कि भुरकुंडा का रामनवमी जिले ही नही राज्य में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने सबों को रामनवमी पर्व की बधाई देते हुए क्षेत्र में हमेशा अमन-चैन व एकता-भाईचारगी का माहौल बनाये रखने की अपील की। रामनवमी मेला को सफल बनाने में श्रीश्री रामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष मनोज राम, महासचिव प्रदीप मांझी, संरक्षक टिकेश्वर महतो, अमित साहू, मुकेश राऊत, कैलाश प्रसाद, ब्यास पांडे, राजेंद्र मुंडा, राणा प्रताप सिंह, विनय सिंह चौहान, शिवचरण महतो, विश्वरंजन सिन्हा, बिरेंद्र यादव, सतीश मोहन मिश्रा, अजय साहू, लक्खी राणा, रंजीत गुप्ता, इन्द्रजीत छाबड़ा, शंकर मांझी, बिहारी मांझ,अजय साहू, रितेश मिश्रा, रोहित सोनी, फुलेस्वार राम, सहित दर्जनों लोगों का विशेष योगदान रहा।

## मांडू में रामनवमी पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया



मांडू (आजाद सिपाही)। मांडू व इसके आस पास के क्षेत्रों में रामनवमी पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। रामनवमी पर्व के मौके पर बुधवार को मांडू चट्टी स्थित हनुमान मंदिर में बजरंग बली की प्रतिमा स्थापित कर आचार्य विकास पांडेय ने पुजारी दीपक कुमार को पूरे वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कराया। इसके बाद पुष्पांजलि किया गया। साथ ही रामभक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। बाद में संध्या बेला में क्षेत्र के मांडूडीह, मांडूचट्टी, टकाहा, गरगाली, गोविंदपुर आदि के रामभक्तों ने अपने अपने कंधों में महावीरी झंडों को लेकर जय बजरंग बली, जय जय श्री राम, हनुमान की जय, लाल लंगोटी लाल निशान जय बजरंगी जय हनुमान आदि जयकारा लगाते हुए क्षेत्र का भ्रमण करते मांडूचट्टी हनुमान मंदिर पहुंचे। जहां सभी महावीरी झंडों का जुटान हुआ। इधर चैती दुगार्पूजा में महानवमी के दिन क्षेत्र के सभी पूजा पंडालो में मां के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा पूरे विधिवत रूप से की गयी। श्री श्री पड़ाव दुर्गा मंदिर में आचार्य निरंजन पांडेय, आशीष पांडेय, मांडू बस्ती दुर्गा मंदिर में आचार्य वीरेंद्र पांडेय, रविन्द्र पांडेय और अति प्राचीन शिव मंदिर (मनोकामना बाबा) स्थित माता वैष्णो मंदिर में आचार्य पीयूष पांडेय और आनंद पांडेय ने पुजारियों को पूजा अर्चना कराया। इसके बाद सभी पूजा पंडालो में हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही सभी दुर्गा मंदिरों में नौ कन्या भोजन कराया गया। इधर पूजा को लेकर लोगो में काफी उत्साह है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-टीएल-2-24-25, दिनांक 16.04.2024।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 09.05.2024 को अपराह्न 05.00 बजे या उसके उपरांत खोले जाने के लिए निर्धारित है। **संक्षिप्त विवरण/कार्य का नाम:** रांची मंडल के हटिया आधारित टीएल कोचों का रखरखाव ठेका। **निविदा लागत:** ₹ 2,76,49,273.62। **ईएमडी / बयाना प्रतिभूति:** ₹ 2,88,300/-। **निविदा बंद करने की तारीख एवं समय:** 09.05.2024 को अपराह्न 05.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण :** https://www.ireps.gov.in/ निविदा का विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास श्रेणी-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए तथा वे आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होने चाहिए। ई-निविदा में सिर्फ पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ही भाग ले सकते हैं। (PR-48)

**Affidavit**

As per Affidavit Sl.No.:66, Date:16.04.2024, I Mahendarkar Balanandam S/O Mahender Kar Kishan Rao residing at Village YalalTehsil- Yalal Dist- Vikarabad (Telangana) 501144, do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
1. That I am an Indian Citizen and residing at above mentioned address.
2. That my Father's actual and correct name is Mahender Kar Kishan Rao and Date of birth is 01/01/1966 which is correctly mentioned in his ADHAR Card bearing No-6511 9800 4940 but in my Service Book It is wrongly mentioned as M kishan rao and Date of birth as 15/05/1966.
3. That my Mother's actual name is Mahender Kar Aruna Bhai her date of birth is 01/01/1971which is correctly mentioned in her ADHAR Card bearing No-4542 5517 2168 but her name written in my Service Book/record as ARUNABAI and Date of birth as 01/12/1971.
4. That Mahender Kar Kishan Rao and M kishanrao both names are same and belongs to one/same person i.e. My Father.
5. That Mahender kar Aruna Bhai and Arunabai both name are same and belongs to one/same person i.e. My Mother.
6. Those aforesaid contents are true to best of my knowledge.

## वन विभाग की ओर से श्रद्धालुओं में बांटा गया चना और गुड़




हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सुप्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कौलेश्वरी मेला में आये श्रद्धालुओं के लिए गुड़ चना का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वन क्षेत्र पदाधिकारी सूर्य भूषण कुमार के द्वारा किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु गुड़ चना का आनंद लिया। मौके पर वनरक्षी पवन कुमार, मिस्टर जिन्नों, दीपक कुमार, प्रकाश कुमार सहित अन्य लोग शामिल थें।

## पतरातू में निकली आकर्षक झांकी



पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू में रामनवमी का पर्व धूम-धाम के साथ मनाया गया। पतरातू क्षेत्र के सांकुल, जयनगर, पालू, हफुआ आदि स्थानों पर रामनवमी का जुलूस निकाला गया। देर शाम पतरातू में भी रामनवमी जुलूस का आयोजन किया गया। जिसमें पूरा पतरातू भगवान श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर पतरातू में राम भक्तों ने विशाल जलूस निकालकर वातावरण को राममय बना दिया। भाजमों के केंद्रीय महासचिव निशि पांडे की अगुआई में निकले गये जुलूस में सांकुल, जयनगर कुम्हार टोला और ठाकुर टोला का जुलूस सैकड़ों वर्षो के परंपरा को निभाते हुए आकर पतरातू भगत सिंह चौक पर मिला। अखाड़ों और समितियां के राम भक्त गाजे बाजे रंग-बिरंगे महावीर पताको और देवताओं और वानर के वेशभूषा धारण किये आकर्षक झांकी के साथ जुलूस में चल रहे थे। इस दौरान राम भक्तों ने गली-गली बजरंगबली, जय श्री राम के जयकारों के साथ पतरातू बाजार में बनें अखाड़े में प्रवेश किये। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामनवमी पूजा महासमिति के गिरजेश कुमार, पुनीत पाठक, उदय अग्रवाल, शशि पाठक, महानंद सिंह, महेंद्र गोप, नरेश साव, रवि दत्ता, मनोज साहू, सुभाष साहू, रामजी स्वर्णकार, गणेश स्वर्णकार, दिगंबर सिंह, वसंत ठाकुर आदि लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## गरीब समाजसेवी संघ ने खोली पनशाला



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भीष्म गर्मी को देखते हुए गरीब समाजसेवी संघ के सौजन्य से बुधवार को भुरकुडा एयर टेल टावर ट्रेकर स्टैंड के समीप पनशाला का शुभारंभ कराया गया। पनशाला का उद्घाटन राज नर्सिंग होम व उत्सव मैरेज हॉल के प्रोपराइटर डॉ राजेन्द्र महतो और अशोक चौहान आदि अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर डॉ राजेंद्र महतो ने कहा कि इस पनशाला के खुल जाने से ट्रेकर स्टैंड के लोगों सहित राहगीरों व आमजनो को पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। गर्मी को देखते हुए यह पनशाला लोगों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि प्यासे को पानी पिलाना बड़ा ही पूण्य का कार्य है। बताया गया कि इस पनशाला में लोगों को घड़ा का शुद्ध व ठंडा पेयजल मिलेगा। मौके पर डॉ राजेन्द्र महतो, अशोक चौहान, जगतार सिंह, संतन सिंह, विजय वर्णाल, दिनकर सिंह, बिनोद साव, राजेन्द्र मुंडा, सुभाष करमाली, अमन चौहान, लक्ष्मी देवी सहित कई लोग मौजूद थें।

# आहर में डूबने से दो सगी बहनों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**हंटरगंज / चतरा।** थाना क्षेत्र के डाहा गांव में बुधवार को एक दिल दहला देने वाली घटना घटी है। मवेशी को पानी पिलाने के लिए बनाया गया आहर में डूबने से दो सगी बहनों की मौत हो गयी। दोनों मृतक बच्ची सोमर भारती उर्फ भोला भुईयां के 10 वर्षीय पुत्री शिवानी कुमारी और 7 वर्षीय देवंती कुमारी है। दोनों मृतक बच्ची प्रखंड के डाहा गांव के अन्य तीन बच्चियों के साथ गांव के ही एक आहर में नहाने गयी थी। इसी दौरान सभी पांचों बच्चियां पानी में डूब गयी, जिसमें तीन बच्चियां किसी तरह बाहर निकलने में कामयाब हो गयी। और दो सगे बहनों की डूबने से मौत हो गयी। किसी तरह आहर से बाहर निकले तीनों बच्चे गांव में जाकर हो हल्ला किया। ग्रामीणों ने काफी प्रयास कर आहर से दोनों को बाहर निकाला। तब तक दोनों बच्चियों की मौत हो चुकी थी। घटना के समय मृतका के पिता सोमर भारती और उनकी पत्नी जीरा देवी बिहार में गेहूं काटने गए हुए थें। और बच्चे अपने दादी के पास रह रहे थे। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचकर घटना की जानकारी लिया और शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया है। वहीं रामनवमी की खुशी गम में तब्दील हो गया।

# तीन लाख की शराब जब्त, पिता-पुत्र गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** उत्पाद विभाग की टीम ने बिहार में लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने की साजिश में जुटे माफियाओं की मंसूबे पर पानी फेर दिया है। उत्पाद अधीक्षक शिव कुमार साहू की निगरानी में उत्पाद विभाग की टीम ने छापामारी अभियान चलाकर करीब तीन लाख रुपये के अवैध नकली शराब जब्त किया और इस गोरखधंधे में शामिल पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। इस दौरान इस अवैध कारोबार का मास्टरमाइंड सत्येंद्र दांगी मौके से भागने में सफल हो गया। उत्पाद विभाग की टीम ने यह कार्रवाई राजपुर थाना क्षेत्र के कोयरी टोला और राजपुर बाजार में की है। गिरफ्तार माफिया कैलाश दांगी और उसका पुत्र संजय दांगी राशन दूकान की आड़ में नकली शराब का निर्माण और तस्करी का काला धंधा संचालित कर रहे थे। उत्पाद विभाग की टीम ने मौके से नकली जहरीली शराब बनाने में प्रयुक्त बोतल और अन्य सामान भी बरामद किया है। उत्पाद अधीक्षक शिव कुमार साहू ने बताया कि बिहार के गया में पहले चरण के तहत हो रहे लोकसभा चुनाव और रामनवमी पर्व के मद्देनजर उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रमेश घोलप ने 17 अप्रैल से 19 अप्रैल शाम पांच बजे तक पूरे जिले में शराब की खरीद-बिक्री और सेवन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि राजपुर बाजार के एक किराना दूकान में अवैध तरीके से देशी-विदेशी शराब स्टॉक कर उसे बिहार में खपाने की तैयारी है। सूचना पर उत्पाद अवर निरीक्षक अभिषेक आनंद और सहायक उत्पाद निरीक्षक आशीष कुमार पांडेय समेत जवानों के साथ छापामारी अभियान चलाया गया। राजपुर बाजार में संचालित कैलाश दांगी के किराना दूकान में छापामारी किया गया। छापेमारी के दौरान दुकान से अवैध खरीद बिक्री को लेकर किंगफिशर और गॉडफादर कंपनी का बड़े पैमाने पर बियर के साथ विदेशी शराब का खेप जब्त किया गया। साथ ही मौके से दुकान संचालक कैलाश दांगी को गिरफ्तार भी कर लिया गया। इसके बाद कैलाश ने पूछताछ के दौरान शराब का अन्य अवैध स्टॉक उसके कोयरी टोला स्थित घर में रखे होने की बात कही। घर से भी देशी विदेशी शराब और बियर का स्टॉक जब्म करते हुए उसके पुत्र संजय दांगी को पकड़ा गया। अभियान के दौरान कैलाश का दूसरा पुत्र और इस अवैध कारोबार का मास्टरमाइंड सत्येंद्र दांगी मौके से भागने में सफल हो गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार कैलाश के दुकान और उसके घर से करीब एक लाख 80 हजार 960 रुपये का किंगफिशर और गॉडफादर कंपनी का 1272 बोतल अवैध रूप से स्टॉक किया गया बियर जब्त किया गया है। साथ ही करीब 57 हजार रुपये का 261 बोतल में बंद करीब 61 लीटर 365 एमएल विदेशी शराब पकड़ा गया है।

# पतरातू में चुनाव को लेकर 221 मतदान केंद्र बनाये गये

- 1,88000 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।
- 96,440 पुरुष और 91,300 महिला मतदाता ।
- कूल 281 मतदान केदो में 52 ऐसे केंद्र है जहां पुरुषों के मुकाबले महिला मतदाताओं की संख्या अधिक।

संतोष कुमार

**पतरातू।** हजारीबाग संसदीय क्षेत्र अंतर्गत पतरातू प्रखंड में भी आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक फिजा की शरगर्मिया बढ़ने लगी है। एक और जहा आम ग्रामीण चुनाव को लेकर चौराहे पर आपस में चर्चा करना शुरू कर चुके है। वही दूसरी ओर प्रशासनिक अमला भी चुनाव को लेकर सक्रिय हो गयी है। पतरातू प्रखंड में लोकसभा चुनाव को लेकर 221 मतदान केंद्र बनाये गये है। इन मतदान केंद्रों पर करीब एक लाख अट्ठासी हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें 96 हजार 414 पुरुष एवम 91 हजार 300 महिला मतदाता है। पूरे प्रखंड में पुरुषो के मुकाबले महिला मतदाताओं की संख्या करीब पांच हजार कम है। पर मजे की बात यह है की कुल दो सौ इक्कीस मतदान केंद्रों में से बावन ऐसे केंद्र है, जहा पुरुषों के मुकाबले महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। वही मतदान केंद्र संख्या 382 जो प्राथमिक विद्यालय नेहरू कालोनी रिवर साइड सौदा में है। वहा महिला और पुरुष वोटरों की संख्या 318 318 है और बूथ संख्या 422 जो उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेहल में है। वहा महिला और पुरुष मतदाताओं की संख्या 394 394 है। वही पतरातू प्रखंड में पहली पर थर्ड जेंडर के लोग भी इस लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग कर पायेंगे। उनकी संख्या कुल 12 बताई जा रही है।

## गुमटी में लगी आग, हजारों रुपये की मछली जली

**रामगढ़(आजाद सिपाही)।** शहर के राजा बांगला के समीप बुधवार की शाम अचानक एक गुमटी में आग लग गयी। इस अग्निकांड में गुमटी के अंदर रखी हजारों रुपये की मछली जलकर खाक हो गयी। जैसे ही घटना की सूचना मिली फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। गुमटी के मालिक विनोद केवट हैं और वह पुरनी मंडप के रहने वाले हैं। घटनास्थल पर पहुंची विनोद केवट के पत्नी यशोदा देवी ने बताया कि उनके पति पिछले कई वर्षों से इलाजरत हैं। इसलिए उन्होंने उस गुमटी को भाड़े पर दे दिया था। उसमे मछली का कारोबार चल रहा था। उन्होंने यह आरोप लगाया है कि पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर कुछ लोगों ने उनकी गुमटी में आग लगायी है। इस मामले की सूचना उन्होंने रामगढ़ थाने को भी दी है।

# मौसम की खुशखबरी

यह खबर वाकई राहत देने वाली है कि इस साल मॉनसून के दौरान देश में सामान्य से अधिक बारिश होने के आसार हैं। लगातार चार साल तक सामान्य और सामान्य से ज्यादा बारिश के बाद पिछले साल यानी 2023 में मॉनसून औसत से कम बारिश लेकर आया था। ऐसे में इस साल की भविष्यवाणी ज्यादा अहम हो जाती है। सोमवार को आया मौसम विभाग का यह पूर्वानुमान इस मायने में भी ध्यान खींचता है कि पिछले दस वर्षों में यह पहला मौका है, जब उसने पहले ही चरण में सामान्य से ज्यादा बारिश की बात कह दी। आम तौर पर पहले चरण की भविष्यवाणी में ज्यादा सतर्कता बरतने का चलन है। इसकी वजह शायद यह है कि पिछले साल के अल नीनो इफेक्ट के बाद इस साल ला नीना की स्थिति अच्छी बारिश की ठोस संभावना बना रही है। मौसम के बदलते मिजाज के चलते आजकल सामान्य या अच्छी बारिश की भविष्यवाणी भी आशंकाओं को पूरी तरह समाप्त नहीं करती, क्योंकि यह पता नहीं होता कि पूरे देश में बारिश का अच्छा औसत आखिरकार एक इलाके में सूखे और दूसरे में अतिवृष्टि के हालात तो नहीं पैदा करेगा। गनीमत है कि इस बार पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों को छोड़ दिया जाये तो बाकी पूरे देश में अच्छी बारिश के आसार बताये जा रहे हैं। ध्यान रहे, देश में 70 फीसदी बारिश मॉनसून के दौरान ही होती है। आज भी देश की कुल खेती का 51 फीसदी हिस्सा मॉनसून पर ही निर्भर है। उपज के लिहाज से यह करीब 40 फीसदी बैठता है। जाहिर है, अच्छा मॉनसून अपने देश में आज भी अच्छी फसल का दूसरा नाम हो जाता है। इसकी वजह से न केवल धान, मक्का, गन्ना, कपास और जूट जैसी खरीफ की फसलों में अच्छे उत्पादन की उम्मीद बनी है, बल्कि जमीन में नमी और आसपास पानी की उपलब्धता की बदौलत रबी की गेहूं, चना, सरसों जैसी फसलों को भी मदद मिल सकती है। यह स्थिति आगामी महीनों में महंगाई के मोर्चे पर हालात को काबू में रख सकती है। शुक्रवार को आये आंकड़ों के मुताबिक खुदरा महंगाई दर मार्च महीने में 4.85 फीसदी रही। यह रिजर्व बैंक द्वारा तय 2-6 फीसदी की सीमा के अंदर जरूर है, लेकिन इसे 4 फीसदी तक लाने के उसके घोषित लक्ष्य से अभी भी दूर है। फूड इन्फ्लेशन भी 8.52 फीसदी पर है। इकॉनमी कुल मिला कर भले अपनी रफ्तार बनाये हुए हो, लेकिन ग्रामीण सेक्टर में कमजोर खपत नीति निर्माताओं की चिंता का कारण है। सामान्य से अधिक बारिश की बदौलत अच्छी फसल ग्रामीण क्षेत्रों में मांग को मजबूती दे सकती है, जिससे न केवल फैक्ट्रियों के कामकाज में तेजी आयेगी, बल्कि रोजगार के मोर्चे पर भी राहत मिल सकती है।

**लगातार चार साल तक सामान्य और सामान्य से ज्यादा बारिश के बाद पिछले साल यानी 2023 में मॉनसून औसत से कम बारिश लेकर आया था। ऐसे में इस साल की भविष्यवाणी ज्यादा अहम हो जाती है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**ब्रिटेन ने कहा है कि वह इस्राइल को हथियारों का निर्यात करना जारी रखेगा। इस बढ़ते तनाव के बीच दोनों देश अपनी सैन्य क्षमता का भी प्रदर्शन कर रहे हैं। आइये जानते हैं कि इस्राइल की सेना कितनी मजबूत है? ईरानी सेना की ताकत कितनी है? दोनों देशों के पास कौन-कौन से हथियार हैं? ग्लोबल फायर पावर संस्था मौजूदा उपलब्ध मारक क्षमता के आधार पर देशों की रैंकिंग जारी करती है। किसी देश के पावरइंडेक्स स्कोर को निर्धारित करने के लिए 60 से अधिक कारकों का उपयोग करके यह रैंकिंग की जाती है।**

# इस्राइल-ईरान में किसकी सेना ज्यादा मजबूत

शिवेंद्र तिवारी

सीरिया में ईरानी दूतावास पर हमले के बाद ईरान और इस्राइल के बीच तनाव बढ़ गया है। इस हमले में ईरान के 11 सैनिक मारे गये थे, जिसका आरोप इस्राइल पर लगा। इसके बाद बीते शनिवार को ईरान ने इस्राइल पर मिसाइल और ड्रोन से हमले किये। वहीं इस कार्रवाई पर इस्राइल ने कड़ी प्रतिक्रिया देने की चेतावनी दी है।

इस तनाव के बीच दुनिया के देशों का धुरियों में बंटना भी शुरू हो गया है। ब्रिटेन ने कहा है कि वह इस्राइल को हथियारों का निर्यात करना जारी रखेगा। इस बढ़ते तनाव के बीच दोनों देश अपनी सैन्य क्षमता का भी प्रदर्शन कर रहे हैं। आइये जानते हैं कि इस्राइल की सेना कितनी मजबूत है? ईरानी सेना की ताकत कितनी है? दोनों देशों के पास कौन-कौन से हथियार हैं?

ग्लोबल फायर पावर संस्था मौजूदा उपलब्ध मारक क्षमता के आधार पर देशों की रैंकिंग जारी करती है। किसी देश के पावरइंडेक्स स्कोर को निर्धारित करने के लिए 60 से अधिक कारकों का उपयोग करके यह रैंकिंग की जाती है।

2024 के लिए जारी की गयी ग्लोबल फायर पावर रैंकिंग के अनुसार, ईरान की सैन्य क्षमता दुनिया में 14वीं सबसे बड़ी है। इसका पावरइंडेक्स स्कोर 0.2269 आंका गया है। 0.0000 का स्कोर 'परफेक्ट' माना जाता है।

वहीं दूसरी ओर इस्राइल की सैन्य क्षमता देखें तो इसकी सेना दुनिया में 17वें स्थान पर है। इस्राइल का पावरइंडेक्स स्कोर 0.2596 है।

**8.7 करोड़ आबादी वाले ईरान के पास 56 फीसदी यानी 4.9 करोड़ मैन पावर है।**




**2024 के लिए जारी की गयी ग्लोबल फायर पावर रैंकिंग के अनुसार, ईरान की सैन्य क्षमता दुनिया में 14वीं सबसे बड़ी है। इसका पावरइंडेक्स स्कोर 0.2269 आंका गया है। 0.0000 का स्कोर 'परफेक्ट' माना जाता है। वहीं दूसरी ओर इस्राइल की सैन्य क्षमता देखें तो इसकी सेना दुनिया में 17वें स्थान पर है। इस्राइल का पावरइंडेक्स स्कोर 0.2596 है।**

## किसके पास कितने सैनिक हैं?

8.7 करोड़ आबादी वाले ईरान के पास 56 फीसदी यानी 4.9 करोड़ मैन पावर है। ईरान की सेना में सैनिकों की संख्या 11.80 लाख है। इनमें से 6.10 लाख सक्रिय सैन्य कर्मी हैं, जबकि रिजर्व कर्मी 3.50 लाख हैं। ईरान में अर्धसैनिक 2.20 लाख, वायु सेना कर्मी 42 हजार, सैन्य कर्मी 3.50 लाख और नौसैनिक 18.5 हजार हैं।

इस्राइल की आबादी 90 लाख है और इसके पास 42 फीसदी यानी 37 लाख मैन पावर है। इस्राइली सेना में सैनिकों की संख्या 6.7 लाख है। इनमें से 1.70 लाख सक्रिय सैन्य कर्मी हैं, जबकि रिजर्व कर्मी 4.65 लाख हैं। इसके अलावा इस्राइल में अर्धसैनिक 35 हजार, वायु सेना कर्मी 89 हजार, सैन्य कर्मी 5.26 लाख और नौसैनिक 19.5 हजार हैं।

## दोनों देशों की सेनाओं के पास क्या-क्या है?

ईरान के सेना के पास कुल 1,996 टैंक का स्टॉक है। इसके अलावा ईरानी सेना के पास 65,765 युद्धक वाहन, 580 स्व-चालित तोपखाना, 2,050 टोड आर्टिलरी और 775 मल्टिपल रॉकेट लॉन्चर आर्टिलरी हैं।

इस्राइली सेना (आइडीएफ) की क्षमता देखें तो इसके पास कुल 1370 टैंक हैं। इसके अलावा आइडीएफ के पास 43,407 युद्धक वाहन, 650 स्व-चालित तोपखाना, 300 टोड आर्टिलरी और 150 मल्टिपल रॉकेट लॉन्चर आर्टिलरी हैं।

## किसकी वायु सेना कितनी ताकतवर है?

इस्राइल और ईरान पड़ोसी देश नहीं है और इनकी सीमा भी आपस में नहीं मिलती है। दोनों देश हजारों मील दूर से अपनी वायु सेना के जरिए संघर्ष कर रहे हैं। ईरान की वायु शक्ति के बात करें, तो इसके पास कुल 551 युद्धक विमानों का स्टॉक है। ईरान की वायु सेना के पास 186 लड़ाकू विमान, सात टैंकर बेड़ा, 129 हेलीकॉप्टर और 13 हमलावर हेलीकॉप्टर हैं।

वहीं इस्राइल की वायु क्षमता देखें तो इसके पास कुल 612 युद्धक विमानों का स्टॉक है। इस्राइली वायु सेना के पास 241 लड़ाकू विमान, 14 टैंकर बेड़ा, 146 हेलीकॉप्टर और 48 हमलावर हेलीकॉप्टर हैं।

## दोनों देशों की नौसेनाओं की शक्ति क्या है?

ईरान की नौसेना के पास कुल 101 हथियार हैं। इसके पास सात फ्रिगट (मध्यम आकार के युद्धपोत), तीन कार्वेट (छोटे आकार के युद्धपोत), 19 पनडुब्बियां और 21 गश्ती जहाज हैं।

वहीं इस्राइली नौसेना की क्षमता देखें तो इसके पास कुल 67 हथियार हैं। इसके पास 145 विमान वाहक, सात कार्वेट, पांच पनडुब्बियां और 45 गश्ती जहाज हैं।

# जमशेदपुर की खबरें

# 21 को उलगुलान महारैली में 20000 से ज्यादा नेता और कार्यकर्ता शामिल होंगे : रामदास




आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड में इंडिया महागठबंधन के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 21 अप्रैल को रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान से निकलने वाली उलगुलान महा रैली को लेकर पूर्वी सिंहभूम जिले में झामुम विधायकों ने तैयारी तेज कर दी। बुधवार को साकची स्थित जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। मौके पर विधायक सह जिला अध्यक्ष रामदास सोरेन,विधायक मंगल कालिंदी ने कहा 21 अप्रैल को पूर्वी सिंह जिले से लगभग 20 हजार से ज्यादा नेता और कार्यकर्ता उलगुला महारैली में शामिल होंगे। इसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। मौके पर विधायक सह जिला अध्यक्ष रामदास सोरेन ने कहा पुर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केंद्र सरकार के इशारे पर केंद्रीय एजेंसियों द्वारा झूठे मुकदमे में फँसा कर जेल भेजा गया। जिसके विरोध में झारखंड की जनता झारखंड उलगुलान न्याय महारैली में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा आगामी 21 अप्रैल को रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान से निकलने वाली ऐतिहासिक उलगुला महारैली में इंडिया गठबंधन के सभी बड़े नेता भाग लेंगे। विधायक रामदास सोरेन ने कहा केंद्र सरकार की दमनकारी नीति के खिलाफ इंडिया गठबंधन के नेताओं का जुटान रांची के प्रभात तारा मैदान में होगा। जहा जेल में बंद पार्टी के युवा नेता व पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के रिहाई की मांग को लेकर गठबंधन के सभी नेता अपना विरोध प्रकट करने के लिए झारखंड की धरती पर पहुंचेंगे। उन्होंने कहा महा रैली को सफल बनाने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री के साथ सभी विधायक तैयारी में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा महागठबंधन के लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर झारखंड में भाजपा खुद डरी हुई है। उन्होंने कहा झारखंड में आदिवासियों का जमीन लूट हुआ है। आगामी दिनों झामुमो आंकड़ा निकाल कर महामहिम राज्यपाल के माध्यम से जमीन वापस करने की मांग करेंगे। झारखंड बनने के बाद भाजपा ने 17 साल राज्य चलाया। विधवा पेंशन वृद्धा पेंशन के लिए लोगों को चक्कर लगाना पड़ता था। लेकिन आज आसानी से लोगों को पेंशन मिल रहा है। उन्होंने कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा जनहित को सुविधा पहुंचाने का काम शुरू किया था। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सरकार ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान खासकर ग्रामीण क्षेत्र में लोगों तक सरकारी सुविधा पहुंचाने का काम किया गया था। लेकिन भाजपा ने सोची समझी साजिश के तहत पूर्व मुख्यमंत्री को जेल भेजने का काम किया। विरोध में इंडिया गठबंधन के द्वारा महारैली का आयोजन किया गया। महारैली में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के रिहाई के लिए सैकड़ो केंद्रीय नेतृत्व करने वाले नेताओं के साथ लाखो लाख कार्यकर्ता शामिल होकर केंद्र सरकार की दमनकारी नीति के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करेंगे। राज्य की जनता को भाजपा के झूठे वादों से अवगत कराएंगे। उन्होंने जमशेदपुर लोकसभा सीट पर प्रत्याशी के घोषणा के सवाल पर कहा आगामी दो से तीन दिनों में प्रत्याशी कि घोषणा की जायेगी। जो भी प्रत्याशी होंगे हर हाल में उनका जीत सुनिश्चित की जाएगी। मौके पर साकची स्तिथ विधायक के आवासीय कार्यालय में झारखंड मुक्ति मोर्चा के घाटशिला विधायक सह ज़िला अध्यक्ष रामदास सोरेन, विधायक मंगल कालिंदी, विधायक प्रतिनिधि वीर सिंह सुरेंन, वरिष्ठ नेता शेख बदरूद्दीन,नेता प्रमोद लाल, ज़िला उपाध्यक्ष सागेण पुर्ती, ज़िला कोषाध्यक्ष कालीपदो गोराई उपस्थित रहे।

## रघुवर दास और अर्जुन मुंडा ने की पूजा




आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** रघुवर दास ने रामनवमी पर सिद्धगोड़ा सूर्य मंदिर स्थित श्रीराम मंदिर में पूजा अर्चना की। साथ ही यहां महावीरी पताका का भी पूजन किया। उन्होंने सभी रामभक्तों को रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। श्रीराम सभी भक्तों का कल्याण करें, यही कामना करता हूं। इधर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और उनकी पत्नी मीरा मुंडा ने नवरात्र के मौके पर पूजा अर्चना की। इस मौके पर अमरप्रीत सिंह, कृष्ण शर्मा , फानी महतो, मनोज काउंटिया, राजकुमार श्रीवास्तव, उपस्थित रहे।

# जेआरडी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में समर कैंप के लिए रजिस्ट्रेशन हुआ शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में टाटा स्टील के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भीषण गर्मी को देखते हुए बच्चों के मनोरंजन के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया। जेआरडी टाटा काम्प्लेक्स में टाटा स्टील कॉपोरेट कम्यूनिकेशन के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी ने बताया बच्चों के मनोरंजन के लिए जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कैम्पल्स में 11 मई से 31 मई तक समर कैंप का आयोजन किया जायेगा। समर कैंप के लिए मंगलवार से रजिस्ट्रेशन शुरू किया जायेगा। उन्होंने बताया इस साल भीषण गर्मी को देखते हुए सरायकेला खरसावां जिले के गम्हरिया कॉलोनी में भी समर कैंप का आयोजन किया जा रहा। स्विमिंग के लिए समर कैंप में सुबह 8:00 बजे से 11:00 तक और शाम 4:00 बजे से 5:00 तक का समय दिया गया है। इसके अलावा, बैडमिंटन के लिए सुबह 8:00 से दोपहर 12: 00 तक और दोपहर बाद 2:00 बजे से 4:00 बजे तक का समय रखा गया। हॉकी के लिए सुबह 7:00 से 8:30 तक का समय रखा गया। शहर के जो भी बच्चे समर कैंप में भाग लेना चाहते वह जेआरडी स्पोर्ट्स कंपलेक्स की वेबसाइट पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। फी स्ट्रक्चर भी वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि इस बार बच्चों के लिए कुछ स्पेशल ऑफर पर विचार किया जा रहा। बच्चों को जू और जुबली पार्क में डिस्काउंट पैकेज दिया जाएगा। ताकि बच्चे अपने माता-पिता के साथ समर कैंप का आनंद उठा सके।

# नेताजी सुभाष ग्रुप ने 650 बेड का कॉलेज अस्पताल शुरू किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** झारखंड में नेताजी सुभाष ग्रुप ने स्कूली और व्यवसायिक शिक्षण संस्थान के साथ अब मेडिकल के क्षेत्र में भी एक अलग मुकाम हासिल करने की तैयारी शुरू कर दी हैं। वैसे पटना के बिहटा में 650 बेड का अस्पताल पूर्व से ही संचालित हो रहा है। जहां पांच सौ छात्र एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर चुके हैं। वहां अब पीजी की पढ़ाई भी शुरू हो चुकी है। अब नेताजी सुभाष ग्रुप ने सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर में नए 650 बेड के मेडिकल कॉलेज अस्पताल की शुरूआत कर दी। बुधवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के प्रेस सलाहकार धर्मेंद्र गोस्वामी व संस्थान के चेयरमैन सह कुलाधिपति एमएम सिंह के पिता तेजनारायण सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में नेताजी सुभाष ग्रुप के चेयरमैन एमएम सिंह, नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज अस्पताल बिहटा के निदेशक कृष्ण मुरारी सिंह, रजिस्ट्रार नगेंदर सिंह, चिल्होस ठाकुरबाड़ी के महंत वासुकी दास सहित कई गणमान्य मौजूद रहे। उद्घाटन के बाद ओपीडी सेवा की शुरूआत की गई। एक महीने में अस्पलात फुल फ्लेज में काम करने लगेगी। अस्पताल में कुल 246 डॉक्टर के साथ प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ अपनी सेवा देंगे। नेताजी ग्रुप के प्रबंध निदेशक एमएम सिंह ने बताया आज से यह अस्पताल अस्तित्व में आ गया है। एक महीने में यहां सारी सुविधाएं शुरू हो जाएगी। यह अस्पताल अमीरों का नहीं बल्कि गरीबों के लिए होगा। यहां कम खर्च में बेहतर सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। इसके लिए संस्थान पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। वही नेताजी मेडिकल कॉलेज अस्पताल बिहटा के निदेशक कृष्ण मुरारी सिंह ने बताया एक छत के नीचे स्वास्थ्य से संबंधित सारी सुविधाएं यहां उपलब्ध कराना है। इसी सोच के साथ इसका शुभारंभ किया गया है। सुपर मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के रूप में जल्द यह अस्पताल क्षेत्र के गौरव के रूप में जाना जायेगा।

# पर्व हमें आपसी भाइचारा, एकता और सौहार्द्र का संदेश देता है: मिथिलेश


नौ कन्याओं को प्रसाद परोसते मंत्री मिथिलेश


भंडारा में श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटते मंत्री

### रामनवमी के मौके पर हुआ कई जगहों पर भंडारा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** रामनवमी पूजा के अवसर पर शहर के कई स्थलों पर विभिन्न संगठनों द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया। शहर के साहिज्ना मोड़ पर झुग्गी झोपड़ी दुकानदार संघ द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा का उद्घाटन स्थानीय विधायक सह पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर और नौ कन्याओं को प्रसाद खिलाकर किया। नौ कन्याओं को प्रसाद खिलाने के बाद मंत्री ने रामभक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया। इसके अलावा मंत्री ने गोविंद स्कूल के गेट पर युवा शक्ति संघ द्वारा आयोजित भंडारा का उद्घाटन किया। इसके अलावे कई जगहों पर इस भीषण गर्मी मेन श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था की गयी थी। जिसमें मेन रोड स्थित कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी द्वारा पानी और शरबत, केसरवानी समाज, कलवार समाज, मधेशिया कैंपलेक्स, मझिआंव मोड़ स्थित कसेरा समाज, इंतेजामिया कमिटी, जायंट्स क्लब, कमलापुरी समाज, बजरंग दल सहित कई संगठनों द्वारा भंडारा व पानी शरबत का स्टॉल लगाया गया था। इस मौके पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि धरती पर जब- जब पाप और अत्याचार बढ़ता था तब इसी चैत्र शुक्ल नवमी के दिन ही भगवान श्रीराम ने अवतार लिया और अत्याचारी रावण का बध किया था। उन्होंने कहा कि पर्व त्योहार हमे बुराई पर अच्छाई की जीत और आपसी भाईचारा, एकता और सौहार्द का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि रामनवमी के मौके पर भंडारा का आयोजन विशेष महत्व रखता है। इसमें अमीर, गरीब, उंच-निच का भाव नहीं रहता है। सभी लोग एक साथ प्रसाद ग्रहण करते हैं। उन्होंने कहा कि जब मां अन्नपूर्णा की कृपा हो जाये तो जीवन सुखमय बन जाता है।

इस मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दूबे, अविनाश दूबे, युवा शक्ति संघ के अमित रंजन, वेदी पटवा, सन्नी केसरी, अशोक मधेशिया, दीवाकर, मनोज केसरी, विनोद कमलापुरी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## कसौधन वैश्य महिला मंच ने रामनवमी के शुभ अवसर पर शीतल पेय की व्यवस्था की



**गढ़वा(आजाद सिपाही)।** कसौधन वैश्य महिला मंच, गढ़वा के तत्वावधान में रामनवमी के शुभ अवसर पर राम भक्तों के लिए शरबत, मुरब्बा और शीतल पेय की व्यवस्था की गयी। इस कार्यक्रम की शुरूआत गढ़वा महिला थाना प्रभारी अलीसा कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्हें महिला अध्यक्ष शोभा कश्यप और कोषाध्यक्ष ममता कश्यप, नमिता कश्यप के द्वारा अंग वस्त्र एवम तलवार भेंट किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कसौधन वैश्य समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप, सचिव संतोष कश्यप, कोषाध्यक्ष मनोज कश्यप उप सचिव विवेक कश्यप, सदस्य ईश्वर कश्यप, संतोष कश्यप राष्ट्रीय संघटन मंत्री अमित कश्यप मुख्य रूप से उपस्थित थे। इसके अलावा समाज के महिला पदाधिकारी उपाध्यक्ष कंचन लता, कार्यकारिणी सदस्य उषा कश्यप, प्रीति रानी, भारती देवी, सीमा देवी, पूजा कश्यप सहित समाज की कई महिलाएं उपस्थित थीं।

## एक ही नारा एक ही नाम, जय श्री राम-जय श्री राम से गूंजा मेराल

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रखंड भर में हर्षोल्लाश के साथ सौहार्द पूर्ण वातावरण में रामनवमी का पर्व मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय सहित सभी पंचायत क्षेत्रों में महावीरी झंडा के साथ भव्य जुलूस निकाला गया, साथ ही विभिन्न अखाड़ों द्वारा रामदरवार की झांकी निकाली गई। प्रखंड मुख्यालय में बाजार टोला, छुआना टोला, मुडल टोला, पूवार्रा टोला, बस स्टैंड शिव स्थान से भव्य जुलूस के साथ राम दरबार की झांकी निकाली गई। इसी तरह हासनदाग, श्रीराम सेना लगमा, पतहरिया, दलेली, पचफेड़ी, हासनदाग, बाना, दुलदुलवा, अटौला, बंका सहित कई अन्य जगहों पर विभिन्न अखाड़ों द्वारा राम लक्ष्मण जानकी जय बोलो हनुमान की जयकारे के साथ भव्य जुलूस निकाली गई। मेराल का जुलूस थाना चौक, बस स्टैंड, पुरानी बाजार होते प्राचीन शिव मंदिर, मां शायर देवी धाम मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। जुलूस का नेतृत्व सभी टोलों के प्रमुख तथा गणमान्य लोग कर रहे थे। जुलूस शांतिपूर्ण तथा समय से विसर्जन करने के लिए थाना प्रभारी विष्णुकांत के नेतृत्व में पुलिस बल के जवान जुलूस में शामिल थे। जिसका नेतृत्व बीडीओ जागो महतो, सीओ यशवंत नायक कर रहे थे।

## रामनवमी पर्व के साथ ही नौ दिवसीय चैत्र नवरात्र पूजा संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में रामनवमी पर्व के साथ ही नौ दिवसीय चैत्र नवरात्र पूजा संपन्न हो गया। मंदिरो में सुबह से ही पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओ भीड़ लगी रही। जबकि कई मंदिरो में श्रद्धालूओं द्वारा कन्या पूजन कर उपवास खोला गया। चैत रामनवमी को लेकर टाउनशिप दुर्गा मंदिर, भवनाथपुर टाउनशिप मुख्य मार्ग स्थित देवी धाम मंदिर, नटवा बाबा धाम, अधौरा स्थित मांडर महारानी मंदिर, सिंघिताली स्थित मंदिर, अरसली उतरी दुर्गा मंदिर, टाउनशिप स्थित महावीर मंदिर में नवरात्रि के नवमी के दिन सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ने लगी थी। महिला पुरुष श्रद्धालु मंदिर में पहुंचे तथा मत्था टेककर सुख समृद्धि और क्षेत्र में शांति के लिए मन्नते मांगी।

राम नवमी पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों के बाहर व्यापक पैमाने पर पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। उधर नवरात्रि पर्व के नवमी के दिन टाउनशिप दुर्गा मंदिर, देवीधाम मंदिर और नटवीर बाबा धाम पर श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। रामनवमी पर्व को लेकर बीडीओ नंदजी राम थाना प्रभारी कृष्ण कुमार पुलिस बल और क्षेत्र में शांति व्यवस्था को लेकर भ्रमण करते रहे।

## विशुनपुरा में निकाला गया रामनवमी का भव्य जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता





**विशुनपुरा।** विशुनपुरा प्रखंड मुख्यालय में रामनवमी पर्व के अवसर पर भव्य जुलूस निकाली गयी। जुलूस में श्री राम कमिटी विशुनपुरा, बजरंग अखाड़ा महुली, न्यू यंग मैन ग्रुप विशुनपुरा, श्री राम सेना पोखरा चौक, जय भवानी संघ कमता, पिपरी के सैकड़ो सदस्य शामिल हुये। जुलूस पोखरा चौक हनुमान मंदिर से चलकर गढ़ मुहाल, पुरानी बाजार होते हुये गांधी चौक पर पहुंची।

जहां विभिन्न गांवो से आये अखाड़ा और कमिटी के महाबीरी झंडा का मिलान किया गया। उसके बाद पुनः जुलूस गांधी चौक से चलकर चकचक मोड़, अपर बाजार, लालचौक, थाना मोड़ होते हुये पुनः वापस लालचौक, पोखरा चौक पहुच कर जुलूस को समाप्त किया गया।

रामनवमी के जुलूस में पूरे रास्ते जय श्री राम, जय हनुमान के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा था। जुलूस में आये लोग जगह-जगह पारंपरिक अस्त्र शस्त्र और लाठी से करतब दिखाते चल रहे थे।

जुलूस को लेकर रामभक्तों के लिए गांधी चौक पर विशुनपुरा व्यवसायी संघ के द्वारा सरबत और लड्डू की व्यवस्था की गयी थी। साथ ही कमिटी के सदस्य और प्रशासनिक अधिकारियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं जुलूस में न्यू यंग मैन ग्रुप पंकज कुमार गुप्ता विशुनपुरा के द्वारा आकर्षक झांकीयां निकाली गयी थी।

वहीं इसके पूर्व पुरानी बाजार, बजरंग अखाड़ा, नई बाजार और पोखरा चौक के द्वारा पारंपरिक शास्त्र पूजन के बाद जुलूस का आयोजन किया गया। जुलूस को लेकर अंचलाधिकारी संदीप कुमार मद्धेशिया और थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह के द्वारा कड़ी सुरक्षा ब्यवस्था की गयी थी। जुलूस शांति पूर्व के साथ संपन्न हुआ।

वहीं विवादित पतिहारी गांव के देवी धाम में प्रशासन की निगरानी में पूजा अर्चना शांति पूर्ण करवायी गयी। साथ ही कमता अष्टभुजी कामेश्वरी माता मंदिर में आयोजित नव दिनों की पूजन हवन के साथ समापन की गयी। हवन के बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया।

जुलूस में मुख्य रूप से जिला धमार्चार्य सह बजरंग अखाड़ा प्रमुख राधेश्याम पांडेय, विहिप प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार यादव, व्यवसायी संघ अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, गौरीशंकर गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, व्यावसायिक संघ के संजय गुप्ता सचिन गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि प्रवीण यादव, विधायक प्रतिनिधी कृष्णा विश्वकर्मा,ललन गुप्ता, माणिक गुप्ता, कुंदन चौरशिया, छुनु ठाकुर सहित हजारो लोग शामिल थे।

## संविधान की बदौलत ही आज हम कहीं भी अपने अधिकार के लिए लड़ाई लड़ सकते हैं : शरीफ अंसारी

### अंबेडकर क्लब ने बाबा साहब भीमराव की जयंती मनायी

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** कोरवाडीह अंबेडकर कल्ब के तत्वाधान में 113वीं डॉक्टर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मो तनवीर आलम जिला परिषद सदस्य जैदुला अंसारी कोरवाड़ी पंचायत के मुखिया शरीफ अंसारी हिंदू मुस्लिम समन्वय समिति के अध्यक्ष शफीक अंसारी उप परमुख फैजुल अंसारी अमित सिंह ने संयुक्त रूप से बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण और दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला अध्यक्ष तनवीर आलम ने कहा कि बाबासाहब एक महान पुरुष थे। उन्होंने सभी समुदाय के हित के लिए ऐसा संविधान दिया, जिससे आज शोषित पीड़ित समाज को अधिकार मिल रहा है। जिला पार्षद सदस्य जैदूला अंसारी ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने हमे जीवन जीने का अधिकार दिया। मुखिया शरीफ अंसारी ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के दिया संविधान के बदौलत ही आज हम कहीं भी अपना अधिकार के लिए लड़ाई लड़ सकते हैं। हिंदू-मुस्लिम समन्वय समिति के अध्यक्ष शफीक अंसारी ने कहा कि आज सबसे जरूरी है शिक्षा। अगर आपके पास शिक्षा है उसके बदौलत आप कहीं भी अपना हक और अधिकार ले सकते हैं। बाबा साहब ने कहा था कि शिक्षा शेरनी का वह दूध है जो पियेगा वह दहाड़ेगा। इसलिए अपने-अपने बच्चों को शिक्षा देना सबसे अनिवार्य है। चामा पंचायत की मुखिया पति शंभू राम ने भी अपना विचार रखे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो के पंचायत अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, युवा समाजसेवी सुमेर कुमार चौधरी, चंचल रवि, संरक्षक बैजनाथ राम, वासुदेव राम, अनिल राम, क्लब के अध्यक्ष रामचंद्र राम, सचिव जगदीश कुमार, कोषाध्यक्ष अशर्फी राम, प्रदीप कुमार रवि, छतरपुर पंचायत से गुड्डू उर्फ अदम जी, जैनुल हक अंसारी, दीपक कुमार, सूरज कुमार, कृष्ण कुमार, सोनू कुमार, संजय राम, राजेंद्र राम, सुनील राम, कुलदीप राम, उप मुखिया पति आलम अंसारी, आजाद अंसारी आदि के नाम शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन समाज सेवी शंभू राम ने किया।

## रामजन्मोत्सव पर भव्य जुलूस का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सगमा।** प्रखंड अंतर्गत बीरबल गांव में रामजन्मोत्सव को लेकर भव्य जुलूस का आयोजन किया गया। लोगों ने भारी उत्साह के साथ गांव के सूर्यमंदिर परिसर से जय श्री राम उद्घोष के साथ पूरे गांव का भ्रमण कर रहे हैं इसे लेकर धूरकी पुलिस मुस्तैदी के साथ शांति व्यवस्था का संचालन करते देखी गयी।

इस अवसर पर जुलूस के साथ बीरबल मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा, पूर्व जीप सदस्य नंदगोपाल यादव भाजपा के पंचायत संयोजक पारस नाथ यादव के साथ आरएसएस के रामजन्म गुप्ता, आशीष विश्वकर्मा, मणिशंकर विश्वकर्मा, रामचंद्र साह, प्रखंड प्रमुख अजय साव, चंद्रदेव यादव के साथ विश्वहिंदू परिसद बजरंग दल के लोग शामिल थे।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## महाभंडारा के साथ नवाह्न पारायण महायज्ञ संपन्न, दुगोला चैता का महासंग्राम आज

### मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर कार्यक्रम का करेंगे उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेराल।** प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम मंदिर का वार्षिकोत्सव के नौ वें दिन नवाह पारायण महायज्ञ का समापन भव्य भंडारे के साथ हो गया। चैत्र नवरात्र के नवमी पूजन कार्यक्रम हवन यज्ञ श्रद्धा भाव से किया गया। रामनवमी सा वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित महाभंडरा का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा नेता भगत सिंह साहू, प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, कार्यक्रम संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत, थाना प्रभारी विष्णु कांत, मुखिया रामसागर महतो आदि ने संयुक्त रूप से किया। महाभंडारा में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। उस मौके पर कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, विजय प्रसाद, विनोद प्रसाद, सूर्य प्रकाश, राजेश बैठा, प्रमोद महाजन, नवीन कुमार जायसवाल, युवा नेता अतहर अली, महेंद्र, मनोज, विनोद कुशवाहा, अनुज सहित आयोजन समिति के कई पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में लोग थे। अध्यक्ष संजय भगत ने बताया कि महोत्सव के अंतिम दिन गुरुवार की रात्रि में दुगोला चैता का महासंग्राम होगा, जिसका उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक सह झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर करेंगे।

## लायंस क्लब गढ़वा सिटी ने पनशाला का शुभारंभ किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** लायंस क्लब गढ़वा सिटी की ओर से रामनवमी के शुभ अवसर पर दानरो नदी के किनारे ज्ञान निकेतन स्कूल के समीप के बीच पनशाला का उद्घाटन किया गया। जिसमें राहगिरों को पूरी गर्मी पानी पिलाया जाएगा इस अवसर पर अध्यक्ष लायन सुशील कुमार केशरी,लायन दया शंकर गुप्ता,लायन रामनारायण प्रसाद, लायन लखन प्रसाद कश्यप ,लायन शिवकुमार गुप्ता आदि ने लोगों को मिष्ठान खिलाकर पानी पिलाया गया। अध्यक्ष सुशील केसरी ने बताया कि लायंस क्लब गढ़वा सिटी की ओर से प्रतिवर्ष पंशाला का आयोजन किया जाता है। जिससे इस बायपास रोड पर आने जाने वाले लोगों को इस भीषण गर्मी में काफी राहत मिलती है। लायंस क्लब सिटी इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर करता रहता है।

## आचार संहिता का उल्लंघन करने पर बीडीओ ने सांसद पर करायी एफआइआर



आजाद सिपाही संवाददाता

**धुरकी।** पलामू लोकसभा सुरक्षित सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार सह निवर्तमान सांसद विष्णुदयाल राम पर धुरकी थाना में बीडीओ जुल्फिकार अंसारी ने आवेदन देकर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन करने के आरोप में बुधवार को एफआईआर दर्ज कराया है।

इस संबंध में बीडीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि गत 14 अप्रैल रविवार को धुरकी प्रखंड क्षेत्र के अंबाखोरया पंचायत सचिवालय मे विष्णुदयाल राम ने भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं के साथ बिना लिखित अनुमती के राजनीतिक गतिविधी से संबंधित बैठक कर पार्टी विशेष पर नारेबाजी की गयी है। उन्होंने बताया कि यह राजनीतिक गतिविधी लोकसभा चुनाव में लागू आदर्श आचार संहिता प्रोटोकोल का उल्लंघन है। इसके बाद बीडीओ ने धुरकी थाने मे लिखित आवेदन देकर भाजपा प्रत्याशी सह निवर्तमान सांसद विष्णुदयाल राम व अन्य पर आदर्श अचार संहिंता उल्लंघन करने के आरोप में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। वहीं इस संबंध में थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि बीडीओ के लिखित आवेदन के बाद धुरकी थाना प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है।

# रामभक्ति में डूबा लोहरदगा और लातेहार

## लोहरदगा में रामायण काल पर आधारित झांकियां भी आधे रास्ते से लौट गयीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में बुधवार को श्री रामनवमी की शोभायात्रा निकाली गयी, लेकिन हादसे के बाद उल्लास खत्म हो गया। झांकियां आधे रास्ते से लौट गयीं। इससे पहले हर ओर जय श्री राम जय हनुमान के नारे लगाए जा रहे थे। पूरा शहर भगवामय हो गया। शहरी क्षेत्र सहित कई ग्रामीण इलाकों में पारंपरिक रूप से रामनवमी की शोभायात्रा निकाली गयी। जिसमें पारंपरिक अस्त्रों व महावीरी पताकों के साथ शामिल होकर हर आयु वर्ग के लोग रामभक्ति की धुन पर खूब झूमे। जुलूस में पारंपरिक अस्त्र शस्त्र के खेल का भी प्रदर्शन हुआ। भगवामय शोभा यात्रा में बजरंगियों ने जय श्रीराम के खूब नारे लगाए। रामायण, श्रीराम और हनुमान पर आधारित झांकिया भी निकाली गयी। महिलाएं व युवतियों ने भी जुलूस में शामिल होकर नारी शक्ति की मिशाल पेश की। इस दौरान श्री राम, लखन जानकी जय बालो हनुमान की... जैसे गगन भेदी नारों से शहर पूरी तरह गुंजायमान रहा. अखाड़ों के लोगों ने अस्त्र और शस्त्रों के साथ कलाबाजियों





का प्रदर्शन किया। परंपरागत रूप से थाना टोली अखाड़ा से आरंभ हुई। शोभा यात्रा की अगुवाई केंद्रीय महावीर मंडल के संरक्षकों, पदाधिकारियों व गणमान्य लोगों ने की। केंद्रीय महावीर मंडल पदाधिकारी और काफी संख्या में सनातन धर्मावलंबी ने अपनी भागीदारी दी। रामनवमी जुलूस को लेकर विशेषकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया. शोभायात्रा में शामिल दर्जनों अखाड़ा दलों के युवाओं ने केसरिया वस्त्र धारण कर पारंपरिक हथियारों के साथ जुलूस में शामिल हुए। सुरक्षा व्यवस्था में खुद उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हारिस बिन जमां की अगुवाई में एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, एसडीओ अमित कुमार, सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रत्नेश मोहन ठाकुर, नप पदाधिकारी, आदि घंटो विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में कैंप किए थे। जुलूस में विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आये। इधर रामनवमी की शोभायात्रा में रामायण काल पर आधारित निकली झांकियां रामायण काल की याद दिला रही थी। महिलाएं व युवतियों की टोली भी हाथों में अस्त्र शस्त्र लिए आगे चल रही थी। कोई हाथों में गदा लिए तो कोई हाथों में तलवार लेकर शोभायात्रा में शामिल हुए थे। हर हाथ में भगवा ध्वज और हाथों में पारंपरिक अस्त्र शस्त्र था। लोग शांतिपूर्ण तरीके से कतारबद्ध होकर नियत रास्ते से शोभायात्रा में चल रहे थे। इधर रामनवमी जुलूस का जगह जगह स्वागत किया गया। अंजुमन इस्लामियां के ओहदेदारो ने थाना टोली चौक के समीप शर्बत, पानी, कोल्ड ड्रिंक आदि बांट रहे थे। वही शहर के अन्य हिस्सों में हिन्दू संगठनों और आम जनता के द्वारा स्टॉल लगाकर फ्रूट सलाद, जूस, पानी आदि बांटा जा रहा था।



लोहरदगा



कुडू में आयोजित रामनवमी मेला में करतब दिखाता

## कुडू में निकाली गयी भव्य शोभायात्रा



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुडू / लोहरदगा।** रामनवमी का त्योहार पूरे कुडू प्रखंड में बुधवार को धूमधाम से संपन्न हो गया। केंद्रीय महावीर मंडल कुडू के नेतृत्व में सप्तमी और अष्टमी की रात्रि में जुलूस व शोभा यात्रा और नवमी को दिन में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रामनवमी के जुलूस बस स्टैंड स्थित केंद्रीय महावीर मंडल अखाड़ा से शुरू होकर गोली, कुंदो, पिपरा टोली आदि अखाड़े से मिलने के बाद इंदिरा गांधी चौक पहुंचा जहां बाजार के अखाड़ा से मिलकर रूद चौक के लिए रवाना हुई और पूर्वी क्षेत्र के लगभग दर्जन भर अखाडो को साथ लेकर ब्लॉक मोड़ के समीप पश्चिम क्षेत्र टाटी, कोलसिमरी आदि अखाडे को साथ कुडू बाजार टांड़ मेला पहुंची। जुलूस में गाजे-बाजे के साथ सैंकड़ो की संख्या में रामभक्त अस्त्र-शस्त्र चालन करते और जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। जगह जगह रुक रुककर लोग अस्त्र-शस्त्र चालन का प्रदर्शन करते चल रहे थे। जुलूस में पुरुषों के साथ साथ महिलाएं भी काफी एक्टिव नजर आई। जुलूस के सफल संचालन में केंद्रीय महावीर मंडल के अध्यक्ष लाल गुडडू नाथ शाहदेव, ओम प्रकाश साहू सहित दर्जनों सदस्यों ने अहम योगदान दिया।

## श्रीरामनवमी की कल्पना सोरेन ने दी शुभकामनाएं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन ने श्रीरामनवमी पर्व पर राज्यवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने हेमंत सोरेन के ट्विटर हैंडल पर मैसेज पोस्ट किया। कल्पना ने दिनकर के एक वाक्य को कोट करते हुए लिखा। कहा कि राम, तुम्हारा नाम कंठ में रहे, हृदय, जो कुछ भेजो, वह सहे, दुख से त्राण नहीं मांगू। मांगू केवल शक्ति दुख सहने की, दुर्दिन को भी मान तुम्हारी दया अकातर ध्यानमग्न रहने की। सहनशीलता, दया, कृपा, करुणा, त्याग, साहस और धैर्य के स्वामी प्रभु श्रीराम सभी को स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन प्रदान करें।



रामनवमी के पावन पर्व की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार। जय जय सिया राम। इसके साथ ही उन्होंने अपने ग्रुप में एक वीडियो भी शेयर किया। कहा कि हम सभी को यह याद रखना है कि श्रीराम भगवान जी ने अपने युद्ध करते समय भी अपने नीति, नियमों और आदर्शों का पालन किया था। आज सभी को भगवान राम के आदर्शों को सच्चे ढंग से समझने की जरूरत है।

## बाबूलाल ने गावां काली मंडा मंदिर में की पूजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी बुधवार को गावां पहुंचे। यहां गावां बाजार स्थित काली मंडा मंदिर में वासंतिक दुर्गा पूजा के मौके पर पूजा-अर्चना की और मत्था टेका। इसके बाद उन्होंने पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान कई लोगों ने अपनी समस्याओं को भी रखा। यहां से वह भाजपा नेता राजेंद्र चौधरी के आवास पर पहुंचे और उनकी माता के निधन पर शोक जताया। मौके पर उषा कुमारी, रामचंद्र ठाकुर, आशा शर्मा, सरयू पासवान, मनोज यादव, मुन्ना सिंह, श्रीराम यादव, चंद्रशेखर आजाद, ललित पांडेय, विकास जॉनी, पवन सिंह, बबलू साहा, बनारस सिंह, मनोज सिंह, विशाल पांडेय आदि उपस्थित थे।

## रामनवमी के अवसर पर प्राचीन देवी मंडप में हुई पूजा-अर्चना

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा रामनवमी पर्व के अवसर पर सभी मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना किया गया साथ ही महावीर झंडा को पूजा कर सभी लोग अपने-अपने घरों में लगाने का कार्य किया साथ ही चंदवा के प्राचीन देवी मंडप में महावीर झंडा को पूजा करने के लिए देवी मंडप के प्रांगण में श्रद्धालु पहुचे। पंडित श्रद्धानंद पाठक के द्वारा सभी महावीर झंडा को पूजा कर विदा किया इस अवसर पर देखा गया कि श्री राम चौक से लेकर इंदिरा गांधी चौक तक समाजसेवियों के द्वारा कई तरह के स्टॉल लगाए गए जिसमें हिंदू उत्सव समिति फुटपाथ विक्रेता संघ दिल्ली महासभा युवा



भारत और विवेकानंद किशोर संस्था के द्वारा अखाड़े में हाथ आजमाने वाले टीम को तलवार देकर सम्मानित किया साथ ही युवा भारत इंदिरा गांधी चौक पर अखाड़े का आयोजन किया गया है। प्राचीन देवी मंडप मंदिर परिसर में मंदिर के अध्यक्ष हरिनंदन दुबे सचिन बबलू गिरी और होश अध्यक्ष दीपू कुमार सिन्हा की टीम ने विशेष व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए इस बार आयोजन किया है।

## चैत शुक्ल पक्ष नवमी पर भव्य मेला आयोजित



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** आस्था का महापर्व रामनवमी के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में रामजन्मोत्सव के अवसर पर भव्य मेला का आयोजन किया गया। सुबह से ही राम भक्त रामजन्मोत्सव पर सुबह से ही भगवान श्री राम व भक्त हनुमान जी का पूजा अर्चना में मग्न थे। जिसे रामनवमी त्यौहार को लेकर सभी के मन मे उत्साह था। वही प्रखंड क्षेत्र के बाजार डॉड़ू, कोराम्बे, अरु, चन्दकोपा, बरही, चमडू सहित विभिन्न गांवों में रामनामी त्यौहार के अवसर पर मेला आयोजन समिति द्वारा भव्य मेला का आयोजन किया गया। वही जगह जगह पर जुलूस में शामिल लोगों का विभिन्न संगठन के लोग चना, गुड़,पानी व शरबत दे कर सभी राम भक्तो का स्वागत किया गया। रामनवमी के त्यौहार शांति व सौहार्द से सम्पन्न हो सके जिसके लिये दंडाधिकारी के साथ सभी जगहों पर प्रखंड और पुलिस प्रशासन चौकस नजर आयी। मेला में आये सभी अखाड़ों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर नरायण भगत, मिथलेश मिश्रा, दीपेश भगत, बन्धन भगत, रामजीत यादव, रामदेनी नायक सहित सैकड़ों राम भक्त उपस्थित थे।

## बाइक दुर्घटना में एक युवक की मौत

**कुडू/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)** एनएच 75 कुडू रांची रोड़ में जिलिंग के मित्रा पेट्रोल पंप के नजदीक बाइक दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी। मृतक 30 वर्षीय भोलू राम चतरा का रहने वाला था। वर्तमान में पिछले लगभग दो वर्षों से रुद में घर बनाकर रह रहा था। उसके दो छोटे- छोटे बच्चे भी है। वह बुधवार को शाम लगभग सात बजे अपनी बाइक से रांची की ओर से कुडू आ रहा था। तभी कुडू के जिलिंग के नजदीक बाइक दुर्घटना हो गयी। जिससे युवक के सर में गंभीर चोट लगी थी, उसे लोगो ने कुडू अस्पताल लाया। जहां चिकित्सको ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## निगनी महावीर मंडल समिति का अखाड़ा खेल प्रदर्शन आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** महावीर मंडल निगनी चंदकोपा के द्वारा मंगलवार की रात को अखाड़ा खेल कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें युवक युवतियों ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाए। मौके पर अध्यक्ष जीवन उरांव, सचिव मटू कुमार साहू, कोषाध्यक्ष बजरंग साहू, पंचायत समिति सदस्य सीता देवी, भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, मीडिया प्रभारी पशुपतिनाथ पारस, केंद्रीय महावीर मंडल के जिला अध्यक्ष विपुल तमेड़ा, महामंत्री अंकित वर्मा, कपिल देव मिश्रा, मुकेश साहू, अशोक उरांव, संदीप साहू, डबलू साहू, कृष्णा साहू, पभात साहू, राहुल कुमार साहू, अजय साहू, विश्वनाथ साहू, विक्की साहू, महावीर उरांव, संतोष राम, चंदू राम, मुकुंद राम, राहुल राम समेत अन्य मौजूद थे।

## रामनवमी जुलूस में बड़ी संख्या में महिलाओं का दिखा उत्साह

आजाद सिपाही संवाददाता

**कैरो/ लोहरदगा।** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा में 17 अप्रैल बुधवार को प्रखण्ड क्षेत्र के गाँव कैरो,चरिमा,हनहट समेत विभिन्न गांव में रामनवमी के जुलूस पारम्परिक मार्ग से हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गई । वही आज 18 अप्रैल गुरुवार को भव्य निकाली जाएगी भरत मिलाप की शोभायात्रा । इसके लिये आयोजन समिति ने शोभायात्रा कार्यक्रम के निमित्त 04 जिलो से 110 आखाडो को आमंत्रित किया है। रामनवमी का त्योहार व मेला, प्रखंड क्षेत्र के गाँवो मे शांति पूर्वक संपन्न हुई। खासकर कैरो में नवमी के दिन निकलने वाली जुलूस जो कैरो मेला टांड़ से शुरू



होकर मुख्य चौक, पाठक के घर होते नाजिर खान के घर होते आगे तक गई तथा वापसी में चांदनी चौक कैरो मुस्लिम टोली,साहू मुहल्ला होते हुए पुनः मेला टांड़ लौटी। इससे पूर्व सभी श्रदालुओ द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गई तथा जुलुश में जय श्री राम आदि नारे लगाते हुए नाचते झूमते हुए जुलूस निकाले।जुलूस में शांति व्यवस्था बनाये रखने में थाना पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। प्रखंड अंचल कार्यालय के द्वारा जगह जगह पर सद्भावना मंच लगाया गया। जहां पर जुलूस में शामिल लोगो का स्वागत किया गया। मौके पर महाबीर मंडल कैरो के अध्यक्ष विवेक महतो, सचिव शम्भु सोनी, मनोज कुमार पांडेय, रिंकु प्रसाद, राजेन्द्र महतो, बुधवा उरांव, मनोज पांडेय, ललेश पांडेय, शरत कुमार विद्यार्थी के अलावे बड़ी संख्या मे महिला पुरुष शामिल थी।

## सीआरपीएफ कैंप में मनायी गयी रामनवमी



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सीआरपीएफ 158 बटालियन, कैम्प में कमांडेंट राहुल कुमार की अगुवाई में बुधवार को धूमधाम से रामनवमी का त्योहार मनाया गया। इस मौके पर पूजन हवन और भण्डारा का भव्य आयोजन किया गया। मौके पर कमांडेंट, उनकी पत्नी, सभी अधिकारी/ अधीनस्थ अधिकारी व जवान अपने परिवार के साथ हवन कार्यक्रम में भाग लिया। कमांडेंट राहुल कुमार ने सभी जवानों एवं उनके परिवारजनों को बधाई व शुभकामनाएं दी। पूजा-अर्चना के उपरान्त बटालियन मुख्यालय परिसर में भण्डारा का भी आयोजन किया गया। जिसमें युनिट के सभी सदस्यों एवं परिवारजनों ने साथ में भोजन ग्रहण किया।

## धूमधाम से मनायी गयी रामनवमी



हेरहंज/ लातेहार (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय समेत सेरनदाग, नवादा, सलैया व तासु में रामनवमी पूजा का झंडा अखाड़ा में निकालकर। अखाड़े में एक से बढ़कर एक करतब का आयोजन किया गया। खेला होने से पूर्व हेरहंज बाजारटांड़ में पूजा कमिटियों द्वारा मंच का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य चंचला देवी द्वारा फीता काटकर किया गया। कमिटी के सदस्य अमित गुप्ता जिला परिषद सदस्य को तलवार देकर सम्मानित किया। वहीं मंच में उपस्थित अतिथियों को अंगवस्त्र व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों से ध्वजा लेकर बाजार टांड पहुंचे। इसके बाद वहां से चलकर श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में रखा गया। इसके बाद सभी ध्वजा अपने अपने गांव लेकर गए। इस पूजा में सशत्र पुलिस बल के जवान मौजूद थे। मौके पर मुरली प्रसाद, यदुनन्दन प्रसाद, पुरुषोत्तम प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, विजय शंकर प्रसाद, शिवनाथ रजक, सेवक साव, मथुरा प्रसाद, समेत काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष व बच्चे मौजूद थे।

## रामनवमी पर अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** महावीर मंडल भंडरा के तत्वावधान में बुधवार को ठाकुरबाड़ी प्रांगण में अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता सह रामनवमी मेला का आयोजन किया गया। जिसमें भंडरा, भौंरो, भैंसमुंदो, अंबेरा, कसपुर, उदरंगी, बिछिया टोली, नवाटोली, कुम्हरिया आदि गांवों के महावीर मंडल के अखाड़े शामिल हुए। मेला सह अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जनजाति के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव,विशिष्ट अतिथि आजसू नेत्री नीरू शांति भगत, सीओ दुर्गा कुमार, थाना प्रभारी अरविंद



कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से भगवान श्रीराम व बजरंग बली के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव आजसू नेत्री ने लाठी भांजकर किया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि भगवान राम को मयार्दा पुरुषोत्तम कहा जाता है क्योंकि उन्होंने अपने जीवन में कभी मयार्दा का उल्लंघन नहीं किया. भगवान राम ने करुणा, दया, सत्य, सदाचार, और धर्म के मार्ग पर चलते हुए राज किया। उन्होंने अपनी कोई भी दैवीय शक्तियों का इस्तेमाल नहीं किया और एक साधारण मनुष्य की तरह जीवन जिया। अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता में सफल महावीर अखाड़ों को अतिथियों द्वारा पुरुष्कृत किया गया। इस मौके पर ईश्वरी मोहन शर्मा, अजीत अग्रवाल, अमित कुंदन, बालकृष्णा सिंह, श्रीकांत गुप्ता, धीरजू यादव, अमित गुप्ता, बबलू पंडा, आकाश यादव, मदन लोहरा आदि मौजूद थे।

## सद्भावना मंच के बैनर तले चना गुड़ का वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**कैरो/ लोहरदगा।** कैरो मस्जिद मोड़ के पास सद्भावना मंच के बैनर तले रामभक्तों के बीच चना गुड़, सरबत, ग्लुकोज डी का वितरण किया गया। साथ ही समाज के लोगों से समाजिक सद्भावना बरकरार रखने की अपील की। सद्भावना मंच के दूत सह डॉ एपीजे अब्दुल कलाम वेलफेयर सोसाइटी कैरो के पदाधिकारी जावेद अख़्तर, जुबैर अंसारी, इमरान खान, मुन्ना राम, खुर्शीद अंसारी, इम्तियाज अंसारी, रिजवान अंसारी, अमित कुमार मौजूद रहे।

# गुमला में रामनवमी महोत्सव की धूम, निकले भव्य जुलूस

## रामनवमी चैनपुर और आसपास के इलाकों में हर्षोल्लास के साथ संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** रामनवमी पर्व चैनपुर तथा आसपास के ग्रामीण इलाकों में हर्षोल्लास पूर्वक एवं परंपरागत ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर पुराने महावीर झंडे को हटाकर नये महावीर झंडे गाड़े गये। विभिन्न मंदिरों एवं घर आंगनों में बजरंगबली का झंडा गाडकर पूजा अर्चना की गई। साथ ही पूजा-अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया गया। रामनवमी के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न बजरंगबली मंदिर में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। सुबह से ही महावीर पताका प्रसाद फल और नारियलों की बिक्री दुकानों पर जोर शोर से रही। रामनवमी पूजा को लेकर पूरा क्षेत्र में भक्तिमय माहौल रहा जिससे लोग आनंदित रहे। वही एक दिन पूर्व मंगलवार को चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में रामनवमी के पहले मंगलवार को भव्य मंगलवारी जुलूस निकाला गया जुलूस में लगने वाले जय श्री राम के उद्घोष से पूरा चैनपुर भक्ति मय हो गया। मंगलवारी जुलूस में कई गांव के हिंदू धर्मावलंबि शामिल हुए जुलूस में भाग लेने पहुंचे विभिन्न गांव के लोगों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया और उन्हें प्रसाद वह शरबत दिया गया। सामूहिक भोजन के बाद प्रखंड मुख्यालय में मंगलवारी जुलूस शोभा यात्रा निकाला गया जुलूस चैनपुर दुर्गा मंडप से निकलकर में रोड से निकल सभी प्रमुख मुख्य मार्ग बस स्टैंड सोहन चौक मा रोड पिपल चौक थाना रोड चर्च रोड होते हुए पुनः मंदिर परिसर में पहुंचा। इस दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने जुलूस में घूम रहे लोगों के लिए ठंडा जल व शरबत की व्यवस्था रखी थी। तत्पश्चात मंदिर प्रांगण में विभिन्न गांव से पहुंचे लोगों ने अपने कर्तव्य कलाओं का प्रदर्शन किया उत्कृष्ट करतब और कलाओं के प्रदर्शन करने वालों को बताओ मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कार दिया गया।

## जय श्रीराम के उदघोष से गुंजायमान रहा रायडीह



आजाद सिपाही संवाददाता

**रायडीह।** रामनवमी के मौके पर प्रखंड के बासुदेव कोना, अरंडा, बांसडीह, केमटे, जमगाई, बिरकेरा, सलकांया, सुरसांग आदि अनेक जगहों पर मेला का आयोजन हुआ और झंडा का मिलान किया गया। अरंडा में मांझाटोली, कटकांया तुलमुंगा, बरगीडाड़, छतरपुर रायडीह गांवों के झंडा का मिलान किया गया। उसके बाद ग्रामीणों के द्वारा अस्त्र शस्त्र का खेल दिखाया गया। छोटे छोटे बच्चों के द्वारा सुंदर झांकी प्रस्तुत किया गया। मौके पर प्रभु सिंह, अर्जुन मल्लाह, प्रमोद प्रसाद, कोमता प्रसाद, सुमित प्रसाद, राकेश झा, प्रवीण सिंह, मदन बैगा, केशरी सिंह, प्रीत गुप्ता, सुबोध प्रसाद, रामप्यार प्रसाद, मोतीलाल प्रसाद और हजारों श्रद्धालु मौजूद थे।

## बसिया में घरों में पूजा अर्चना कर बजरंग बली का झंडा गाड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्र मे रामनवमी हर्षोल्लास व आपसी भाई चारे के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बुधवार सुबह से ही श्रद्धालुओं द्वारा मंदिरों और घरों में पूजा अर्चना कर बजरंग बली का झंडा गाड़ा गया। पूरा प्रखंड बजरंगबली के झंडे से भक्तिमय हो गया।वही बजरंगबली के मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धलुओं की भीड़ लगी रही। शानिचरटोली स्थित बजरंगबली मंदिर में नवरात्रा का पूजा किया गया।साथ ही बिरकेरा महावीर मंदिर में भी नव दिन पूजा किया गया ।शानिचरटोली हनुमान मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई जो मेनरोड होते कोयलनदी तक गई।जहाँ कोनबीर एवम बसिया का मिलन कोयल में मिलन हुआ।जगह जगह अस्त्र शस्त्र का करतब दिखया गया।बिरकेरा महाबीर मंदिर पूजा समिति द्वारा डंडया नृत्य प्रस्तुत कर लोगो का मन मोह लिया।वही सीओ नरेश कुमार मुंडा के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा का इंतजाम किया गया था।समाज सेवी पंकज सिंह की अगुवाई में चना गुड़ शर्बत का वितरण किया गया। कोनबीर में भी व्यापारिक दुकानदारों द्वारा शर्बत आदि का व्यवस्था किया गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने में अजय सिंह, पंकज सिंह, राजकुमार गुप्ता, रोशन साहु, बिक्रम गोप, रामस्वरूप सिंह, शरद चंद होता, योगेश कुमार, मजय साहू, किशन महंती बिष्णु नायक शंभु नायक की अहम भूमिका रही।

## विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने तासा- झांकी निकाली

आजाद सिपाही संवाददाता



**कामडारा।** प्रखंड मुख्यालय के अलावे प्रखंड क्षेत्र के कई गांव में रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पूरा प्रखंड जय श्री राम व बजरंग बली की जय के नारे से गूंज उठा। राम नवमी के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल कामडारा के द्वारा तासा व झांकी निकाली गयी। जिसमे देर शाम तक लोग जमकर थिरके। राम नवमी का त्योहार को कामडारा के विभिन्न क्षेत्रों में उत्साह और भक्ति के साथ शांति पूर्वक मनाया गया। बजरंग बली की पूजा कर हाथ में बजरंगबली का झंडा लेकर सड़क में जुलूस निकाला गया ये जुलूस कामडरा महादेव मांडातांड से होते हुए प्रिंस चौक गया फिर रांची सिमडेगा मुख्य पथ से ब्लॉक चौक होते कामडारा हॉस्पिटल बजरंग बली मंदिर में झंडा मिलन करा कर लाठी डंडे का खेल हुआ। जुलूस को राहत देने के लिए युवा सरना समिति, मिशन बदलाव और कामडरा थाना के लोग शर्बत गुड चना का वितरण किया गया। इस जुलूस को सफल बनाने में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल की भूमिका काफी सराहनीय रही साथ ही शांति व्यवस्था व सुरक्षा हेतु थाना के अधिकारी एवं अंचलाधिकारी भी जुलूस के साथ साथ रहे जिसमें अनिरुद्ध ठाकुर, राममोहन साहू, जमुना प्रसाद, तुलराज कांशी (टुलु साहू), बबलू रजक, बिनोद ठाकुर, अवध बिहारी गुप्ता, अनुप तिवारी, सुधीर महतो, तुला सिंह, रामबालक बड़ाईक, सतीश कुमार (पत्रकार), सुनील साहू, रंजन साहू, संतोष साहू, हीरा साहू, घनश्याम साहू, पितांबर साहू, मनीष ओहदार, कामेश्वर साहू, सुरज प्रसाद, थाना प्रभारी शशि प्रकाश एवं थाना के अधिकारी व जवान उपस्थित थे।

## रामनवमी पर विधायक भूषण बाड़ा पहुंचे पालकोट



आजाद सिपाही संवाददाता

**पालकोट।** प्रखंड अंतर्गत राम नवमी पूजा विभिन्न गांवों में धूम धाम से मनाया गया। रामनवमी के मौके पर सिमडेगा विधायक भूषण बड़ा भी पालकोट के सभी ग्रामीणों से इस अवसर में मिले। इस अवसर में पालकोट, बाघीमा, पोजेंगा के अलावे सभी गावो में झंडा मिलन किए साथ ही अनेक जगह जुलुश भी निकाला गया। पालकोट के सुभाष नगर महावीर पूजा समिति ने गिरजा टांगर टोली से भव्य जुलुश निकाला गया। जिसमे पालकोट के कई स्थानों टोली बस्ती होते जुलुश राजा मैदान में जा कर मिल गया। सभी के हाथो में हनुमान जी का झंडा और जय श्री राम के नारों से पूरा पालकोट गुंजयमान हो रहा था। पूरा कार्यक्रम शांति पूर्ण संपन्न हुआ।

## घाघरा में शिव तांडव और रामायण पर झांकी निकाली गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** रामनवमी पर्व प्रखंड के कई गांव में पूजन अर्चना करके धूमधाम से मनाया गया। राम भक्तों ने वाद्य यंत्रों व अस्त्र-शस्त्र के सुशोभित होते हुए इकठ्ठा हुए जिसके बाद जुलूस निकाला गया। इधर झंडा मिलान घाघरा, देवाकी, कोटामाटी, गम्हरिया, आदर, इटकिरी, मकरा, बंसरी, पतागाई, सहित दर्जनों गांव में गाजे बाजे के साथ किया गया। जहां जय भोले महावीर मंडल चांदनी चौक घाघरा के द्वारा भव्य झांकी निकाली गयी। इस झांकी में प्रयागराज, कानपुर व राजस्थान के प्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा शिव तांडव, रामायण सहित कई भक्ति झांकी की प्रस्तुति की गयी। सभी गांव से आये खोड़हा दल पुरानी पेट्रोल पंप के समीप एकत्रित हुए। जिसके बाद प्रदर्शन करते हुए हाई स्कूल मैदान पहुंचे। जहां केंद्रीय महावीर मंडल के द्वारा कार्यक्रम आयोजित की गई थी जिसमें सभी खोड़हा दल ने अपने कला की प्रस्तुति की। इस दौरान केंद्रीय महावीर मंडल के द्वारा सभी खोड़हा दल को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कई गांव में पूर्वजों से चले जा रहे परंपराओं के अनुसार रामनवमी पर्व मनाया गया विभिन्न गांव से लोग आकर एक जगह पर एकत्रित हुए यहां सामूहिक पारंपरिक वाद्य यंत्र के साथ झंडा मिलान किया गया। कई जगहों पर समिति के द्वारा लोगों के बीच चना गुड़ व शरबत का वितरण भी किया गया।

## वाहन की टक्कर से वृद्ध घायल, अस्पताल में भर्ती



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के थाना के पीछे के बुजुर्ग पेरेम कुमार साहू उम्र लगभग 55साल को अज्ञात वाहन ने थाना रोड घाघरा में टक्कर मारकर चार चक्का वाहन ने टक्कर मार कर मौके से हुआ फरार। घटना रात लगभग 9:30 बजे की बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बुजुर्ग टहलने के लिए घाघरा थाना रोड पर गये थे उसी दौरान यह घटना घटा है। जिसे परिजनों ने आनन-फानन में प्राथमिक उपचार के लिए घाघरा उप स्वास्थ्य केन्द्र ले कर आये जहां से बेहतर इलाज के लिए बुजुर्ग को सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया। जहां जांच पड़ताल चल रहा है। बुजुर्ग के माथा वा हाथ में गंभीर चोट लगी है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर देर रात सदर अस्पताल गुमला पहुंच कर मजदुर संघ प्रदेश सचिव जुम्मन खान एवं नगर अध्यक्ष मो-जाबेद आलम ने परिजनों से मिल कर पुरे घटनाक्रम की जानकारी लिए तथा इलाज में सहयोग किया।

## जय श्रीराम के नारों से गूंजा बिशुनपुर



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** प्रखंड के आसपास ग्रामीण इलाकों में रामनवमी का त्योहार भाईचारे के साथ मनाया गया। मौके पर बिशुनपुर शिवालय मंदिर एवं नवागढ़ से थाना मैदान तक एवं बनारी में दुर्गा मंदिर परिसर तक शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान जय हनुमान जय श्री राम का नारा से पूरा क्षेत्र गूंज उठा थाना मैदान में शोभायात्र में शामिल अखाड़ाधारियों ने अस्त्र-शस्त्र चालन का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले अखाड़ाधारियों को रामनवमी पूजा समिति के द्वारा पुरस्कृत किया। साथ ही शोभायात्रा के दौरान पुजा समिति के द्वारा स्टॉल लगाकर श्रद्धालुओं के बीच चना गुड़ शरबत पानी का वितरण किया। इस मौके पर सुबह से ही बिशुनपुर पुलिस चौक चौराहो पर अलर्ट दिखी। जुलूस में मुख्य रूप से विकास भारती संयुक्त सचिव महेंद्र भगत केदार साहू गणेश राम महतो ओम सिंह आलोक उरांव जगत ठाकुर रामप्रसाद बड़ाईक डॉ आचार्या बिल्टू लोहरा थाना प्रभारी उदेशवर पाल सहित कई कइ प्रबुद्ध एवं राम भक्त शामिल हुए।

## महावीरी झंडों के साथ प्रखंड क्षेत्रों में भव्य जुलूस निकाला



आजाद सिपाही संवाददाता

**भरनो।** महावीर युवा मंडल के तत्वाधान मे रामनवमी पर्व को लेकर बुधवार को महावीरी झंडो के साथ प्रखंड क्षेत्रों में भव्य जुलूस निकाला गया' इस दौरान हनुमान मंदिर से भक्तजन जय श्री राम का नारा लगाते हुए क्षेत्र का भ्रमण किया' स्कूल चौक, हॉस्पिटल चौक के समिति सदस्यों के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया' वहीं पारंपरिक तरीके से झंडा का मिलान किया गया' उसके पश्चात प्लस टू हाई स्कूल मैदान में अखाड़ा का आयोजन किया गया और पुरस्कार वितरन कर कार्यक्रम का समापन किया गया' कार्यक्रम के समापन तक प्रखंड प्रशासन शांति व्यवस्था बनाये रखने मे जुटी रही।

## मशीन से खुदाई करने के संबंध में बीडीओ ने मांगा मनरेगा कर्मियों से स्पष्टीकरण

**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड अंतर्गत मेराल गांव में मनरेगा कूप योजना योजना में जेसीबी मशीन से खुदाई करने के संबंध में जारी प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि संदीप सोरेन ने ब्लॉक के संबंधित मनरेगा कर्मियों पर स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही स्पष्टीकरण में प्रखंड विकास पदाधिकारी कहना है कि मनरेगा योजना अंतर्गत मेराल पंचायत के सकतार गांव स्थित राफेल मिंज के कूप निर्माण में जेसीबी मशीन के द्वारा खुदाई करने का मामला प्रकाश में आया था। इसके बाद योजना स्थल का निरीक्षण करते हुए जांच करने पर पता चला की योजना में जेसीबी मशीन का उपयोग किया गया है।साथ ही बताते चले की अखबार में खबर छपने के बाद पंचायत में माहौल काफी गर्म हो चुकी है। वही आरोपी अब इस घटना से बाहर निकलने के लिए अलग-अलग तरह के सेटिंग करने में लगे हुए हैं।अब देखना या है कि विभाग के द्वारा मनरेगा कूप में जेसीबी मशीन से खुदाई करने वाले आरोपियों के ऊपर क्या कार्रवाई करती है या फिर ऊपर के पदाधिकारी भी इस आरोपियों के झांसे में कहीं ना आ जाए।

## किशोर को बाइक सवार ने मारी टक्कर, तीन घायल, एक रिम्स रेफर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत हाई स्कूल रायडीह के समीप सामने बाइक खड़ी कर कलवर्ट पर बैठे सालकाया निवासी 15 वर्षीय गौतम राम पिता रमना राम को बाइक सवार करंज निवासी 20 वर्षीय अरुण मुंडा ने जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में गौतम का बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर में गौतम को गंभीर चोट लगी वह जमीन पर गिरकर बेहोश हो गया। जानकारी के मुताबिक गौतम व उसका दोस्त सलकाया निवासी 16 वर्षीय हषिकेश गोसाई पिता शिव शंकर दास गोसाई कलवर्ट पर बैठकर कुरकुरे खा रहे थे। वही हर्षिकेश कुछ दूरी पर बैठा था। जबकि गौतम बाइक के सामने ही बैठा था। तभी करंज थाना निवासी 20 वर्षीय अरुण मुंडा पिता मनोज मुंडा अपने दोस्त रोहित सोरेन पिता मरमोद सोरेन अपने भाई का शादी का निमंत्रित कार्ड देने विजय टांड रायडीह गया था वही वापसी के क्रम में तेज गति से बाइक चलाते हुए लौट रहे थे। घटना के बाद गौतम और अरुण बेहोश हो गए। घटना में रोहित को भी चोट लगी। स्थानीय लोगों की मदद से गौतम अरुण और रोहित को उप स्वास्थ्य केंद्र रायडीह में उपचार के बाद सदर अस्पताल लाया गया। जहां गौतम राम की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रेफर कर दिया। मंगलवार की रात 10 :00 बजे एंबुलेंस से परिजन उसे रिम्स ले गए।

## पारिवारिक विवाद में व्यक्ति ने किया आत्महत्या का प्रयास, अस्पताल में भर्ती

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला थाना क्षेत्र अंतर्गत कोयंजारा गढ़ टोली निवासी 55 वर्षीय बलराम मांझी ने बुधवार को थाइमेट का सेवन कर लिया। स्थिति खराब होने पर परिजन उसे सदर अस्पताल लेकर आए जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक घर में छोटा बेटा व बहू किसी बात को लेकर आपस में झगड़ा कर रहे थे। बेटा अपनी पत्नी को मारपीट भी कर रहा था। तभी बलराम उनको समझने व बीच बचाव करने गया। तभी बेटा नशा में पिता को गाली गलौज करते हुए धक्का दे दिया। अपमान महसूस होने पर बलराम मायूस हो गया और घर में रखे थाइमेट का सेवन कर लिया।

## निर्दलीय प्रत्याशी मतदाताओं के 1-1 किलो चावल से पहुंचेंगे लोकसभा : बसंत लौंगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिमडेगा ।** पूर्व विधायक और झामुमो नेता बसंत लोंगा खूंटी लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन भरेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड बनने के बाद से यहां के आदिवासियों, मूलवासियों का शोषण बदस्तूर जारी है। जल, जंगल, जमीन की चिंता किसी को नहीं है। यह पूछे जाने पर की आप इंडी एलाइंस में होते हुए बागी क्यों बन गए।तब उन्होंने कहा दिल्ली से थोपे हुए उम्मीदवार यहां का भला नहीं कर सकते। उनसे पूछा गया की आप के इस कदम से आपको जेएमएम बाहर का रास्ता दिखा सकती है।उन्होंने कहा हम जितने के लिए खड़े हैं। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने इस बात को एक सिरे से खारिज कर दिया की ,उनके रहने से भाजपा को लाभ मिलेगा। इतना महंगा चुनाव आप कैसे लड़ पाएंगे।इसपर हास्यास्पद बात ये कही की प्रत्येक मतदाता हमे एक किलो चावल दान करेगा।इसी दान के बदौलत वे लोकसभा पहुंच जायेंगे।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें

www.azadsipahi.in

## अर्धनग्न अवस्था मे मिली महिला

आजाद सिपाही संवाददाता




**पालकोट।** पालकोट प्रखंड अंतर्गत कोलेंग पंचायत के कोलेंग खास गांव के सरना घेरा के समीप 45 वर्षीय अविवाहित महिला पुष्पा कुमारी का शरीर अर्धनग्न अवस्था मे पाया गया। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने कोलेंग पंचायत के मुखिया सुषमा केर-केट्टा को दिया। सुषमा ने त्वारित कार्रवाई करते हुए पालकोट थाना को घटना की सूचना दी। सूचना पाकर पालकोट थानेदार जहांगीर घटना स्थल पहुँच कर महिला को इलाज के लिए एम्बुलेंस से सदर अस्पताल गुमला भेजा। भाई रबिन्द्र साहू ने बताया कि मंगलवार को शाम 5 बजे बघिमा बाजार पुष्पा टेम्पू में सवार होकर गयी थी। जिसके बाद से वह नही लौटी थी। सुबह में अर्धनग्न अवस्था मे पाई गई। वह अक्सर एक दो दिन बाद घर लौटा करती थी। उसे वहां पर घसीट कर मारा गया है। साथ ही दुष्कर्म कर मारने की बात भी उसके भाई द्वारा कहा गया। पुष्पा के सिर पर पत्थर से मारने का गम्भीर चोटें भी है। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक डॉक्टर आसिम मिंज ने बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स भेज दिया। इधर थानेदार से पूछे जाने पर बताया कि आपसी जमीन विवाद व पिता के पेंशन में मिले पैसे के कारण पारिवारिक विवाद है। मामले की जांच की जा रही है।

## तैयारी पूरी : 26 को नामांकन की जांच और 29 तक लिया जा सकेगा नाम वापस

# पलामू लोकसभा के लिए नामांकन आज से

**25 अप्रैल तक किया जा सकेगा नामांकन**


आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा क्षेत्र के लिए चुनाव का नामांकन गुरुवार से शुरू हो जाएगा। प्रशासनिक स्तर पर नामांकन से संबंधित तैयारी पूरी कर ली गयी है और अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया भी गुरुवार से शुरू हो जाएगा। समाहरणालय परिसर स्थित पलामू लोकसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी शशि रंजन के समक्ष प्रत्याशियों द्वारा नामांकन का पर्चा दाखिल किया जाएगा। निवार्ची पदाधिकारी कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में प्रत्याशियों की तीन गाड़ियों के प्रवेश के अनुमति होगी। वहीं निवार्ची पदाधिकारी के नाम निर्देशन कक्षा में उम्मीदवार सहित पांच व्यक्ति ही अंदर जा सकते हैं। नामांकन प्रक्रिया 25 अप्रैल तक चलेगी। जबकि 26 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। वहीं, 29 अप्रैल तक नाम वापस लिया जा सकेगा।

## सीसीटीवी से लैस होगा पलामू लोकसभा के निर्वाची पदाधिकारी का कार्यालय

### समाहरणालय के विभिन्न प्रवेश द्वार पर होंगे दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त

नामांकन प्रक्रिया को लेकर पलामू लोकसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह डीसी कार्यालय के अंदर व निकास द्वार पर सीसीटीवी लगाया गया है। नामांकन प्रक्रिया की पूरी वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। नामांकन के दौरान विधि-व्यवस्था के संधारण को लेकर समाहरणालय के विभिन्न प्रवेश द्वार पर कुल छह दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। उनके साथ पुलिस बल को भी टैग किया गया है।



## पलामू डीसी व एसपी ने किया हुसैनाबाद में रामनवमी के जुलूस मार्ग का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** रामनवमी के अवसर पर विधि व्यवस्था के मद्देनजर पलामू डीसी शशि रंजन और एसपी रिष्मा रमेशन ने हुसैनाबाद शहरी क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न जुलूस निकालने के मार्गों का निरीक्षण किया। इस दौरान जुलूस आवागमन को सुलभ बनाने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। निरीक्षण के क्रम में डीसी ने जुलूस के लिए निर्धारित मार्गों में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी जगहों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल पर्याप्त मात्रा में तैनात करने का निर्देश दिया। डीसी ने सभी अधिकारियों से समन्वय बनाकर शांति व सौहार्द के साथ रामनवमी जुलूस संपन्न कराने का निर्देश दिया। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को सड़क मार्ग में पड़ने वाले अव्यवस्थित बिजली के तारों आदि को व्यवस्थित करने का निर्देश दिया। मौके पर एसडीओ पीयूष सिन्हा, एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो, छतरपुर एसडीओ, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी, हुसैनाबाद थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।



जुलूस मार्ग का निरीक्षण करते पलामू डीसी शसि रंजन व एसपी रिष्मा रमेशन

## पलामू के भाजपा नेता उत्तराखंड में कर रहे पार्टी प्रत्याशी के लिए प्रचार



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के वरिष्ठ भाजपा नेता सह जिला पार्षद अरविंद सिंह उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्यासी के लिए चुनाव प्रचार कर रहे हैं। अरविंद सिंह को पार्टी ने हरिद्वार लोस सीट का जिम्मा सौंपा है। जहां से उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत भाजपा के प्रत्यासी हैं। अरविंद सिंह ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में भाजपा की लहर चल रही है। यहां से पार्टी के प्रत्यासी मतों के भारी अंतर से जीतेंगें। उन्होंने बताया कि हरिद्वार में जगह-जगह स्थानीय कार्यक्रताओं के साथ चुनाव प्रचार किया जा रहा है। सभी मुख्य चौक-चौराहों पर नुक्कड़ सभा के माध्यम से जनता को राज्य और केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

## जय श्रीराम के नारों से गूंजा रेहला, निकली झांकियां

### पहली बार जुलूस में शामिल हुई बड़ी संख्या में महिलाएं





**-रेहला में निकला रामनवमी का भव्य जुलूस**
**- राम रथ व राम दरवार की झांकी रहा आकर्षण का केंद्र**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रेहला में बुधवार को रामनवमी का भव्य जुलूस निकाला गया। जिसमें दर्जनों गांवों के राम भक्तों का शैलाब उमड़ पड़ा। पहली बार भगवा वस्त्र में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद रामनवमी का जुलूस महाबीर चौक से शुरू हुआ। जिसे पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला, ग्रासिम इंडस्ट्रीज के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी, ग्रासिम के लायजन प्रमुख नितेश पांडेय, भाजपा नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, प्रादेशिक कांग्रेसी नेता विजय चौबे, डॉ डीपी शुक्ला, डॉ बीपी शुक्ला, गामा चौबे, पूजा समिति अध्यक्ष आलोक शुक्ला, पार्षद दिनेश शुक्ला, महेंद्र नाथ चौबे आदि ने श्रीराम दरबार रथ की पूजा अर्चना कर की। जुलूस रेहला महावीर मंदिर से शुरू होकर रेलवे ओवर ब्रिज होते हुए थाना चौक, रेलवे स्टेशन चौक, बाबा योगिबिर देवस्थल, बीमोड़, डंडिला खुर्द, ग्रासिम इंडस्ट्रीज मुख्य गेट होते हुए रेहला शुक्र बाजार पहुंचा. जहां जय श्री राम के नारों के बीच जुलूस का समापन हुआ। इसमें शामिल सभी लोग जय श्रीराम का नारा लगा रहे थे। इसमें भव्य राम रथ व राम दरवार की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान रामनवमी पूजा कमेटी ने लोगों को तिलक लगाते हुए अंगवस्त्र व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर रंजीत सिंह, चंचल शुक्ला, साइमन मैथ्यू एस्ले, अशोक तिवारी, डीएन दूबे, प्रिंस शुक्ला, राजन मिश्रा, टिंकू शुक्ला, छोटू चौबे, संजू सिंह, विकाश चौबे, फिरोज खान, नाजमुदीन नूरी और आलम अंसारी आदि मौजूद थे।

## रामचरितमानस नवाह्न परायण यज्ञ का समापन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला श्री महावीर मंदिर प्रबंधन समिति के नेतृत्व में होने वाले चैत शुक्ल पक्ष नवाह परायण यज्ञ पूरे विधि विधान के साथ बुधवार को संपन्न हुआ। इसकी शुरूआत कलश यात्रा से शुरू होकर कलश स्थापना एवं नौ दिनों तक अनवरत रूप से चलने के बाद बुधवार को नौवे दिन हवन, सम्मान समारोह एवं भंडारे के साथ संपन्न हुआ। पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर प्रबंधन समिति के संरक्षक दिनेश कश्यप, अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी, उपाध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह, राजेंद्र पाल, अजीत अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संजय कुमार सोनी, सचिव उत्तम कुमार, सहसचिव राजीव कुमार ठाकुर, मंदिर के वरिष्ठ सदस्य, कृष्णामुरारी अग्रवाल, पप्पू सोनी, अरविंद ओझा, अनिल प्रसाद गुप्ता, डॉ मलय राय, मिंटू अग्रवाल, दिनानाथ सोनी, रामेश्वर राम उर्फ छठन जी, राजकुमार कश्यप, लोकनाथ केशरी, श्रवन अग्रवाल, पंकज कांस्कार, संतोष गुप्ता, अमित कश्यप, चंदन कुमार, यशराज, राजेश कुमार सिंह, विनय शर्मा, संतोष पाल, अविनाश कुमार सिन्हा, पुजारी गोपाल पाठक आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## हरिहरगंज और पीपरा प्रखंड में निकला रामनवमी का भव्य जुलूस, चारों ओर जय श्रीराम की गूंज

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** रामनवमी के शुभ अवसर पर बुधवार को हरिहरगंज और पीपरा प्रखंड क्षेत्र में रामभक्तों ने भव्य शोभा यात्रा निकाली। इससे पहले हरिहरगंज श्रीरामनवमी पूजा समिति के तत्वाधान में हनुमान मंदिर परिसर में पगड़ी बांधो सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य रूप से हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह, भाजपा नेता विनोद सिंह, रविंद्र कुमार सिंह आदि को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। जिसके बाद भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जो हनुमान मंदिर परिसर से शुरू होकर मेन रोड होते हुए अररुआ मोड़, झंडा चौक सहित पूरे शहर का भ्रमण किया। इस दौरान जगह-जगह गोल लगाकर अखाड़े का प्रदर्शन भी किया गया। शोभा यात्रा में पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, भाजयुमो नेता राजीव रंजन, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, मंडल अध्यक्ष बल्लु बलराम, सतेंद्र मेहता, मुन्ना विश्वकर्मा, बीनू जायसवाल, पूजा समिति अध्यक्ष सोनू गुप्ता, चंदन जायसवाल, दिनेश गुप्ता, बसपा नेता प्रमोद कुमार रवि, आजसू जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी, प्रखण्ड अध्यक्ष अजित कुमार सिंह, बिंदेश्वरी राम, वैश्य जागृति मंच के प्रखंड अध्यक्ष गंगा जायसवाल, भोला गुप्ता, राकांपा नेता मनीष कुमार सिंह, सरोज कुशवाहा, युवा नेता संतोष प्रजापति, सुरेश सिंह आदि शामिल थे। दूसरी ओर, जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासनिक काफी सक्रिय दिखे। पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में एसआइ सतीश गुप्ता, विगेश राय, राकेश सिंह, सोनु गुप्ता, धनंजय गोप, नंदलाल साहनी, सिधांशु शेखर झा, लालबहादुर हरिजन, अविनाश कुमार, रंजीत सिंह, हेवंती बासुकी, एएसआई संजय सिंह, मनोज दास आदि चौक चौराहों पर मुस्तैद रहे।



## नेपोमनियाच्ची से ड्रॉ खेलकर गुकेश की बढ़त कायम

**नई दिल्ली (एजेंसी)। डी गुकेश ने 10वें दौर के बाद अकेली बढ़त पर आने का मौका खो दिया। गुकेश ने अपने साथ बढ़त साझा कर रहे रूस के इयन नेपोमनियाच्ची से ड्रॉ खेला। अगर इस बाजी में वह जीतते तो अकेली बढ़त पर आ सकते थे। अब दोनों खिलाडियों के छह-छह अंक हैं और दोनों अभी भी संयुक्त बढ़त पर हैं। वहीं आर प्रगनानंदा (5.5) और विदित गुजराती (5) के बीच मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। दूसरी ओर शीर्ष वरीय अमेरिका के फैबियानो कारूआना और उनके साथी हिकारु नाकामुरा ने जीत कर प्रगनानंदा के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। कारूआना (5.5) ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा (3.5) को और नाकामुरा (5.5) ने अजरबैजान के निजात एबासोव (3) को हराया।**

## मर्यादा में जीनव व्यतीत करने पर ही प्रभु श्रीराम को कहा गया मर्यादा पुरुषोत्तम : डॉ एके सिंह

**आक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में राम दरबार का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्रांगण में श्रीराम नवमी के अवसर पर बच्चों की ओर से राम दरबार का आयोजन किया गया। कक्षा प्री-नर्सरी से तृतीय तक के छात्र-छात्राओं की ओर से राम, लक्ष्मण, सीता, भरत, शत्रुघ्न एवं हनुमान का स्वांग स्वरुप में राम दरबार की झांकी प्रस्तुत की गई। यह देख ऐसा लग रहा था, मानों त्रेतायुग के अयोध्या नगरी के दर्शन कर रहे हैं। इस अवसर पर श्रीराम के आदर्शों पर आधारित लघुनाटक व झांकी प्रस्तुत की गई। कक्षा 12वीं की छात्राओं की ओर से सुप्रसिद्ध गीत 'हम कथा सुनाते राम सकल गुण धाम की' और 'कौन कहते हैं भगवान आते नहीं' प्रस्तुत किया गया। वहीं, प्राचार्य डॉ एके सिंह ने प्रभु श्रीराम के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि प्रभु श्रीराम वे विनम्रता, मर्यादा, धैर्य और पराक्रम का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण विश्व के सामने प्रस्तुत किया। श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम राम इसलिए कहते हैं क्योंकि मर्यादा में रहकर अपना जीवन व्यतित किया था। उन्होंने अपने जीवन काल में अनेक कष्ट सहते हुए भी मर्यादित जीवन का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण पेश किया। अपने पिता के आदेश का पालन करते हुए राजपाठ त्याग दिया और अनेकों कष्ट सहते हुए 14 वर्षों तक जंगलों की खाक छानते रहे। रामनवमी हिंदुओं का प्रसिद्ध त्योहार है। हिंदू पंचाग के अनुसार चैत्र शुक्ल की नवमी तिथि के दिन रामनवमी का त्योहार मनाया जाता है। इस दिन को रामजन्मोत्सव के रुप में मनाया जाता है। अखिल विश्व में राम के आदर्शों की तुलना किसी भी व्यक्तित्व से नहीं की जा सकती। आधुनिक युग में भी श्रीराम के आदर्श सर्वश्रेष्ठ है।राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई। इस मौके पर विद्यालय के सभी अध्यापक आदि उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



भारत के स्टार बैट्समैन विराट कोहली टी-20 वर्ल्डकप 2024 में रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग कर सकते हैं। इसी साल जून महीने में अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी-20 वर्ल्ड कप खेला जाएगा।

# टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग कर सकते हैं कोहली

**बीसीसीआइ की मीटिंग में हुई है चर्चा, जून में खेला जाएगा टी-20 वर्ल्ड कप**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्टार बैट्समैन विराट कोहली टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग कर सकते हैं। इस साल जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी-20 वर्ल्ड कप खेला जाना है। इसको लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने पिछले हफ्ते मुंबई में एक मीटिंग की है। इस मीटिंग में टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा, हेड कोच राहुल द्रविड़ और चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर मौजूद रहे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बीसीसीआइ की मीटिंग में रोहित के साथ विराट कोहली को ओपनिंग करने का मौका देने पर चर्चा हुई है। कुछ समय पहले कोहली ने टीम मैनेजमेंट से उनके टी-20 वर्ल्ड कप में खेलने पर स्पष्टता मांगी थी। रिपोर्ट के अनुसार टीम मैनेजमेंट ने उन्हें इस पर स्पष्टता दे भी दी है। दरअसल, कुछ समय पहले तक टी-20 वर्ल्ड कप टीम में कोहली की जगह को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप के बाद जब रोहित, द्रविड़ और सेलेक्टर्स की मीटिंग हुई तो टी-20 टीम में कोहली की जगह पक्की नहीं थी, लेकिन पिछले कुछ महीनों में बहुत कुछ बदल गया है।

### आइपीएल के मौजूदा सीजन में ओपनिंग करते हुए ऑरेंज कैप होल्डर हैं कोहली

**कोहली आइपीएल के पिछले कुछ सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए ओपनिंग करते रहे हैं। वे इसी सीजन में भी ओपनिंग करते हुए सात मैचों में 147 की स्ट्राइक रेट से 361 रन के साथ ऑरेंज कैप होल्डर हैं। इस दौरान उन्होंने एक शतक भी लगाया है। बतातें चलें कि कोहली ने अपने इंटरनेशनल करियर की शुरूआत 2008 में श्रीलंका के खिलाफ वनडे में बतौर ओपनर बैटर की थी। कुछ समय बाद वे नंबर 3 स्लॉट पर चले गए। कोहली का टी-20 इंटरनेशनल में बतौर ओपनर बैटर रिकॉर्ड काफी अच्छा है। पूर्व कप्तान ने 9 मैचों में 400 रन बनाए हैं।**



### लगभग दो साल बाद टी-20 इंटरनेशल में लौटे

रोहित और कोहली ने 2022 टी-20 विश्व कप के बाद से 2023 वनडे वर्ल्ड कप तक कोई भी टी-20 मैच नहीं खेला था। कोहली ने इस साल जनवरी में अफगानिस्तान की घेरलू सीरीज के लिए खुद को उपलब्ध बताया। वे और रोहित इस सीरीज से लगभग दो साल में पहली बार टी-20 इंटरनेशल में लौटे। उन्होंने दो मैचों में अपने फेवरेट पोजीशन नंबर-3 पर बैटिंग की। इस सीरीज में यशस्वी जयसवाल ने रोहित के साथ इनिंग की शुरूआत की। हालांकि, जून में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप ओपनिंग प्लेयर्स बदल सकते हैं।

### किसी नये खिलाड़ी के चयन की संभावना नहीं

बीसीसीआइ के एक सूत्र की मानें तो टी-20 वर्ल्ड कप में किसी नए खिलाड़ी के चुने जाने की संभावना नहीं है। स्क्वॉड में वही खिलाड़ी चुने जाएंगे जो पहले से भारत के लिए खेल चुके हैं। अधिकारी ने कहा कि शुभमन गिल और यशस्वी जयसवाल में से कोई एक बाहर हो सकता है। लेकिन अगर दोनों खिलाड़ियों को स्क्वॉड चुना जाता है, तो फिनिशर्स रिंकू सिंह और शिवम दुबे में से केवल एक को ही मौका मिलेगा। विकेटकीपर के लिए संजू सैमसन को जितेश शर्मा, केएल राहुल और ईशान किशन से कॉम्पिटिशन मिल सकता है।

हाल में हार्दिक पंड्या की गेंदबाजी चिंता का विषय बनी हुई है, लेकिन फिलहाल उनके सिलेक्शन पर कोई संदेह नहीं है। वहीं कोहली का भी टीम में चुना जाना तय है। उनके साथ कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जड़ेजा, ऋषभ पंत, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव, ये 10 नाम ऐसे हैं जो स्क्वॉड में शामिल रहेंगे।

## ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक 100 प्रभावी लोगों की सूची में शामिल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक पदक विजेता भारतीय पहलवान साक्षी मलिक को टाइम मैगजीन ने 2024 के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में शामिल किया है। कुश्ती में प्रभावशाली करियर बनाने वाली भारतीय महिला पहलवान साक्षी मलिक का जन्म हरियाणा के रोहतक जिले के मोखरा गांव में 3 सितंबर 1992 को हुआ था। उनके दादा सुबीर मलिक पहलवान थे, जिनसे प्रेरित होकर साक्षी ने बचपन से ही कुश्ती में करियर बनाने की ठान ली। सूची में अन्य भारतीयों में अभिनेत्री आलिया भट्ट, इंडो-ब्रिटिश अभिनेता देव पटेल और माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला भी शामिल हैं। हालांकि, साक्षी अब कुश्ती से सन्यास ले चुकी हैं। वे भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के भारतीय कुश्ती संघ का अध्यक्ष बनने से नाखुश थीं। 21 दिसंबर 2023 को मलिक ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम 40 दिनों तक सड़कों पर सोए और देश के कई हिस्सों से बहुत सारे लोग हमारे समर्थन करने आए। अगर बृज भूषण शरण सिंह के बिजनेस पार्टनर और करीबी सहयोगी को कुश्ती संघ का अध्यक्ष चुना जाता है, तो मैं कुश्ती छोड़ती हूं। हमारा समर्थन करने वाले सभी लोगों को धन्यवाद। लड़ाई पूरे दिल से लड़ी। अगर अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह जैसा आदमी ही रहता है तो मैं अपनी कुश्ती को त्यागती हूं।

# कड़ी सुरक्षा में धूमधाम से मना रामनवमी का त्योहार, बेरमो में जय श्रीराम की गूंज

आजाद सिपाही टीम

**करगली/बेरमो/गिरिडीह।** बेरमो क्षेत्र के विभिन्न हनुमान मंदिरों के अलावा लोगों ने अपने-अपने घरों में विधि- विधान से बुधवार को पूजन-अर्चना कर महावीरी झंडा बदला। वहीं, फुसरो नप क्षेत्र, पिछरी, अंगवाली एवं चलकरी में रामनवमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। फुसरो भूतबंगला महावीर मंदिर, पुराना बीडीओ ऑफिस मंदिर, ब्लॉक कॉलोनी, नया रोड फुसरो, सुभाषनगर, जवाहरनगर, अमलो बस्ती, पटेलनगर, आंबेडकर कॉलोनी, पिछरी, अंगवाली, चलकरी आदि जगहों के मंदिरों में श्रद्धा व उल्लास के साथ पूजा-अर्चना हुई। इन मंदिर कमेटियों ने झांकियों के साथ भव्य जुलूस भी निकाला। फुसरो की भूतबंगला मंदिर कमेटी और पुराना बीडीओ ऑफिस मंदिर कमेटी ने फुसरो बाजार में भव्य जुलूस निकाला। जुलूस को देखने जुटीं महिलाएं उत्साहित होकर भक्ति गीतों पर जमकर झूमीं।

### निकलीं आकर्षक झांकियां

जुलूस के दौरान रामभक्त जय श्रीराम, जय हनुमान आदि आदि जयकारा लगा रहे थे। जुलूस विभिन्न मंदिरों से निकल कर अपने क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए केंद्रीय अखाड़ा करगली बाजार पहुंची। इस दौरान लोगों ने आतिशबाजी भी की। जुलूस में भगवान राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान, रावण, जटायु, राधे-कृष्ण, भूत पिशाच, भारत माता आदि की आकर्षक झांकियां निकलीं. फुसरो बाजार में कई सामाजिक संगठनों ने रामभक्तों के लिए चना, गुड़, शरबत, पानी, कोल्ड ड्रिंक, छाछ आदि की व्यवस्था की थी। वहीं, पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय के आवासीय कार्यालय, रामरतन उच्च विद्यालय के समीप नवयुवक संघ ढोरी बस्ती सौतारडीह, फुसरो में मालाकार एवं टीवी सेंटर, युवा व्यवसायी संघ फुसरो के अध्यक्ष वैभव चौरसिया, गुडडू तिलकुट भंडार एवं श्री वस्त्रालय, बरनवाल नवयुवक संघ सह बरनवाल महिला समिति, फुसरो में मारवाड़ी भाया, नया रोड फुसरो, करगली बाजार में झारखंड नवयुवक संघ सामाजिक संगठन आदि ने जुलूस में शामिल लोगों के लिए शरबत, लस्सी व पेयजल की व्यवस्था की थी। फुसरो भूतबंगला व पुराना बीडीओ ऑफिस की झांकी व जुलूस फुसरो बाजार, नया रोड आदि जगहों का भ्रमण करते हुए केंद्रीय अखाड़ा पहुंचा। केंद्रीय अखाड़ा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने जुलूस का स्वागत किया।








### बेरमो अधिकारियों की दिखी मुस्तैदी

प्रशासन ने भी जुलूस के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखा। एसडीओ अशोक कुमार एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह, अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह, बेरमो थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अशोक कुमार आदि की टीम भ्रमण कर विधि व्यवस्था की जायजा ले रही थी।

वहीं लाठी खेल के साथ कलाकारों ने भक्ति नृत्य, नाटक, हैरतअंगेज कतरब का प्रदर्शन किया। यहां उत्तम डांस ग्रुप और कोलकाता और वाराणसी से आए कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक रामभक्ति में सरोवर नृत्य पेश किए गए। कार्यक्रम के आयोजन में केंद्रीय अखाड़ा कमेटी में युगेश तिवारी, राजन साव, राकेश सिंह, उत्तम सिंह, दिलीप गोयल, बिनोद गोयल, नवीन गुप्ता, दीपक दुबे, प्रेम गुप्ता, दीपक गुप्ता, अजय साव, श्रवण अग्रवाल, बिनोद गोयल, डॉ सुरेंद्र सिंह, कुल्ला राव, रंजीत कुमार, अनिल कुमार, कृष्ण कुमार, रघुवीर प्रसाद, चंद्रशेखर प्रसाद, राजू सिंह, सेलवन राज, अपूर्वा घोष, संजय कुमार अंबाष्टा आदि की भूमिका सराहनीय रही।

### गिरिडीह में रामनवमी पर निकला रामभक्तों का अखाड़ा

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** रामनवमी के शुभ अवसर पर बुधवार अहले सुबह पूरा शहर जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। इस दिन शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में अखाड़ा निकालकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान रामभक्तों की टोली बड़े-बड़े भगवा ध्वज लहराते हुए धूमते नजर आए। शहर के विभिन्न मुहल्लों के अखाड़ा समितियों द्वारा अखाड़ा निकाला गया। जिसमें लाठी, तलवार समेत अन्य परंपरागत अस्त्रों के साथ युवा, बच्चे, बेटियां शामिल हुई और प्रदर्शन करते हुए शहर के बड़ा चौक पहुंची। जहां विश्व हिंदू परिषद, अंतराष्ट्रीय हिंदू परिषद, मारवाड़ी युवा मंच सहित विभिन्न संगठनों की ओर से बनाए गए मंच से सभी अखाड़े का स्वागत किया गया। इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद के मंच में भाजपा नेता दिनेश यादव, संतोष गुप्ता, विहिप नेता शिवपूजन कुमार, गुड्डू यादव समेत कई लोग खेल का प्रदर्शन कर रहे रामभक्तो का उत्साह बढ़ा रहे थे। वहीं, सुरक्षा को लेकर गिरिडीह पुलिस भी पूरी तरह सक्रिय रही। जिला मुख्यालय के नगर, मुफ्फसिल और पचंबा थाना समेत जिले के अलग-अलग थानों की पुलिस अर्धसैनिक बलों के जवानों के साथ मुस्तैद दिखे। शहर के बड़ा चौक में एसडीएम श्रीप्रकाश और डीएसपी अंकिता राय के साथ नगर थाना प्रभारी शैलेश प्रसाद अर्धसैनिक बलों के साथ तैनात थे। इस दौरान सीसीटीवी कैमरा और ड्रोन की मदद से अखाड़ों पर नजर रखी जा रही थी।

## धनबाद लोकसभा केंद्र से प्रत्यासी घोषित होने के बाद धनबाद पहुंची अनुपमा सिंह

# जनता ने आशीर्वाद दिया, तो धनबाद का करूंगी विकास : अनुपमा सिंह

**पूर्व मंत्री व दिवंगत ससुर राजेंद्र बाबू के नक्सेकदम पर चलकर गरीब-गुरबाओं की मदद का दिया भरोसा**

### कहा- ढुल्लू महतो से बाघमारा की जनता थी त्रस्त, वे धनबाद का भला नहीं कर सकते

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिला कांग्रेस के तत्वाधान धनबाद लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का धनबाद आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किसान चौक पर भव्य स्वागत किया। जिसकी अगुवाई पार्टी के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने की। वहां से चलकर सरायढेला, स्टील गेट, हीरापुर होते हुए जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंची जहां अन्य नेताओं-कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद संवाददाता सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें बेरमो विधायक जयमंगल सिंह, अनूप सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रशीद राजा अंसारी आदि उपस्थित थे। धनबाद लोकसभा के प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने पत्रकारों से बातें करते हुए धनबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ उनपर भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरेंगे। मुझे प्रत्याशी बनाए जाने के बाद लोगों में हर्ष है। कहा कि धनबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता के लिए कल्याणकारी कार्यों को धरातल पर उतारने का प्रयास करूंगी और क्षेत्र की जन समस्याओं को लेकर उनके अधिकार और हक के लिए दिल्ली में आवाज उठाऊंगी। हमें भरोसा और विश्वास है की धनबाद की जनता हम पर विश्वास जताएगी और आशीर्वाद देकर भारी मतों से जीताएगी। उन्होंने कहा कि उन्होंने राजनीति को बहुत बारिकी से देखा और सीखा है। उनके ससुर पूर्व मंत्री राजेंद्र बाबू का मजदूरों के प्रति स्नेह और त्याग से प्रेरित होकर राजनीति के प्रति रुझान हुआ और पार्टी ने उन्हें धनबाद से प्रत्याशी बनाकर लोगों की सेवा करने का मौका दिया है। धनबाद में एयरपोर्ट के अलावा महिला सशक्तिकरण पर जोर देंगें। साथ ही धनबाद को आतंक से मुक्त करने के साथ मजदूरों के हक और अधिकार दिलाने का हर संभव प्रयासर करेंगें। कहा कि धनबाद की जनता भाजपा की चाल, चेहरा और चरित्र को समझ चुकी है। भाजपाई लोगों को झूठा आश्वासन देकर छलावा करते हैं। भाजपा ने धनबाद लोकसभा से उसे (ढुल्लू महतो) को प्रत्याशी बनाया है, जो पहले से सजा काट चुके हैं और लगभग उनपर चार दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। कहा कि धनबाद में कोयला तस्करी चरम सीमा पर है। एरिया एक से लेकर 6 तक भाजपा प्रत्याशी का राज है। ढुल्लू महतो से बाघमारा की जनता ही त्रस्त थी। उनकी प्रताड़ना से परेशान होकर स्थानीय लोगों व महिलाओं ने विगत दिनों जिला मुख्यालय में लगभग दो महीना तक धरना दिया था। जिन्हें आज तक न्याय नहीं मिला। ऐसे शोषित पीड़ित और प्रताड़ित लोगों के हक और अधिकार के लिए लड़ूंगा। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष रशीद राजा अंसारी, राजेश्वर सिंह यादव, क्यूम खान, सतपाल सिंह ब्रोका अक्षयवर प्रसाद नवीन सिंह, इरफान खान चौधरी, कुमार संभव, जावेद राजा, गुड्डू खान, सीता राणा, पप्पू कुमार तिवारी, पिंटू तूरी, बाबू अंसारी, कुमार गौरव, पूर्णेन्दु सिंह आदि उपस्थित थे।





धनबाद लोकसभा केंद्र से आइएनडीआइए गठबंधन की कांग्रेस उम्मीदवार अनुपना सिंह का स्वागत करते गठनंबधन के कार्यकर्ता

# रामनवमी के जुलूस में दिखी हिंदू-मुस्लिम एकता की झलक

आजाद सिपाही संवाददाता

**नावाडीह/ भंडारडीह/बेरमो।** रामनवमी के अवसर पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी और प्रशासन की कड़ी सुरक्षा के बीच नावाडीह प्रखंड के सुरही, चिरुडीह, खरपीटो, सहरिया, गुंजरडीह आदि गांवों में रामनवमी जुलूस निकाला गया। इसे लेकर चौक-चौराहों पर पुलिस की कड़ी व्यवस्था की गई थी। इस दौरान श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण के साथ शरबत भी पिलाया गया। नावाडीह मुखिया संघ के अध्यक्ष विश्वनाथ महतो ने बताया कि सुरही में शांतिपूर्ण माहौल में जुलूस निकाला गया। इसमें सभी का सहयोग मिला, प्रशासन ने भी जुलूस के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखा। सुरही में भव्य झांकी निकाली गई। इस अवसर पर भक्तों द्वारा तलवार-लाठी से तरह-तरह के करतब दिखाए गए। वहीं, बेरमो इंस्पेक्टर नवल किशोर सिंह, सीओ अभिषेक कुमार, बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम, थाना प्रभारी रवि कुमार आदि ने भ्रमण कर विधि व्यवस्था की जायजा ली। जुलूस में मुखिया विश्वनाथ महतो, बीस सूत्री उपाध्यक्ष गणेश महतो, पंसस बबिता देवी, पूर्व मुखिया रणविजय सिंह, भाजपा नेता गोविंद महतो, दशरथ महतो, नरेश प्रसाद गुप्ता आदि उपस्थित थे। वहीं, प्रखंड के बाराडीह पंचायत अंतर्गत तिलैया टांड स्थित हनुमान मंदिर में विशेष पूजा कृष्ण पाण्डे द्वारा धूमधाम से करवाया गया। मौके पर रामदयाल महतो, रामेश्वर महतो, जगदीश महतो, नारायण महतो, दिनेश महतो, महावीर महतो आदि थे। दूसरी ओर, रामनवमी पूजा को लेकर अलारगो हनुमान मंदिर सहित भंडारीदह एसआरयू कॉलोनी, तुरियो धौडा, कारीपानी एवं कल्याणी मे पूजा-पाठ की गई। अलारगो गांव में मंत्री के पुत्र अखिलेश महतो उर्फ राजू के नेतृत्व में भव्य जूलूस निकाला गया। जिसमें अलारगो के हिन्दू और मुस्लिम भी एकता देखने को मिली। सभी अखाड़े में लाठी खेल का करतब दिखाये। मंत्री पुत्र अखिलेश महतो और अजमूल अंसारी ने लाठी खेल का करतब दिखाया।



लाठी खेल का करतब दिखाते मंत्री के पुत्र अखिलेश महतो।



### रामनवमी के अखाड़े में राम भक्तों ने दिखाया करतब

**कथारा (आजाद सिपाही)।** कथारा में रामनवमी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अलग-अलग क्षेत्रों से आकर्षक झाकियां निकाली गई। भक्ति में डूबे हिंदू धर्मावलंबी युवकों ने जय श्री राम का नारा लगाते हुए जुलूस निकाला, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए।

### दो दिवसीय हरिनाम संकीर्तन का आयोजन



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** जुनकुंदर सीएमडब्लूओ कॉलोनी स्थित श्रीश्री हनुमान मंदिर में बुधवार से दो दिवसीय हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। पुजारी संतोष पांडेय ने विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। रात में शीतल राय चौधरी के नेतृत्व में श्रीराम की जीवनी पर आधारित झांकी प्रस्तुत की जाएगी। जबकि गुरुवार की शाम को भंडारा के साथ अनुष्ठान संपन्न होगा। इस मौके पर श्रीश्री हनुमान मंदिर समिति के अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद, सचिव सूर्यदेव सिंह, कोषाध्यक्ष सतीश पासवान, पूर्व मुखिया अनिल राम, गिरिजा देवी, प्रह्लाद पासवान, नागेश्वर सिंह, अखिलेश सिंह, सत्येंद्र सिंह, मनोज कुमार, राजेश सिंह, सूराज यादव, उपेंद्र यादव, चंद्रदेव पासवान, शंकर साव, शिवलाल राम, ओमप्रकाश बनिया, विनोद कुमार, नागेश्वर रजक, सन्नी राउत, शशिकांत प्रसाद, चंद्रशेखर पासवान, ऋतिक कुमार और गिरिश कुमार आदि उपस्थित थे।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** निरसा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वावधान में वीर सिंहपुर पंचायत भवन में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच, दिव्य-माता बालक और नारी-शक्ति शिव शक्ति कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर डॉ अवंतिका, ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन और आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका आदि उपस्थित थे। डॉ अवंतिका की ओर से ग्रामीण महिलाओं का नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच किया गया। साथ ही दिव्य-माता बालक विषय पर ज्ञान चर्चा की गई। बताया कि शुद्ध, सात्विक आहार और शांत, सकारात्मक, शक्तिशाली और खुशी के विचारों से बच्चा और मां दोनों स्वस्थ और खुशहाल होंगे। ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन द्वारा सहज राजयोग और ईश्वरीय ज्ञान अपने भीतर निहित गुणों और शक्तियों को जागृत कर दुरगुण का नाश करने की सहज विधि की जानकारी दी। इस मौके पर संजय, अमर, राजेश, भोला और संगीता आदि उपस्थित थे।

**रक्तदान शिविर का आयोजन/बोकारो (आजाद सिपाही)।** जनसेवक क्रांतिकारी संघ की ओर से बोकारो जनरल अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 25 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इसका उद्देश्य थैलेसिमीया के मरीज को रक्त मुहैया कराना है, ताकि किसी की जान न जाए। इसे लेकर जागरूकता फैलाना है। शिविर में बीजीएच के प्रभारी डॉ बीबी करुणामय कहा कि रक्तदान कर किसी की जान बचा सकते हैं।

## इस्कॉन मेडिटेशन सेंटर में आयोजित श्री रामनवमी महा महोत्सव में झूमे श्रद्धालु

# धर्म की अवज्ञा कभी नहीं करनी चाहिए: श्री दामोदर गोविंद प्रभुजी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** इस्कॉन की ओर से पहली बार जगजीवन नगर के इस्कॉन मेडिटेशन सेंटर में बुधवार को श्री रामनवमी महा-महोत्सव का भव्य आयोजन धूम धाम से किया गया। जिसमें धनबाद कोयलांचल से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कीर्तन के बाद श्रीश्री सीता-राम व लक्ष्मण के श्री विग्रहों का अत्यंत भव्य पंचामृत अभिषेक दूध, दही, मधु, घृत, पुष्प-सार, फलों के रस, गंगाजल, पंचगव्य, विभिन्न प्रकार के पुष्प एवं शर्करा से किया गया। इसके बाद श्रीश्री सीता राम लक्ष्मण का सुंदर श्रृंगार हुआ। सभी धनबादवासी राम लला के आविर्भाव मनाने को लेकर कई प्रकार के व्यंजन पकाकर लाए थे। जिसे श्रीश्री सीता राम लक्ष्मण को छप्पन भोग के साथ लगाया गया।



वहीं, इस्कॉन धनबाद के उपाध्यक्ष श्री दामोदर गोविंद प्रभुजी ने रामनवमी पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र के अवतरण के विभिन्न कारणों का वर्णन किया। रावण वध, कुंभकरण वध, अहेलिया उद्धार, साधुओं और देवताओं की रक्षा आदि कारण है, किंतु आने वाले युगों में मृत्यु लोक के वासी अर्थात मनुष्यों के लिए हर पद, स्थान, काल और स्थिति पर एक आदर्श स्थापित करना श्रीमद भागवत के अनुसार श्री रामचंद्र के अवतरण का सबसे मुख्य कारण बताया जाता है। एक आदर्श पुत्र, आदर्श शिष्य, आदर्श भ्राता, आदर्श पति, योद्धा, आदर्श वनवासी, आदर्श राजा, आदर्श, मित्र-शत्रु, स्वामी, पिता आदि हर परिस्थिति में धर्म का पालन करते हुए किस प्रकार अपना जीवन व्यापन करता है, यह हमें रामायण से सीखने की आवश्यकता है। धर्म की अवज्ञा कभी नहीं करनी चाहिए और अपने जीवन के हर निर्णय में भगवान की भक्ति अर्थात भगवान के नाम, रूप, लीला का नियमित रूप से प्रतिदिन श्रवण, कीर्तन, स्मरण आदि को प्राथमिकता देनी चाहिए।

वहीं, श्रील प्रभुपाद ने श्री चैतन्य महाप्रभु के संकीर्तन क्रांति की फौज में सेनापति भक्त की भूमिका निभाते हुए हजारों इस्कॉन केंद्रों की स्थापना की है जिसके द्वारा कोई भी भगवान राम के दिव्य नाम, भक्त, कथा, प्रसाद के माध्यम से अपार प्रेम और अपार कृपा का लाभ उठा सकता है। इसके बाद भक्तों ने श्री श्री सीता राम लक्ष्मण हनुमान के श्री चरणों में सहस्र पुष्प अर्पित किए। चंद्रोदय होने के पश्चात सभी भक्तों ने महा-आरती में भाग लिया तथा मधुर कीर्तन में झूमे।

### मासस आंदोलन की जननी : आनंद महतो



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मार्क्सवादी समन्वय समिति (मासस) की बैठक धोबनी, हरि मंदिर प्रांगण में मुखिया चक्रधर महतो की अध्यक्षता में हुई , जिसका संचालन सुखलाल महतो ने किया। इसमें मासस के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक आनंद महतो भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि देश में मोदी जी की गारेंटी चल रहा हैं, लेकिन साल 2014 के लोकसभा चुनाव में मोदी के वादों की गारेंटी कब से लागू होगी। अमीर और अमीर व गरीब आज भी गरीबी रेखा से निचे गुजर बसर करने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि मासस आंदोलन का जननी हैं। त्याग, बलिदान, संघर्ष ही इसकी पहचान हैं । कोयलांचल में बीसीसीएल के पास जमीन संबंधी लेखा जोखा नहीं हैं। रयैतो की जमीन जबरन काटा जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि अब युवा पीढ़ी को आगे आने की जरुरत हैं और झूठी सरकार के खिलाफ अपनी आवाज को बुलंद करने का समय हैं। मौके पर मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो, लाल सेना के केंद्रीय सचिव चेतु महतो, नरेश पासवान,निरंजन महतो, देवीलाल महतो, सुभाष महतो, पी.एन. सिंह,जगदीश महतो, अरविंद तिवारी आदि थे।

## न्यूज रील्स

### गर्मी को देखते हुए तीन दिन की स्कूल छुट्टी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार ने भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए स्कूलों में तीन दिन की छुट्टी घोषित की है। कल यानी 18 से 20 तारीख तक अवकाश घोषित किया गया है। राज्य के सभी सरकारी, निजी और सहायता प्राप्त स्कूल 3 दिनों के लिए बंद रहेंगे। भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गयी है।

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, भुवनेश्वर को नये क्षेत्रीय प्रमुख का नेतृत्व प्राप्त हुआ



**भुवनेश्वर।** उप महाप्रबंधक, श्रीश कुमार शर्मा, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, भुवनेश्वर क्षेत्र को नये क्षेत्रीय प्रमुख का नेतृत्व प्राप्त हुआ। शर्मा ने बैंकिंग कैरियर की शुरूआत वर्ष 1992 में की थी । इससे पहले वह2022-23 धनबाद, बिहार क्षेत्रीय कार्यालय के प्रमुख थे। इसके बाद उन्होंने 2023-24 में पश्चिम बंगाल, आंचलिक कार्यालय कोलकाता में सीआइएके रूप में कार्यभार संभाला। इसके अलावा इन्होंने बिहार, रांची, चंडीगढ़ के विभिन्न स्थानों काभिन्न-भिन्न क्षमताओं वाले क्षेत्र में काम करने का व्यापक अनुभव प्राप्त किया है। अपने 30 वर्षों के बैंकिंग अनुभव में उन्होंने ग्राहकों को सीधे सेवा देते हुये बैंक के प्रति अपना कर्तव्य निभाया ।

# वज्रपात से पांच लोगों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** केंद्रापड़ा जिले में काल बैशाखी बारिश और बिजली गिरने से 5 लोगों की मौत हो गयी। पाटकुरा में 3 लोगों की मौत हो गयी और आली और केंद्रापड़ा सदर इलाके में 2 लोगों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान गरदपुर ब्लॉक, तलकुसुमा पंचायत के बंगारी गांव के आशुतोष जेना, पुंडीलो गांव के पूर्णचंद्र छाटोई और तलकुसुमा पंचायत के बारूणा गांव के शिव प्रसाद साहू के रूप में की गयी है। अन्य 2 मृतक आली थाने के शालिअंच गांव के अनिल बेहेरा और केंद्रापड़ा सदर थाने के ओस्तपुर पंचायत के बिरस्वती गांव की अंबिका मलिक हैं। सूचना मुताबिक बंगारी गांव के अविर जेना का छोटा बेटा आशुतोष कोरूआ अपने घर के सामने खड़े थे तभी बिजली उनके बायीं ओर गिरी। इसी तरह पुंडीलो गांव के पूनचंद्र छाटोई अपने घर की छत पर कपड़ा लाने गये थे तभी बिजली गिरने से वह गिर गये. दोनों को 108 एंबुलेंस से पाटकुरा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहां डॉक्टर ने दोनो को मृत घोषित कर दिया। इसके अनुसार, तलकुसुमा पंचायत के बारूणा गांव के शिव प्रसाद साहू की मुग के खेती पर काम करने के दौरान वज्रपात से मौत हो गयी। पाटकुरा स्वास्थ्य केंद्र में भी डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इसी प्रकार आली थाना क्षेत्र के शालिअंच गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गयी। शालिअंच गांव के विष्णु चरण बेहेरा का बेटा अनिल बेहेरा बिल पर काम कर रहा था, तभी मंगलवार दोपहर उस पर बिजली गिर गयी ओर वह गिर पड़ा। आसपास काम कर रहे स्थानीय लोग उसे तुरंत आली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# एम्स भुवनेश्वर ने उन्नत कृत्रिम मूत्र स्फिंक्टर एयूएस प्रत्यारोपण सेवा शुरू की

### ओड़िशा में अपनी तरह का पहला प्रत्यारोपण

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** अपने भरोसेमंद तृतीयक देखभाल राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान में एक और उपलब्धि जोड़ते हुए, एम्स भुवनेश्वर को कृत्रिम मूत्र स्फिंक्टर्स (एयूएस) की नियुक्ति के लिए एक अत्याधुनिक सेवा के शुभारंभ की घोषणा करने पर गर्व है, जो एक महत्वपूर्ण प्रगति है। मूत्र संबंधी देखभाल, यह नवोन्मेषी सेवा गंभीर मूत्र असंयम से पीड़ित रोगियों के लिए नयी आशा और जीवन की बेहतर गुणवत्ता प्रदान करने के लिए तैयार है। यह आधुनिक सुविधा ओड़िशा में अपनी तरह की पहली सुविधा है। पहले यह इम्प्लांटेशन केवल हमारे देश के मेट्रो शहरों में ही उपलब्ध था। आर्टिफिशियल यूरिनरी स्फिंक्टर (एयूएस) इम्प्लांटेशन प्रक्रिया को मूत्र असंयम के लिए एक स्वर्ण मानक उपचार के रूप में मान्यता प्राप्त है जो पारंपरिक उपचार के तौर-तरीकों पर प्रतिक्रिया नहीं देता है। यह सेवा विशेष रूप से उन रोगियों के लिए तैयार की गयी है, जिन्हें प्रोस्टेट सर्जरी, रीढ़ की हड्डी की चोट या मूत्र नियंत्रण को प्रभावित करने वाली अन्य अंतर्निहित स्थितियों के कारण मूत्र असंयम का अनुभव हुआ है। कार्यकारी निदेशक, प्रो. (डॉ.) आशुतोष विश्वास ने डॉक्टरों की टीम को बधाई दी और कहा, एम्स भुवनेश्वर में यूरोलॉजी विभाग लगातार विश्व स्तरीय देखभाल प्रदान कर रहा है जो प्रौद्योगिकी और नवाचार में सबसे आगे है। यहां आर्टिफिशियल यूरिनरी स्फिंक्टर इम्प्लांटेशन की सेवाएं शुरू होने से, ओड़िशा और पूर्वी भारत के लोगों को इस सेवा तक पहुंच मिलेगी, जिसके लिए उन्हें पहले दूसरे राज्यों के केंद्रों की यात्रा करनी पड़ती थी। एम्स भुवनेश्वर में एयूएस कार्यक्रम का नेतृत्व नवीनतम तकनीकों में प्रशिक्षित और अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करने वाले अत्यधिक कुशल मूत्र रोग विशेषज्ञों और सर्जनों की एक टीम द्वारा किया जायेगा। एम्स भुवनेश्वर में एंड्रोलॉजी देखभाल प्रदान करने में शामिल यूरोलॉजी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ संबित त्रिपाठी ने कहा, एयूएस इम्प्लांटेशन सेवा की शुरूआत व्यापक और उन्नत चिकित्सा उपचार की पेशकश करने की हमारी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करती है। यूरोलॉजी विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. प्रशांत नायक ने कहा, हम अपने रोगियों को सर्वोत्तम संभव परिणाम प्रदान करने और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए समर्पित हैं। हम निदेशक, प्रोफेसर (डॉ) आशुतोष विश्वास के आभारी और आभारी हैं, जिन्होंने ओड़िशा की आबादी के लिए मूत्र संबंधी देखभाल में नवीनतम प्रगति लाने के हमारे प्रयास में हमेशा हमें प्रोत्साहित किया है। एम्स, भुवनेश्वर के चिकित्सा अधीक्षक ने यूरोलॉजी विभाग के डॉक्टरों को बधाई दी और सम्मानित किया।

एम्स भुवनेश्वर ने इस नयी सेवा के तहत की जाने वाली सभी प्रक्रियाओं के लिए सुरक्षा और प्रभावकारिता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के लिए खुद को नवीनतम चिकित्सा प्रौद्योगिकियों से सुसज्जित किया है। अस्पताल रोगियों की पुनर्प्राप्ति प्रक्रिया के दौरान सहायता के लिए नियमित अनुवर्ती क्लीनिक और सहायता समूह संचालित करने की भी योजना बना रहा है। एम्स भुवनेश्वर में आर्टिफिशियल यूरिनरी स्फिंक्टर इम्प्लांटेशन सेवा के बारे में अधिक जानकारी चाहने वाले या अपॉइंटमेंट शेड्यूल करने के इच्छुक मरीज एम्स भुवनेश्वर के यूरोलॉजी विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

# राम लला के 'सूर्य तिलक' के पीछे उड़िया वैज्ञानिक

- डॉ एस के पाणिग्रही पूरे राज्य के लिए गौरव हैं

आजाद सिपाही संवाददाता





**भुवनेश्वर।** आज दुनिया भर के लोगों ने भगवान श्री राम लला के दिव्य 'सूर्य तिलक' को देखा है। आज रामनवमी के शुभ अवसर पर राम लला के सिर पर सूर्य की किरणें पड़ीं। मानों सूर्य देव ने स्वयं आकर अपनी किरणों से भगवान का तिलक किया हो। यह अभिनव सूर्य तिलक वैज्ञानिक तरीके से किया गया है। इस अनूठी तकनीक के पीछे का दिमाग उड़िया वैज्ञानिक सरोज कुमारी पाणिग्राही का है। उनके नेतृत्व में केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई) की एक टीम राम मंदिर में एक अनूठी 'सूर्य तिलक' परियोजना लेकर आई है। यह अनोखा प्रोजेक्ट सूरज की रोशनी, दर्पण और लेंस की मदद से काम करेगा। लेकिन इसमें बिजली, बैटरी, लोहा और स्टील का उपयोग नहीं किया गया है। सरोज कुमार पाणिग्राही गजपति जिले के पारलाखेमुंडी के गौरांग पाणिग्राही और हेमलता पाणिग्राही के पुत्र हैं। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा अपने गांव के स्कूल से पूरी की। उन्होंने बुर्ला इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक और क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कॉलेज (आरईसी) राउरकेला से एमटेक किया। सरोज ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की से पीएचडी की है और सीबीआरआई में एक वैज्ञानिक के रूप में काम करते हैं।

## मोदी बोले-पर्दे के पीछे कांग्रेस-लेफ्ट की विचारधारा एक

# हमने लूट इस्ट की नीति को खत्म किया, अब एक्ट इस्ट की नीति

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार (17 अप्रैल) को असम और त्रिपुरा दौरा किया। सुबह असम में जनसभा को संबोधित करने के बाद पीएम मोदी दोपहर में त्रिपुरा की राजधानी अगरतला पहुंचे। पीएम मोदी ने स्वामी विवेकानंद मैदान में जनसभा में कहा, "जब त्रिपुरा में उढट और कांग्रेस थीं, तब भ्रष्टाचार फल-फूल रहा था।

वामपंथी पार्टियों ने राज्य को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया। कांग्रेस सरकार ने पूर्वोत्तर के विकास पर ध्यान नहीं दिया। उनकी नीति पूर्व को लूटो की थी।" 10 साल पहले मैंने कांग्रेस और वामपंथियों की लूट ईस्ट नीति को खत्म किया था। अब हम एक्ट ईस्ट नीति पर काम कर रहे हैं। सतही तौर पर वामपंथी और कांग्रेस एक-दूसरे के विरोधी लग सकते हैं, लेकिन पर्दे के पीछे उनकी विचारधारा एक ही है।

### पीएम ने कहा- पूर्वोत्तर में रहना हमारा सौभाग्य

पीएम मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर में रहना हमारा सौभाग्य है, जहां सूर्य की किरणें सबसे पहले पृथ्वी को छूती हैं। ये भारत के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक हैं। विकसित त्रिपुरा, विकसित भारत की प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है। वहीं, असम के नलबाड़ी में पीएम ने कहा था कि कांग्रेस ने सियासी फायदे के लिए असम को अपने पंजे में जकड़ रखा था। ताकि उनके लिए लूट और भ्रष्टाचार के रास्ते खुले रहें।

# टाटा स्टील मेरामंडली ने राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** नरेंद्रपुर टाटा स्टील मेरामंडली (टीएसएम) ने 14 से 20 अप्रैल 2024 तक विभिन्न कार्यक्रमों और प्रदर्शनों के साथ अग्निशमन सेवा सप्ताह मना रहा है। इस अवसर पर सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में टीएसएम के आयरन मेकिंग के प्रमुख अमित सिंह के नेतृत्व में टीएसएम के मुख्य सुरक्षा अधिकारी विलास एन गायकवाड़ और टीएसएम के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। समारोह के दौरान, अतिथियों ने अग्निशमन सेवा झंडा फहराया और कर्तव्य के दौरान अपनी जान गंवाने वाले बहादुर दमकल कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गयी। अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता और निरापता को मजबूत करने के लिए टीएसएम द्वारा एक सप्ताह तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया है। इसमें विशेषज्ञ फायरमैन द्वारा अग्नि सुरक्षा का लाइव प्रदर्शन, संयंत्र में आग और बचाव उपकरणों का प्रदर्शन और संयंत्र कर्मचारियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के साथ कर्मचारियों के लिए जागरूकता सत्र आयोजित किये जा रहे हैं । इसके अलावा, कर्मचारियों में अग्नि सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की योजना बनाई गयी है। विशेष रूप से, पिछले एक वर्ष में, प्लांट के आस पास छह स्कूलों के छात्रों को सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया है।

# बीजेडी प्रत्याशियों की सूची जारी

## मुख्यमंत्री नवीन पटनायक कंटाबांजी से लड़ेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** के आम चुनावों के लिए एक बड़ी घोषणा की गयी है जबकि बिजेडी विधानसभा उम्मीदवारों की शेष सूची की घोषणा की गयी है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक बलांगीर के कंटाबांजी से चुनाव लड़ेंगे। इसकी घोषणा खुद मुख्यमंत्री और बीजेडी सुप्रीमो नवीन पटनायक ने की। संबलपुर और रेढाखोल के उम्मीदवार बदल गये हैं। प्रसन्न आचार्य को रेढाखोल से जबकि रोहित पुजारी को संबलपुर से उम्मीदवार बनाया गया है। जानिए पार्टी ने किसे और कहां किया उमीदवार कंटाबांजी से नवीन पटनायक, रेढ़ाखोल से प्रसन्न आचार्य, संबलपुर से रोहित पुजारी, चित्रकोंडा से लक्ष्मीप्रिया नायक, पद्मपुर से वर्षा सिंह बरिहा, कुचिंडा से राजेंद्र कुमार छत्रिय, सानखेमुंडी से सुलक्षणा कुमारी देवी, जयपुर से इंदिरा नंद, देवगड से अरुंधति कुमारी देवी, अंगुल से संयूक्ता सिंह और निमापडा से दिलिप कुमार नायक है।

## ओड़िशा में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए अधिसूचना आज

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा में विधानसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना आज जारी होगी। नामांकन पत्र इस महीने की 25 तारीख तक जमा किये जा सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच के लिए 26 अप्रैल और नामांकन पत्रों की वापसी के लिए 27 अप्रैल की तारीख तय की गयी है। इस चरण के लिए 13 तारीख को मतदान होगा। इस चरण में 4 लोकसभा सीटों समेत 28 विधानसभा सीटों पर चुनाव होंगे। लोकसभा सीटें कलाहांडी (11), नबरंगपुर (12), ब्रह्मपुर (20) और कोरापुट (21) हैं। वे सीटें हैं, 71-नुआपड़ा, 72-खरियार, 73-उमरकोट, 74-झरीगांव, 75-नबरंगपुर, 76-डाबुगांव, 77-लांजीगड , 78-जूनागड, 79-धर्मगड, 80-भवानीपटना, 81- नर्ला, 127- छत्रपुर, 132-गोपालपुर, 133-ब्रह्मपुर, 134-दिगपहंडी, 135-चिकिट्टी, 136-मोहना, 137-पारलाखेमुंडी, 138-गुगुपुर, 139-बिसम कटक, 140-रायगडा, 141-लक्ष्मीपुर, 142-कोटपाड़, 143-जयपुर , 144-कोरापुट, 145- पटांगी, 146-मालकानगिरी और 147-चित्रकोंडा।

आवश्यकता
रोजगार विज्ञापन: चुनाव प्रचार हेतु 4000 से 5000 संख्या में प्रचारक की आवश्यकता है। समाज सेवा करने के साथ-साथ रोजगार का अवसर भी है
संपर्क करें -
मनोज कुमार: 82981 57476, वरुण कुमार :8709161626
मोहशीन अंसारी:6203 921 912,
Shop No.: 7&8, 1st Floor Srishti Complex, Near Firayalal Chowk, Ranchi, Jh.

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीणा वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

ALPHA INSTITUTE OF COMPUTER EDUCATION
Franchise Benefit
FREE FRANCHISE
All Computer Courses
Vocational Courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate
Yearly Career Guidance
Seminar in your City
Certified with
For More Details Visit Now Just Call Us : 9835502908
Email - alphaeducational.center@gmail.com | www.alphaec08.com
Registered office : 262, Delta Bhawan, Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar Ranchi - Mob. 9835502908
Cooperate office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi Mob.: 9631103045
Cooperate office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar - Mob.: 7488289546

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

!! श्री गणेशाय नमः !!
झारखण्ड में अब तक का सबसे बड़ा मेला
अंडर वाटर फिश टनल
सह
डिजनी लैण्ड मेला
Date : 08.04.2024 से
Time : 4 -10 PM
Venue : Shahid Maidan, Dhurva, Ranchi
विशेषताएं
• परिवार के सभी सदस्यों के खरीददारी के लिए देश के हर कोने से 125 स्टॉल
• छोटे बड़े सभी के लिए झूले का प्रबंध
• अंडरवाटर फिश टनल में देशी विदेशी मछलियां
• रांची के लिए अजूबा टनल के अंदर सेल्फी प्वाइंट
Book Now .: 7004494715
Organiser : Krishna Kumar Shaw

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी